भाद्रपद कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

शनिवार, 24 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 150, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com



मेघालय में सरकार से ज्यादा शक्तिशाली हैं दरबार 16

बार्डर 2 में सनी देओल के साथ नजर आएंगे वरुण 15

## कुछ यूं मिले मोदी-जेलेंस्की...



**कीव :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युद्धग्रस्त देश यूक्रेन पहुंचने के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की को गले से लगा लिया। ● एजेंसी

# यूक्रेन-रूस साथ बैठकर युद्ध से बाहर निकलने के तलाशें रास्ते

### पीएम मोदी ने जेलेंस्की को शांति के हर प्रयास में भूमिका निभाने का दिलाया भरोसा

- युद्धग्रस्त यूक्रेन का ऐतिहासिक दौरा राष्ट्रपति जेलेंस्की को लगाया गले

कीव, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ व्यापक वार्ता की और यूक्रेन-रूस के बीच जारी संघर्ष का समाधान निकालने के लिए एक-दूसरे से बातचीत की जरूरत पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांति के हर प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने चर्चा के दौरान एक ऐसा अभिनव समाधान विकसित करने के लिए सभी हितधारकों के बीच व्यावहारिक बातचीत की आवश्यकता जताई, जो व्यापक स्वीकार्यता बनाने में मदद करे और क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता में योगदान दे सके। जेलेंस्की से वार्ता के बाद मोदी ने कहा, 'दोनों पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और उन्हें इस संकट से बाहर आने के रास्ते तलाशने होंगे। आज मैं यूक्रेन की धरती पर आपके साथ शांति और आगे बढ़ने के मार्ग पर विशेष रूप से चर्चा करना चाहता हूं।' प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की को भरोसा दिलाते हुए कहा, 'भारत शांति के हर प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अगर मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें योगदान दे सकता हूं तो मैं ऐसा जरूर करना चाहूंगा। एक मित्र के रूप में मैं आपको इसका विश्वास दिलाता हूं।' यूक्रेन के 1991 में स्वतंत्र होने के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में आक्रामक सैन्य अभियान चला रखा है। युद्ध की शुरुआत में भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी में मदद के लिए मोदी ने जेलेंस्की का आभार जताया।

#### मोदी बोले-पुतिन से कहा था यह युद्ध का समय नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की की मौजूदगी में अपनी रूस यात्रा और उस दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हुई वार्ता का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने पुतिन से स्पष्ट शब्दों में कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। किसी भी समस्या का समाधान कभी भी रणभूमि में नहीं होता है। समाधान केवल बातचीत, संवाद और कूटनीति के जरिए होता है और हमें समय बर्बाद किए बिना उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।' मोदी ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि भारत का प्रधानमंत्री आज पहली बार यूक्रेन की धरती पर आया है।

#### प्रधानमंत्री मोदी ने हर नेता को लगाया गलेः जयशंकर

**कीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जेलेंस्की और रूस के व्लादिमीर पुतिन को गले लगाने को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह भारत की संस्कृति है। प्रधानमंत्री ने हमेशा हर स्थान पर हर नेता को गले लगाया है। दरअसल, पिछली बार रूस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाया था। इसकी आलोचना भी हुई थी। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेलेंस्की को गले लगाया।

#### भारत-यूक्रेन के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर

**कीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की एक दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कृषि एवं खाद्य उद्योग, औषधि एवं स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग के चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की मुलाकात के बाद दोनों पक्षों की ओर से सहयोग के इन चार करार पर हस्ताक्षर किए गए।

***मोदी ने जेलेंस्की को दिया भारत आने का न्यौता :*** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसे जेलेंस्की ने स्वीकार किया। जेलेंस्की ने कहा कि मेरी भारत की यात्रा करने की योजना है। मुझे लगता है कि दोबारा एक साथ मिलना अच्छा रहेगा और अगर हमारी मुलाकात भारत में होगी तो मुझे खुशी होगी।

## 21 फीसदी ने छोड़ी परीक्षा, 61 नकलची गिरफ्तार

**सिपाही भर्ती परीक्षा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के मुताबिक प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बाद भी शुक्रवार को पहले दिन लगभग 21 प्रतिशत उम्मीदवारों ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा छोड़ दी। राज्य भर में 61 नकलची और अनुचित साधनों का उपयोग करने वाले उम्मीदवारों को गिरफ्तार किया गया।

प्रदेश के 67 जिलों के 1174 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई, जिसमें परीक्षा आयोजित होने के छह महीने बाद बायोमेट्रिक सत्यापन शामिल था, जिसमें फिंगर प्रिंट और चेहरे की पहचान शामिल थी। फिर फरवरी में प्रश्न पत्र लीक होने के बाद रद कर दिया गया था। उधर, परीक्षा के दौरान डीजीपी खुद ग्राउंड जीरो पर उतरे और दो केंद्रों का निरीक्षण किया। एडीजी रेलवे प्रकाश डी अभ्यर्थियों की व्यवस्थाओं को परखते रहे। सिपाही भर्ती के 60,244 पदों के लिए लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए 48,17,441 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को पहले दिन परीक्षा की दोनों पालियों में 79.11 प्रतिशत उम्मीदवार उपस्थित हुए।

- ग्राउंड जीरो पर उतरे डीजीपी एडीजी रेलवे ने परखी व्यवस्थाएं



एक केंद्र का जायजा लेने पहुंचे डीजीपी।

#### इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ एक को पकड़ा

**रायबरेली।** आचार्य द्विवेदी इंटर कालेज में उस समय खलबली मच गई, जब एक अभ्यर्थी को इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ पकड़ा गया। सीओ सिटी ने बताया कि कोतवाली में आरोपित अभ्यर्थी उपेंद्र सिंह निवासी पूरे ताला, जनपद औरेया के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## अयोग्य पायलटों के साथ भरी उड़ान, एयर इंडिया पर 90 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने अयोग्य चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान संचालित करने के लिए एयर इंडिया पर 90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, नियामक ने इस चूक के लिए एयर इंडिया के परिचालन निदेशक तथा प्रशिक्षण निदेशक पर क्रमशः छह लाख और तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने संबंधित पायलट को आगाह किया कि भविष्य में ऐसी घटना न हो। इसमें कहा गया कि एयर इंडिया लिमिटेड ने एक नॉन-ट्रेनर लाइन कैप्टन द्वारा संचालित उड़ान का संचालन किया, जिसे एक नॉन-लाइन-रिलीज प्रथम अधिकारी के साथ जोड़ा गया था।

- डीजीसीए ने बड़ी सुरक्षा चूक बताते हुए की कार्रवाई

नियामक ने इसे एक गंभीर शेड्यूलिंग घटना पाया है, जिसके गंभीर सुरक्षा परिणाम हो सकते हैं। एयरलाइन द्वारा 10 जुलाई को प्रस्तुत स्वैच्छिक रिपोर्ट के जरिये घटना के संज्ञान में आने के बाद नियामक ने एयरलाइन के परिचालन की जांच की, जिसमें दस्तावेजों आदि की जांच शामिल थी।

## नेपाल में 105 फीट नीचे नदी में गिरी बस, 27 भारतीयों की मौत



नेपाल के तनहुन जिले के आंबुखरैनी क्षेत्र में मर्सियांगडी नदी में गिरी बस। ● एजेंसी

काठमांडू, एजेंसी

- महाराष्ट्र के 40 से ज्यादा लोग पोखरा से जा रहे थे काठमांडू

मध्य नेपाल में शुक्रवार को एक भारतीय यात्री बस 150 फीट नीचे तेज बहाव वाली मर्सियांगडी नदी में गिर गई। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 यात्री घायल हुए हैं। बस में चालक, सहचालक और कंडक्टर को मिलाकर कुल 43 लोग सवार थे। सभी 40 यात्री महाराष्ट्र जिले के जलगांव के बताए जा रहे हैं।

बस में सवार यात्री 104 भारतीय तीर्थयात्रियों के एक समूह का हिस्सा थे, जो दो दिन पहले हिमालयी देश की 10 दिवसीय यात्रा के लिए तीन बसों में सवार होकर महाराष्ट्र से नेपाल पहुंचे थे। तीर्थयात्री जलगांव जिले के भुसल गांव से आए थे। पोखरा में दो दिन घूमने के बाद तीनों बसें शुक्रवार सुबह काठमांडू के लिए रवाना हुईं। कुरिन्तार के सशस्त्र पुलिस बल प्रमुख माधव प्रसाद ने कहा कि तीनों बस में यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्री परिवार के सदस्य और रिश्तेदार थे। दुर्घटनाग्रस्त बस में सवार 43 यात्रियों के नामों की सूची जारी कर दी गई है।

यूपी सरकार ने घटना का संज्ञान लेते हुए राहत पहुंचाने के लिए महाराजगंज के एसडीएम को नेपाल भेजा है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कहा, "आज पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे पंजीकरण संख्या- यूपी 53 एफडी 7623 नंबर की एक बस नेपाल के तनहुन जिले में मार्सयांगडी नदी में लगभग 150 मीटर नीचे गिर गई। बस में चालक और सहायक समेत महाराष्ट्र के 43 यात्री सवार थे।




### एक नजर

#### भारतीय सेना का छोटा ड्रोन गलती से पाकिस्तानी क्षेत्र में गिरा

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एक छोटा ड्रोन तकनीकी खराबी आने के कारण जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा को पार करके पाकिस्तानी क्षेत्र में चला गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने ड्रोन को कब्जे में ले लिया। भारतीय सेना ने ड्रोन लौटाने के लिए पाकिस्तानी सेना को हॉटलाइन पर एक संदेश दिया है। अधिकारी ने कहा सुबह 9 :25 बजे एक छोटा ड्रोन प्रशिक्षण अभियान पर था और उसमें तकनीकी खराबी आने के कारण उस पर नियंत्रण नहीं रहा, जिससे ड्रोन पाकिस्तान के निकियाल सेक्टर की ओर चला गया।

#### माओवादियों के लिए काम करने वालों के यहां तलाशी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में भाकपा (माओवादी) के लिए काम करने और उससे सहानुभूति रखने वाले लोगों के घरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि जुलाई 2022 में झारखंड के चाईबासा के आनंदपुर क्षेत्र में भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेताओं को भेजे गए अभियोजन योग्य पत्रों के मिलने के सिलसिले में यह तलाशी की गई है।

## केजरीवाल पर चलेगा मुकदमा, सीबीआई को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि उसने आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक पर मुकदमा चलाने की मंजूरी प्राप्त कर ली है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत को यह जानकारी दी गई, जिन्होंने मामले को 27 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। इस मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 27 अगस्त को समाप्त होने वाली है।

## पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत समेत कई मुस्लिम संगठनों ने दी देशव्यापी आंदोलन की धमकी

जमीर सिद्दीकी, नई दिल्ली

- वक्फ संपत्तियों के तहस-नहस करने की साजिश का आरोप बिल वापस लेने की मांग

**अमृत विचारः** वक्फ संशोधन बिल को वापस कराने के लिए ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत उलमा हिंद, जमाअत इस्लामी हिंद, जमाअत अहले हदीस एकजुट हो गए हैं। ये तीनों ही मुस्लिम संगठन ऐसे हैं, जिनका मुस्लिमों पर वर्चस्व है। इन तीनों संगठनों ने सीधे चेतावनी दी है कि सरकार ने इस विधेयक को वापस नहीं लिया तो देशव्यापी आंदोलन चलाने को मजबूर होंगे। इन संगठनों ने एनडीए में शामिल धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक पार्टियों और विपक्ष की सभी पार्टियों से मांग की है कि इस विधेयक को किसी भी कीमत पर संसद में पारित नहीं दें।

चेतावनी दी है कि यदि वक्फ संपत्तियों को नष्ट करने और उनपर कब्जा करने का रास्ता साफ करने वाला ये विधेयक संसद में पेश किया गया तो ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड अन्य अल्संख्यकों और न्यायप्रिय लोगों के साथ इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चलाएगा।

पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड के महासचिव मौलाना मोहम्मद फजलुर रहीम मुजद्दिदी, प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास, जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष एवं बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, जमाअत इस्लामी हिंद और बोर्ड के उपाध्यक्ष सैयद सआदत उल्लाह हुसैनी, मरकजी जमीअत अहले हदीस और बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना असगर अली इमाम मेंहदी सलफी ने नई दिल्ली में संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार इस विधेयक को वापस ले।

## यौन शोषण मामले में दिल्ली कोर्ट में हाजिर हुए बृजभूषण

नई दिल्ली, एजेंसी



- महिला पहलवानों की गवाही जज के सामने होगी
- आरोपी के वकील नहीं होंगे शामिल

यूपी के कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहे बृजभूषण शरण सिंह राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। महिला पहलवानों के उत्पीड़न मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट की ओर से महिला पहलवानों को बयान दर्ज करवाने के दो विकल्प दिए।

विकल्प में कहा गया कि अगर महिला कोर्ट रूम में गवाही देने में सहज हैं तो इसकी इजाजत दी जा सकती है। दूसरा विकल्प यह कि अगर वे सहज नहीं हैं तो फिर उन्हें 'कमजोर गवाह' मानकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। फैसला पहलवानों पर निर्भर करता है। कोर्ट ने महिला पहलवानों की सहमति के बाद कहा कि उनकी गवाही जज के सामने होगी। इसमें बृजभूषण शरण सिंह के वकील भी शामिल नहीं होंगे। यह बयान कोर्ट रूम के साथ वाले कमरे में दर्ज कराया जाएगा। कोर्ट के इस निर्णय पर बृजभूषण शरण सिंह के वकील ने भी पक्ष रखा।

## पिस्टल सटाकर भूमि बैनामा कराने के मामले में अब्बास को जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिस्तौल की नोक पर जमीन का बैनामा कराने के मामले में विधायक अब्बास अंसारी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामले के तथ्यों के मुताबिक वर्ष 2023 में फखर नाम के एक व्यक्ति द्वारा गाजीपुर की कोतवाली में अंसारी पर मामला दर्ज कराया गया कि 2012 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बंदूक की नोक पर एक जमीन का बैनामा कराया और जमीन की कीमत अदा नहीं की।



## शाह ने कांग्रेस-राहुल से पूछे 10 सवाल

### गृहमंत्री ने कश्मीर, आरक्षण और विभाजनकारी सियासत पर घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी



- नेता विपक्ष से अनुच्छेद 370 पर रुख स्पष्ट करने को कहा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन पर प्रमुख विपक्षी पार्टी पर हमला किया। शाह ने उससे यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या वह अनुच्छेद-370 बहाल करने के अब्दुल्ला परिवार के चुनावी वादे का समर्थन करती है।

शाह ने 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट में आरोप लगाया, 'सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है।' शाह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी से 10 प्रश्न पूछे। उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद 35-ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय का समर्थन करती है?

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2019 में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने यह सवाल भी किया कि क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?

**कोलकाता हत्याकांड**

## आरोपी की न्यायिक हिरासत बढ़ी, पालीग्रॉफ टेस्ट की तैयारी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई। गत 9 अगस्त की शाम गिरफ्तार किए गए संजय को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसकी न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई। इस बीच सीबीआई ने रॉय, आरजी कर अस्पताल के बर्खास्त प्रिंसिपल संदीप घोष और पांच अन्य डॉक्टरों पर पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

## दूसरी कंपनियों में कोष को खपाने के मास्टरमाइंड थे अनिल अंबानी: सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी



- बाजार नियामक ने पांच साल के लिए किया प्रतिबंधित, 25 करोड़ जुर्माना भी लगाया

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने आदेश में अनिल अंबानी को कोष को दूसरी कंपनियों में खपाने का मास्टमाइंड बताते हुए कहा है कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) की ऋण मंजूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाई गईं, जिसमें कंपनी की कर्ज नीति से विचलन और अधूरे दस्तावेज भी शामिल हैं।

सेबी ने अनिल अंबानी तथा रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य को कंपनी से धन के हेर-फेर के मामले में शेयर बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने आदेश में कहा है कि आरएचएफएल के निदेशक मंडल ने इस तरह ऋण देने के व्यवहार पर लगाम लगाने और कंपनियों को कर्ज देने की नियमित समीक्षा करने के कड़े निर्देश जारी किए थे, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने उन आदेशों की अनदेखी की। सेबी ने आदेश में कहा कि यह एक अजीबोगरीब मामला है, जहां कंपनी के प्रबंधन ने अपने ही निदेशक मंडल के उस आदेश की अवहेलना की है, जिसने सामान्य जरूरतों के लिए कॉरपोरेट कर्ज देने के बारे में चिंता जताई थी। सेबी ने कहा कि धोखाधड़ी की इस योजना के पीछे का मास्टरमाइंड एडीएजी का चेयरमैन अनिल अंबानी होने की संभावना दिखाई देती है।' सेबी आरएचएफएल के कोष को दूसरी कंपनियों में भेजने के निष्कर्ष तक दो महत्वपूर्ण रिपोर्टों के आधार पर पहुंचा है।

## तीसरी बार देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बने योगी

### सर्वे की रिपोर्ट में केजरीवाल, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और चंद्रबाबू नायडू रहे काफी पीछे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार तीसरी बार देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनकर उभरे हैं। प्रतिष्ठित मीडिया समूह के 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में योगी को सर्वश्रेष्ठ सीएम के तौर पर जनता ने चुना है। मुकाबले में मुख्यमंत्री केजरीवाल, ममता बनर्जी, एम के स्टालिन और चंद्रबाबू नायडू काफी पीछे रहे।

'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में देश के 30 राज्यों की जनता से सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री के बारे में पूछे गए सवालों में योगी आदित्यनाथ को सर्वाधिक मत मिले हैं। जनता से पूछा गया कि वे किसे देश का सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री मानते हैं? इस पर 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी आदित्यनाथ के नाम पर अपनी मुहर लगाई है। इस सर्वे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मात्र 13.8 प्रतिशत लोगों ने लोकप्रिय माना है, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें 9.1 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया। वहीं, चौथे स्थान पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन हैं, जिन्हें 4.7 प्रतिशत मत मिला। पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें 4.6 फीसदी लोगों ने समर्थन दिया।

इस सूची में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी कुछ हद तक समर्थन मिला है।

**'मूड ऑफ द नेशन' के सर्वे में 33% जनता ने योगी को बताया सर्वश्रेष्ठ**



#### लोकप्रियता की वजह कानून-व्यवस्था भी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते साढ़े सात साल में कानून-व्यवस्था से लेकर रोड कनेक्टिविटी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मिशन मोड में कार्य किया। इसके साथ ही राज्य को उद्योग प्रदेश बनाने में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करके नया कीर्तिमान रचा। इसके अलावा दो करोड़ युवाओं को रोजगार और साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देकर भी योगी ने अपनी लोकप्रियता में इजाफा किया है।

## शहर में आज



☞भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर महानगर इकाई की ओर से कार्यशाला भाजपा महानगर कार्यालय बुद्धि विहार में 3 :00 बजे।

☞रोटरी क्लब मुरादाबाद ईस्ट की ओर से दिल्ली रोड स्थित राही होटल में जन्माष्टमी स्पेशल मनोरंजक सभा रात 8 :30 बजे।

☞पुलिस भर्ती परीक्षा महानगर के 26 केंद्रों पर सुबह 10 :00 बजे से।

☞गांधी नगर पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर कार्यक्रम सुबह 9 :00 बजे।

# अगले सात दिनों तक रेल यात्रियों को होगी दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- फुटओवर ब्रिज पर गार्डर रखने को लिया ब्लाक

**अमृत विचार :** ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों को कई दिन परेशानी होगी। मुरादाबाद मंडल के गजरौला-हापुड़ और बिजनौर यार्ड में फुटओवर ब्रिज के गर्डर रखे जाएंगे। जिसको लेकर रेल मुख्यालय ने 23 से 29 अगस्त तक साढ़े तीन घंटे का ब्लॉक मंजूर किया है। ऐसे में कई ट्रेनों की रफ्तार थमेगी। ब्लॉक का असर दिल्ली और पंजाब रूट की ट्रेनों पर पड़ेगा। शुक्रवार को डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस और लखनऊ से आनंद विहार जाने वाली डबल डेकर को टपरी होकर संचालित की गई।

ब्लाक के चलते शुक्रवार को पहले दिन लखनऊ-आनन्द विहार डबल डेकर-12583 व डिब्रूगढ़-नई दिल्ली-20503 राजधानी एक्सप्रेस को टपरी होकर गाजियाबाद के लिए संचालित किया गया। इसके अलावा नई दिल्ली- डिब्रूगढ़ राजधानी, डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध असम, काठगोदाम-दिल्ली संपर्क क्रांति, कोटद्वार-दिल्ली जनशताब्दी और गजरौला नजीबाबाद पैसेंजर का संचालन आधे घंटे प्रभावित होगा। साथ ही चार और ट्रेनों को देरी से चलाया जाएगा। इनमें सहरसा-अमृतसर (12203) को सहरसा से ढाई घंटे, कोटद्वार के लिए जनशताब्दी (12038) को दिल्ली से पांच घंटे, गजरौला पैसेंजर (04334) करे नजीबाबाद से (दो घंटे) व गजरौला पैसेंजर ट्रेन (04393) अलीगढ़ से दो घंटे देरी से चलाई जाएंगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि एफओबी पर गर्डर रखे जाने के चलते सात दिनों के लिए ब्लाक मंजूरी मिली है। जिसके चलते ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं।

### मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से आशियाना कालोनी में तैयार कराया गया है सुविधायुक्त पार्क

# साढ़े चार करोड़ से आंबेडकर पार्क तैयार, लोगों को होगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कांठ रोड स्थित आशियाना कॉलोनी में साढ़े चार करोड़ की लागत से विकसित पार्क में नागरिकों खासकर बुजुर्गों को भी सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। पार्क में स्वच्छ पर्यावरण का प्रबंध है तो वाकिंग ट्रैक भी बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों 27 अगस्त को इसका लोकार्पण प्राधिकरण प्रशासन कराएगा।

महानगर की आशियाना कालोनी में कई वर्ष पहले डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क आम का बाग बनकर रह गया था। इसका जीर्णोद्धार कराकर नया रूप देने की पहल एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने आगे बढ़ाई। साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से पार्क को नया रूप व सुविधायुक्त बना दिया गया है। इस पार्क में 200 आम के पेड़ लगे हुए हैं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि आंबेडकर पार्क पूरी तरह से बनकर तैयार है। 27 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुरादाबाद दौरे के दिन ही लोकार्पण कराया जाएगा।



आशियाना स्थित आंबेडकर पार्क के मुख्य द्वार कासुंदरीकरण किया जा रहा है।



आंबेडकर पार्क के अंदर का नजारा। ● अमृत विचार

### पार्क में मिलेंगी यह सुविधाएं

- पार्क में लगभग 900 मीटर लंबा, 4 .5 मीटर चौड़ा व लगभग 600 मीटर लंबा 3 .0 मीटर चौड़ा पक्का इंटरलॉकिंग वॉकिंग पथ। उसी के समानांतर 1.5 मीटर चौड़ा कच्चा रनिंग पाथ।
- एंट्री पर भव्य द्वार, वाहन पार्किंग की सुविधा, पिज्जा एवं फूड क्योस्क।
- बच्चों के लिए अलग से प्लेइंग एरिया बनाकर आकर्षक झूले लगाए गए हैं।
- 400 वर्ग मीटर में मुक्ताकाशी मंच (ओपन एयर थिएटर) का निर्माण।
- आकर्षक फव्वारे, जलीय संरचनाओं तथा सुंदर फीचर्स के साथ पार्क को सजाया गया।
- योग साधकों के लिए अलग लॉन की व्यवस्था।
- बच्चों के लिए खेल का मैदान विकसित।
- सैलानियों के लिए सेल्फी प्वाइंट।

## एक नजर

### विकास भवन में लोगों नहीं मिल पा रहा पीने का पानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विकास भवन में पिछले सात दिन से हैंडपंप खराब पड़ा हैं। लेकिन, इसकी मरम्मत किसी ने नहीं कराई। विकास भवन में आने वाले किसान, पेंशन लाभार्थियों को पीने का पानी तक मयस्सर तक नहीं हो रहा। विकास भवन परिसर में एक भी पानी की प्याऊ नहीं है। विकास भवन के निकास द्वारा के पास लगा हैंडपंप एक सप्ताह से खराब पड़ा है। ऐसे में प्रोबेशन विभाग में आने वाली निराश्रित महिलाओं और अन्य विभागों से संबंधित कार्य के लिए आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी का संकट बना हुआ है।

### चेहलुम व जन्माष्टमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**अगवानपुर, अमृत विचार :** चेहलुम व जन्माष्टमी को लेकर अगवानपुर पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें हिन्दू समाज और मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान सिविल लाइंस इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना व चौकी प्रभारी मेघराज सिंह ने दोनों समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि चेहलुम और जन्माष्टमी पर किसी भी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। अगर नगर में कोई व्यक्ति विवाद करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। बैठक में ताजियेदारों को हिदायत देते हुए कहा कि ताजिये की ऊंचाई अधिक नहीं होनी चाहिए। इस दौरान फैजी नकवी, जावेद नकवी, बब्बू ठेकेदार, वकील कुरैशी, शाहिद नेता, अंशुल गुप्ता, सोनू वर्मा, रिजवान मिल्की नैय्यर अब्बास नकवी आदि लोग मौजूद रहे।

# 10,000 को मुख्यमंत्री बांटेंगे नियुक्ति पत्र

## एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला में 27 को आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 100 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि लेंगे साक्षात्कार, चयनित अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि के हाथों मिलेगा नियुक्ति पत्र
- जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल परिसर में निरीक्षण कर देखी तैयारी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 अगस्त को मुरादाबाद के रामपुर रोड स्थित आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल परिसर में व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की ओर से आयोजित वृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में आएंगे। वह रोजगार मेले में साक्षात्कार के बाद चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे। इसमें 10,000 से अधिक टेक्निकल व नॉन टेक्निकल पदों के अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव व अन्य अधिकारियों के साथ आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर लगे स्टालों पर सुरक्षा व अग्नि सुरक्षा आदि का पूरा प्रबंध रहे। अतिथियों के बैठने और अन्य व्यवस्था में कोई कमी न रहे। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के लिए निर्धारित स्थल, नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड स्थल सहित पूरे मार्ग का भ्रमण किया। कौशल विकास मिशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल रामपुर रोड परिसर में आयोजित इस एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले में 50 से अधिक कम्पनियां आएंगी। जिनके द्वारा लगभग 10,000 टेक्निकल और नॉन टेक्निकल पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

प्रभारी सहायक निदेशक सेवायोजन सुशील कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी विभाग द्वारा निर्धारित क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं या अपना सम्पूर्ण बायोडाटा दो प्रतियों में (हस्तलिखित अथवा टंकित), समस्त मूल प्रमाण-पत्र (छायाप्रति दो सेट में) व दो रंगीन फोटो सहित रोजगार मेले में बने पंजीयन काउन्टर पर उपस्थिति दर्ज कराते हुए रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लेते जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

### लिंक भेजकर की युवक से 51 हजार की ठगी, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शातिर साइबर ठग ने युवक को मुनाफे का लालच देकर उसके नंबर पर लिंक भेजकर 51 हजार रुपये की ठगी कर डाली। पीड़ित युवक की शिकायत पर मझोला थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार लक्ष्मीनगर निवासी अश्वनी चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पास बीती एक मई 2024 को कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने टेलीग्राम एप और क्रिप्टो ग्लोबल एप पर लिंक भेज कर दो बार में दो किस्तों में 51 हजार रुपये का लेनदेन करवाया। आरोपी ने कहा कि दस मिनट में आपके खाते में 75 हजार 500 रुपये आ जाएंगे। लेकिन वह धनराशि नहीं आई। बाद में पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने कहा कि एक लाख 88 हजार रुपये जमा करो तो उसे जोड़कर पूरी राशि वापस हो जाएगी। आरोपी ने जब बार-बार पैसों की डिमांड की तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। उसने तत्काल नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दी। पीड़ित अश्वनी चौहान ने बताया कि उसके खाते से जिस अकाउंट में पैसे गए थे उसे साइबर क्राइम पोर्टल में शिकायत के बाद होल्ड करा दिया गया।



छात्रा को चश्मा देते बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. देवीदास।

# कस्तूरबा बालिका विद्यालय में 22 छात्राओं को बांटे चश्मे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मूंढापांडे क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम ने बच्चों का नेत्र परीक्षण कराया और उसके बाद जरूरतमंद बच्चों को चश्मे वितरित किए।

नोडल अधिकारी/एसीएमओ डॉ. देवीदास व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद अशरफ ने बच्चों को खान-पान दुरुस्त रखने की सलाह दी। मसालेदार और अधिक वसा वाले खाद्य पदार्थ के सेवन को कम करने को कहा है। नोडल अधिकारी ने बताया कि आवासीय बालिका विद्यालय में तीन दिन पहले नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया था। इसमें नेत्र परीक्षण अधिकारी/टेक्नीशियन भारतीय सिद्धू ने 100 बालिकाओं का नेत्र परीक्षण किया था। जिसमें 22 छात्राओं की आंखों में दिक्कतें पाई गई हैं। इन सभी को शुक्रवार को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि छात्राओं को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया गया है। उन्हें बताया गया है कि किसी भी रोग को छिपाना नहीं है। यदि शरीर में कोई दिक्कत महसूस हो तो विद्यालय में अपने शिक्षक और अभिभावकों से साझा जरूर करें। इस मौके पर जिला समन्वयक सगीर अहमद, ब्लॉक प्रोसेसिंग मैनजर रिजवान, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर प्रमोद कुमार भी थे।




मुरादाबाद स्मार्ट सिटी में प्रदूषण कम करने के लिए ई बाइकें चलाई गईं थीं। जिसके लिए जगह-जगह स्टैंड बनाए गए थे। लेकिन उनकी हालत अब बहुत बुरी हो चुकी है और साइकिलों पर धूल जमी हुई है। साइकिलों को खड़े-खड़े जंग लगने लगी है तो वहीं स्टैंड की हालत भी काफी खस्ता नजर आ रही है। ऐसे में स्मार्ट सिटी का पैसा व्यर्थ होता नजर आ रहा है। ● अमृत विचार

### आज सीएचसी पर लगेंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शनिवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर लगेंगे। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सक भी बुलाए हैं। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था की है।

सीएमओ ने बताया कि पिछले महीने ही शासन से निर्देश मिले हैं कि सीएचसी पर आयुष्मान आरोग्य शिविर महीने के चौथे शनिवार को आयोजित किया जाना है। इन केंद्रों पर मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निर्धारित दिवस पर मासिक भ्रमण के माध्यम से सेवाएं सुनिश्चित की जानी हैं। सीएमओ ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, शल्य चिकित्सा, नेत्र स्वास्थ्य, नाक-कान व गला संबंधी सेवाएं और चर्म रोग, मानसिक स्वास्थ्य, दंत/मुख संबंधी बीमारियों की जांच एवं इलाज होगा।

# कर्मचारियों की आवाज उठाता रहेगा एनआरएमयू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नार्दन रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू) के मंडल मंत्री राजेश चौबे के जन्मदिन पर संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कपूर कंपनी स्थित एनआरएमयू के मंडल कार्यालय में किया गया।

मंडल मंत्री राजेश चौबे ने कहा कि रेल कर्मचारियों की सुरक्षा करने का जिम्मा प्रशासन का है और यदि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो एनआरएमयू इसके लिए सदैव आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी जानते हैं की एआईआरएफ/एनआरएमयू ही ऐसा संगठन है जो प्रमुखता से पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ रहा है। अन्य तमाम मुद्दे जैसे सेफ्टी में रिक्त पड़े पदों को भरना, कर्मचारियों को सेफ्टी से जुड़े उपकरण मुहैया करना जैसे मुद्दे पर समय-समय पर अपने सुझाव प्रशासन के समक्ष रखता रहता है। मंच संचालन करते हुए सहायक मंत्री सुहैल खालिद ने बताया कि किस प्रकार से महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा के द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन मुरादाबाद मंडल में मंडल मंत्री के नेतृत्व में हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप मंडल में पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन का जबरदस्त माहौल तैयार है। एके सिंघल ने बताया कि फुटपलेट और लोको निरीक्षण के दौरान छोटी गलती पर भी लोको पायलट को चार्जशीट दे दी जाती है। इस कारण लोको पायलट अत्यंत दबाव में हैं।

मंडल युवा संयोजक दीपक ने बताया कि ट्रेन लाइटिंग विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी है। एक-दो कर्मचारी द्वारा ही पूरे स्टेशन को अटेंड किया जाता है। पब्लिक शिकायतों के निस्तारण के दबाव में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर भाग दौड़ करके कर्मचारी काम निपटाते हैं जो की उनकी संरक्षा में एक बड़ा खतरा है।

कैरेज एंड वैगन से एके वर्मा ने बताया कि हमारे विभाग में भारी उपकरण और मशीनें का रखरखाव सुनिश्चित होना चाइए। इसके बाद सभी कर्मचारियों ने मंडल मंत्री राजेश चौबे के साथ केक कटिंग सेरेमनी की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके विशिष्ट अतिथि एके शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, शिवराज सिंह, दीपक यादव, विजयंत शर्मा, खेमपाल सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष नफीस खान, राजपाल सिंह, विनेश ठाकुर, राकेश बलोदी, सीताराम, ताज बाबू, अमित यादव, शुभम चौहान, पवन जोशी, शुभम सुंदरियाल, विनय पाल और सलमान समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे।




नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के कार्यालय पर गोष्ठी में विचार रखते मंडल मंत्री राजेश चौबे।

# जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में महिला व पुरुष रोगी भर्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में बच्चों के साथ ही युवा और बुजुर्ग रोगियों को भर्ती किया जा रहा है। बच्चा वार्ड के छह नंबर हॉल में कुछ ऐसा ही है। स्टाफ नर्स ने बताया कि फीवर वार्ड में रोगी अधिक हो जाते हैं इसलिए रोगियों को बच्चा वार्ड में शिफ्ट किया गया है।



बच्चा वार्ड में भर्ती महिला रोगी।

वैसे बच्चा वार्ड में छह बड़े कमरे हैं। इनमें केवल दो व पांच नंबर हॉल में मौजूद कुल 18 बेडों पर 19 बच्चे भर्ती हैं। अव्यवस्था के कारण एक बेड पर दो बच्चे शिफ्ट किए गए हैं। बच्चा वार्ड में प्रवेश करते ही कमरा नंबर एक है, जिसे स्टोर बनाया है। दो नंबर वाले कमरे में नौ बेड हैं, जिन पर अधिकांश बुखार वाले बच्चे भर्ती हैं। तीन नंबर के कमरे को हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) के लिए आरक्षित किया गया है। चार नंबर वाला कमरा नर्सेस ड्यूटी कक्ष में प्रयोग हो रहा है, जबकि कमरा नंबर पांच में बीमार बच्चे भर्ती हैं। छह नंबर वाले कमरे में बुखार वाले बच्चों के साथ ही उम्र-दराज वाले रोगियों को भी भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में बेड खाली नहीं है। पूरा अस्पताल रोगियों से भरा है। शुक्रवार को 240 रोगी अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि बेड 256 हैं। बच्चा वार्ड के एक हॉल में फीवर वाले रोगियों को भर्ती किया जा रहा है।

**परेशानी** रामगंगा उफनाई, गागन का भी जलस्तर बढ़ा, बाढ़ चौकियों को किया सतर्क

# पहाड़ों में हो रही बारिश से बढ़ा नदियों का जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। मुरादाबाद में रामगंगा का जलस्तर कटघर रेलवे पुल और कालागढ़ में पानी बढ़ने से बाढ़ की आशंका बन गई है। वहीं गागन का जलस्तर भी बढ़ा है। शुक्रवार की अलसुबह हुई बारिश से फौरी तौर पर उमस से राहत मिली। लेकिन, धूप निकलते ही गर्मी और उमस से लोग बेहाल हो गए।

उत्तराखंड के पहाड़ों में हो रही बारिश से शुक्रवार को मुरादाबाद में रामगंगा नदी कटघर रेलवे पुल पर जलस्तर 189.36 मीटर पहुंच गया। वहीं गागन नदी का जलस्तर 189.10 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जबकि रामगंगा नदी कालागढ़ डैम पर जलस्तर बढ़ते क्रम में 349.350 मीटर रिकार्ड किया गया। कलेक्ट्रेट में आपदा कार्यालय में स्थापित बाढ़ कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार रामगंगा और गागन नदी का जलस्तर बढ़ते क्रम में है। बैराज से पानी डिस्चार्ज होने से मुरादाबाद में भी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिला आपदा विशेषज्ञ का कहना है कि नदियों के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। संबंधित तहसीलों के उप जिलाधिकारियों को भी इसकी सूचना भेजकर सतर्क कर दिया गया है। बाढ़ चौकियों पर भी सक्रियता बढ़ गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 88 प्रतिशत रही। शनिवार को तापमान बढ़ने का अनुमान है।



नाव से रामगंगा नदी के पार जाते लोग। ● अमृत विचार

### बारिश से कई जगह भरा पानी, कीचड़ पसरा

बारिश से कई मोहल्ले में पानी भर गया। आशियाना, हरथला में कई जगह नाले का पानी सड़क पर बहने लगा। पानी कम होने पर कीचड़ सड़कों पर पसर गया। जिसके बीच से स्कूली वाहन व अन्य लोगों को आना जाना पड़ा। इससे संक्रामक बीमारियों की आशंका भी सताने लगी है।



गन्ना भवन में बैठक करते उप गन्ना आयुक्त। ● अमृत विचार

### 30 सितम्बर तक बनेंगे गन्ना समिति के सदस्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गन्ना भवन में जिला गन्ना अधिकारियों, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों, सचिव सहकारी गन्ना विकास समितियों व चीनी मिल प्रबंधन की बैठक हुई। उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने मंडलीय समीक्षा में शरदकालीन गन्ना बुवाई, माइक्रो प्लान और आदर्श कैलेन्डरिंग व्यवस्था के लिए सुझाव मांगा।

बैठक में गन्ना सर्वेक्षण, सर्वे अपलोड, नए सदस्य बनाने, गन्ना विकास परिषद वार 63 कॉलम सट्टा प्रदर्शन की प्रगति की भी समीक्षा हुई। उपायुक्त गन्ना ने कहा कि शरदकालीन गन्ने की बुवाई में 0238 के स्थान पर अन्य स्वीकृत कीट/रोग रोधी गन्ना किस्मों की बुवाई करें। बताया कि 30 सितंबर तक गन्ना समिति के सदस्य बन सकेंगे। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी राम किशन, जिला गन्ना अधिकारी संभल राजेश्वर यादव, जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पीएन सिंह आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी, छिटपुट बारिश हो सकती है।

| 33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:48 | सूर्यास्त 06:47 |

**श्री बाली जी एण्ड पार्टी**

हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।



भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में पहले दिन 26 केंद्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

## पहली पाली में 11712 में से 8761 रहे उपस्थित, 2951 ने छोड़ी परीक्षा, दूसरी पाली में 8973 ने परीक्षा दी, 2739 रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा शुक्रवार को पहले दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में कराई गई। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाकर फूलप्रूफ व्यवस्था की गई। डीआईजी मुनिराज जी, जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने केंद्रों का निरीक्षण कर शुचिता बनाए रखने का निर्देश दिया। पहली पाली में पंजीकृत 11712 अभ्यर्थियों में से 8761 उपस्थित रहे, जबकि 2951 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में 8973 ने परीक्षा दी और 2739 अनुपस्थित रहे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 26 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा की पहली पाली शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शुरू हुई। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंच कर व्यवस्था की निगरानी की। जिलाधिकारी अनुज सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने महानगर के कई परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर इंतजाम देखे और परीक्षा की शुचिता बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा कराने का निर्देश केंद्र व्यवस्थापकों और स्थानीय अधिकारियों को दिए। प्रशासन की ओर से नोडल अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव आदि प्रशासनिक अधिकारियों ने केंद्रों का भ्रमण कर नकल विहीन, शांतिपूर्ण परीक्षा कराने में जुटे रहे।

अपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से 26 केंद्रों पर हुई है। पहले दिन दोनों पालियों में 11712-11712 अभ्यर्थी पंजीकृत रहे।

जिसमें से पहली पाली में 8761 ने परीक्षा दी जबकि 2951 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में 8973 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 2739 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि शनिवार को भी दूसरे दिन इन केंद्रों पर परीक्षा होगी।



पहली पाली की परीक्षा छूटने के बाद शुक्रवार दोपहर रेलवे स्टेशन के सामने जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर बाहर आते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

● **डीआईजी मुनिराज जी, जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व अन्य अधिकारियों ने किया केंद्रों का निरीक्षण**



केंद्र से परीक्षा देने के बाद बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### केंद्र से 500 मीटर दूर रखे गए मोबाइल

परीक्षा के दौरान ड्यूटी पर लगे अध्यापक/ अध्यापिकाओं के मोबाइल समेत अन्य इलेक्ट्रोनिक डिवाइस सेंटर से 500 मीटर की दूरी पर रखे गया। सुरक्षाकर्मियों को भी मोबाइल लेकर अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। अभ्यर्थियों के परिजनों को भी सेंटर से दूर बैठने की व्यवस्था की थी। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने को लेकर आला अधिकारी दिनभर मॉनीटरिंग करते रहे। डीआईजी मुनिराज जी व एसएसपी भी केंद्रों का बारी-बारी से भ्रमण करते रहे।

### एक नजर

### पेपर में नहीं मिले तीन नए कानून से संबंधित सवाल

मुरादाबाद अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर में एक जुलाई से लागू हुए तीन नए कानून से संबंधित कोई सवाल नहीं आया। बरेली से पेपर देने पहुंचे सुभाष ने बताया है कि नए कानून से संबंधित सवालों को हल करने के लिए उन्होंने पूरी तैयारी की थी। उन्होंने बताया है कि परीक्षा में बैठने के बाद उन्हें पेपर कोई भी ऐसा सवाल नहीं दिखा। हालांकि उन्होंने पेपर बहुत आसान होने की बात कही।

### क्या बोले परीक्षार्थी



इस बार का पेपर बहुत ही आसान रहा। हालांकि गणित के कुछ सवालों को हल करने में जूझना पड़ा। 120 मिनट में उन्होंने करीब 80 फीसदी पेपर हल किया है। उन्होंने भर्ती में गड़बड़ी न होने पर पुलिस में नौकरी लगने की उम्मीद जताई है।
– **सुहेल**, गाजियाबाद



अगर सही ढंग से किसी ने तैयारी है तो उसका सलेक्शन होना तय है। गणित व रीजनिंग के सवाल कठिन रहे। सेंधमारी को लेकर अंकित बोले कि इस बार कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की गई है। लगता नहीं है कि इस बार पेपर लीक होगा।
– **अंकित**, बागपत



फरवरी में हुई परीक्षा में उनका सेंटर जिले में ही था। इस बार सेंटर मुरादाबाद में पड़ा है। उन्होंने भी पेपर सकुशल होने की बात कही। उनका कहना है कि इस बार परीक्षा में कुछ भी अलग नहीं था। बस कुछ सवालों में उन्हें कठिनाई हुई। उन्होंने सामान्य ज्ञान के प्रश्न सबसे आसान बताए। – **उजमा**, अमरोहा



करीब 85 फीसदी पेपर हल हुआ है। उन्होंने पुनर्परीक्षा होने की बजह से पेपर कठिन आने की सोची थी। लेकिन, इससे उल्टा हुआ। उन्होंने बताया है कि यह उसकी अंतिम परीक्षा है। इसके बाद वह 28 साल से ज्यादा उम्र की हो जाएंगी।
– **सदाफिकरार**, नजीबाबाद



रोडवेज बस मेरठ से परीक्षा देने आया हूं। पेपर में सारे सवाल आसान थे। उन्होंने पेपर लीक होने की आशंका जताई है। समय कम रहते वह सारे सवाल हल नहीं कर सके। उनका कहना है कि इस बार का पेपर उम्मीद से ज्यादा आसान आया है।
– **हर्ष**, मेरठ



परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के दौरान दस्तावेजों की केवाईसी में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। परीक्षा के दौरान वह नर्वस थी। रीजनिंग के सारे सवालों को हल किया है। वहीं गणित के सवालों को कठिन बताया है। उम्र की बजह से यह उनकी अंतिम परीक्षा है।
– **कल्यानी**, अमरोहा

# सरल प्रश्नपत्र से आसानी, अभ्यर्थियों के खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पहली बार राष्ट्रीय कृषि नीति कब घोषित हुई...कौन सा राज्य अनूठी 'वारली' चित्रकला के लिए जाना जाता है...भारत का पहला हवाई अड्डा कहां है। ऐसे ही तमाम आसान सवालों को हल करने परीक्षा में बैठे हजारों अभ्यर्थियों के चेहरे पर मुस्कान दिखी। पहले दिन सकुशल संपन्न हुई सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों ने पेपर आसान बताया तो किसी ने कठिन होने की बात कही। कई परीक्षार्थी उम्र की वजह से उनकी अंतिम परीक्षा होने से मायूस दिखे। कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के साथ एआई की मदद से दस्तावेजों की केवाईसी कराकर अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ही केंद्र के अंदर जाने की इजाजत दी गई।



राजकीय पॉलिटेक्निक से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

दिनभर उच्चाधिकारी केंद्रों पर भ्रमण करते रहे।

पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा शुक्रवार से शुरू हुई। परीक्षा दो पालियों में पांच दिन तक चलेगी। सुबह दस बजे से 12 बजे तक वहीं दूसरी पाली का समय 3 से पांच बजे रखा गया है। पहले दिन परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों की लंबी कतार लगी रही। दूर-दराज से अभ्यर्थी परीक्षा देने महानगर पहुंचे। पर्यवेक्षक की निगरानी में बारी-बारी से एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से दस्तावेजों की केवाईसी कराकर अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। इस बार जिले 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा की निगरानी के लिए दो नोडल अधिकारी समेत चार क्षेत्राधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वायड बनी है। आसान सवाल हल करने के बाद केंद्र से बाहर निकले अभ्यर्थियों के चेहरे पर मुस्कान दिखी। कई परीक्षार्थियों ने उम्र की वजह से अंतिम परीक्षा होने की बात कही। इसके बाद उनकी उम्र भर्ती परीक्षा के मानक से अधिक हो जाएगी। इसलिए वह मायूस दिखे। परीक्षार्थियों ने बताया कि फरवरी में हुई परीक्षा से इस बार पेपर आसान था। जबकि कई ने पेपर कठिन होने की बात कही। नोडल अधिकारी एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि पहले दिन परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई।

### उम्मीद

● **कई परीक्षार्थी आयु के चलते अंतिम प्रयास में मायूस दिखे**

● **केवाईसी कराकर अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया**

| केंद्रों के नाम | उपस्थित प्रथम पाली | अनुपस्थित प्रथम पाली | उपस्थित द्वितीय पाली | अनुपस्थित द्वितीय पाली |
|---|---|---|---|---|
| 1-अब्दुल सलाम मुस्लिम इंटर कॉलेज | 357 | 123 | 351 | 129 |
| 2-अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज | 367 | 113 | 378 | 102 |
| 3-अंसार इंटर कॉलेज, प्रिंस रोड | 283 | 101 | 288 | 96 |
| 4-आर्य कन्या इंटर कॉलेज | 364 | 116 | 371 | 109 |
| 5-बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज | 272 | 112 | 295 | 89 |
| 6-चित्रगुप्त इंटर कॉलेज सिविल लाइंस | 358 | 122 | 368 | 112 |
| 7-जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, स्टेशन रोड | 356 | 124 | 390 | 90 |
| 8-राजकीय गर्ल्स पॉलीटेक्निक | 166 | 74 | 177 | 63 |
| 9-एसएसबी इंटर कॉलेज, ईदगाह रोड | 284 | 100 | 301 | 83 |
| 10-हैबिट मुस्लिम इंका, कटघर | 359 | 121 | 364 | 116 |
| 11-हिंदू कॉलेज ब्लॉक-ए | 357 | 123 | 364 | 116 |
| 12-हिंदू कॉलेज ब्लॉक-बी | 367 | 113 | 368 | 112 |
| 13-हिंदू मॉडल इंका, रेलवे स्टेशन | 371 | 109 | 381 | 99 |
| 14-केजीके इंटर कॉलेज रेलवे स्टेशन | 293 | 91 | 290 | 94 |
| 15-केजीके महाविद्यालय | 353 | 127 | 374 | 106 |
| 16-कौशल्या कन्या इंका | 362 | 118 | 367 | 113 |
| 17-किसान इंटर कॉलेज, अगवानपुर | 282 | 102 | 301 | 83 |
| 18-महाराजा अग्रसेन इंका, सिविल लाइंस | 349 | 131 | 357 | 123 |
| 19-मेथोडिस्ट कन्या इंका, पीलीकोठी | 366 | 114 | 368 | 112 |
| 20-पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज | 317 | 115 | 345 | 87 |
| 21-पारकर इंटर कॉलेज | 369 | 111 | 359 | 121 |
| 22-आरएन इंटर कॉलेज | 374 | 106 | 355 | 125 |
| 23-राजकीय इंटर कॉलेज दिल्ली रोड | 362 | 118 | 361 | 119 |
| 24-राजकीय पॉलीटेक्निक कांठ रोड | 351 | 129 | 365 | 115 |
| 25-रामचंद्र शर्मा इंका, चंद्रनगर | 351 | 129 | 370 | 110 |
| 26-एसएस इंटर कॉलेज, स्टेशन रोड | 371 | 109 | 365 | 115 |
| कुल पंजीकृत अभ्यर्थी-- 11712 | 8761 | 2951 | 8973 | 2739 |

## परीक्षा छूटते ही मुख्य मार्गों पर थमे वाहन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा छूटते ही महानगर के मुख्य मार्गों पर वाहनों के पहिए थम गये। ऐसे में लोगों को लंबी दूरी तय करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारु की। वाहनों को गंतव्य के लिए रवाना किया।

शुक्रवार को शुरू पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर शहर की सड़कों पर दिनभर वाहन रेंगते रहे। वहीं मुख्य मार्गों पर वाहनों का चक्का जाम हो गया। ऐसे में दूर-दराज से परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को भी केंद्र तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पहली पाली की परीक्षा संपन्न होने के बाद स्टेशन रोड पर वाहनों की कतार लग गईं। घंटों तक वाहन रेंगते रहे। ऐसे में लोगों को 30 मिनट की दूरी तय करने एक घंटे से भी अधिक का समय लग गया। राहगीर उमस भरी गर्मी में जाम की समस्या से जूझते रहे।

## परीक्षा के बाद स्टेशन व रोडवेज पर पहुंची परीक्षार्थियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा देने के बाद परीक्षार्थियों की भीड़ रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डों पर उमड़ पड़ी। रेलवे स्टेशन पर भीड़ न रहे उसके लिए रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। वहीं रोडवेज ने भी दोनों बस अड्डों अतिरिक्त बसों का संचालन किया। शुक्रवार को जनपद में 26 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा हुई थी। परीक्षा को लेकर रेलवे प्रशासन और परिवहन विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली थी।



परीक्षा के बाद रोडवेज बस से घरों को रवाना होते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### जैमर व सीसीटीवी कैमरे से हुई निगरानी

केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। सेंधमारी रोकने के लिए से एसटीएफ समेत अन्य सुरक्षा कर्मी निगरानी करते रहे। केंद्रों को हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) भी दिए गए थे। जिससे परीक्षा केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का आसानी से पता चल सके।



परीक्षा के कारण सड़क पर जाम की स्थिति रही। ● अमृत विचार

### महानगर में वाहनों का संचालन प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने यातायात प्रबंधन को प्राथमिकता दी। केंद्रों की ओर परीक्षा के समय और छूटते समय अन्य वाहनों की आवाजाही को रोका। महानगर के लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए परेशान होना पड़ा।

**आयोजन** छात्र-छात्राओं ने लोगों की जागरूकता के लिए बनाई पेंटिंग व स्लोगन

# स्कूल में मनाया प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा 11वीं के छात्र अक्षत अग्रवाल व नियति सक्सेना ने प्रभावशाली भाषण द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों को अंतरिक्ष दिवस के उद्देश्य तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत देश के बढ़ते प्रभुत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शुक्रवार को अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में कक्षा आठ व कक्षा नौ के विद्यार्थियों द्वारा बुकमार्क बनाना, कक्षा छह से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग बनाना और स्लोगन लेखन, कक्षा पांच के विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन क्विज में प्रतिभाग करना तथा कक्षा सात के विद्यार्थियों द्वारा शार्ट मूवी जर्नी टू मून का आनंद लेना रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय के कार्यालय प्रमुख दीपक शर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से अवगत कराया गया कि दीपक शर्मा ने वर्ष 2024 में केन्या में आयोजित केन्या स्पेस एक्सपो एवं कांफ्रेंस में और 2023 में अजरबैजान में आयोजित वार्षिक विश्व स्पेस कांफ्रेंस में प्रतिभाग कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रबंधक डॉ. अनिल अग्रवाल ने बताया कि पांच सितंबर 2019 को देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में दीपक शर्मा द्वारा लिखित, प्रथम भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के जीवन तथा अंतरिक्ष यात्रा पर आधारित पुस्तक भारतीय अंतरिक्ष नायक राकेश शर्मा का विमोचन तत्कालीन उपराष्ट्रपति एम वैंकेया नायडू द्वारा किया था। प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल ने अवगत कराया उनके विद्यालय में आयोजित कराई गतिविधियां अंतरिक्ष दिवस पर ही आधारित रहीं। उप प्रधानाचार्या सुप्रिया अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंतरिक्ष दिवस आयोजन का उद्देश्य समस्त विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा अनुसंधान विषय की असीमित संभावनाओं के बारे में अवगत करना एवं प्रोत्साहित करना है। अंतरिक्ष दिवस के आयोजन में समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। इस मौके पर निदेशक सुनील अग्रवाल, शैक्षिक निदेशक अपूर्व अग्रवाल समेत अन्य लोग शामिल रहे।



प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर बनाई पेटिंग व स्लोगन दिखाते छात्र-छात्राएं।

### परीक्षार्थियों की चर्चा में रहा विशेष सवाल

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** पुलिस भर्ती की परीक्षा के बाद अधिकतर अभ्यर्थियों में एक सवाल को लेकर सुगबुगाहट रही। इस बार परीक्षा में कई परीक्षार्थी एक सवाल में जूझते रहे।

अभ्यर्थियों ने बताया कि पेपर में एक सवाल ने सभी हैरान कर दिया। ऐसा ही एक सवाल पिछली परीक्षा में भी आया था। पहले दिन की परीक्षा के दौरान अधिकतर अभ्यर्थी इसी प्रश्न को हल करने में जूझते रहे। यदि आपके पास एक नियमित पंचभुजीय (पेंटागोनल) प्रिज्म है और इसे इसके आधारों के समानांतर काटते हैं, तो अनुप्रस्थ-काट किस आकार का है? इस सवाल को हल करने में प्रत्येक अभ्यर्थी को करीब 10 मिनट का समय लग गया। लेकिन फिर भी सफलता हासिल नहीं हुई। ऐसे में दो अन्य प्रश्नों को हल करने का समय बर्बाद हो गया। आखिर में अभ्यर्थियों को मायूसी ही हाथ लगी। वहीं कुछ परीक्षार्थियों ने उसे आसानी से हल कर दिया।

## एक नजर

### बालक और बालिकाओं ने खो-खो में दिखाया दम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला खो-खो संघ की ओर से दो दिवसीय बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन सेंट पॉल कालेज में किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत उत्तर प्रदेश खो-खो संगठन के सचिव डॉ. मुकुल जटलान, प्रधानाचार्य डॉ. पीडी एमेनुअल ने की। प्रधानाचार्य ने बच्चों का मार्गदर्शन किया व उनके खेल की प्रशंसा की। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बालिका वर्ग अंडर-14 में सीएनएस एकेडमी, सेंट मैरी स्कूल सिविल लाइन, नेशनल पब्लिक स्कूल भोजपुर व ग्रीन मीडोज स्कूल जबकि बालिका वर्ग अंडर-18 सेंट मेरी स्कूल सिविल लाइंस, पीएमएस पब्लिक स्कूल, सेंट फोर्ड पब्लिक स्कूल, ग्रीन मीडोज स्कूल ने बेहतर प्रदर्शन कर सेमीफाइनल में पहुंची। शनिवार इन टीमों के सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले जाएंगे। जबकि बालक वर्ग के सभी मैच शनिवार को ही खेले जाएंगे। इस दौरान अध्यक्ष रोहित कुमार, धीरज कुमार, संस्कार यादव, विनीत यादव, रोहित, अमन सैनी, आध्या अग्रवाल व आयुषी सिंह आदि शामिल रहे।



नटराज पूजन उत्सव में शामिल संस्कार भारती के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## पुष्पार्चन कर मनाया नटराज पूजन उत्सव

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संस्कार भारती महानगर की ओर से शुक्रवार को नटराज पूजन उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। रामगंगा विहार स्थित वृंदावन गार्डन में इस अवसर पर मंत्रोच्चार के मध्य नटराज प्रतिमा पर तिलक एवं पुष्पार्चन किया गया।

प्रांतीय मातृशक्ति संयोजिका डॉ. पूनम बंसल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पुनीत रस्तोगी को साहित्य साधक सम्मान प्रदान किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने कहा कि लोककल्याण एवं लोकमंगल के लिए शिव ने नटराज रूप धारण किया था। सत्यम शिवम सुंदरम की अवधारणा को साकार किया था। यही कलाओं का मूल है और संस्कार भारती इसी उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। कलाएं समाज का संस्कार प्रबोधन करती हैं। कलासाधक मनुष्य को संस्कारशील बनाने का कार्य करते हैं। इससे पहले काव्य गोष्ठी में योगेन्द्र वर्मा व्योम, श्रीकृष्ण शुक्ल, राजीव प्रखर एवं विवेक निर्मल ने भी शिव महिमा का अपनी कविताओं के माध्यम से वर्णन किया। अध्यक्षता श्रीकृष्ण शुक्ल की अतिथि प्रांत मंत्री डॉ. राकेश जैसवाल रहे। संयोजन एवं संचालन डॉ. मनोज रस्तोगी ने किया। आभार विवेक गोयल ने जताया।

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक को पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राजकीय रेल पुलिस ने चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन से एक युवक को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जीआरपी ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

सीओ जीआरपी देवीदयाल ने बताया कि मुरादाबाद जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच जीआरपी की टीमने मोटर साइकिल स्टैंड पर एक युवक कच्ची शराब लेकर जा रहा है। जीआरपी ने आरोपी को कब्जे में लेकर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम शकील निवासी गांव बिलारी थाना शाहबाद जनपद हरदोई बताया। आरोपी के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी स्टेशन पर कच्ची शराब महंगे दामों पर बेचता था। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक सदयवीर सिंह के अलावा हेड कांस्टेबल विवेकपाल, आरपीएफ निरीक्षक सुनील व हेड कांस्टेबल बंशीलाल शामिल रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का कार्य बहिष्कार, पोर्टल पर ऑनलाइन प्रगति जीरो

# हाजिरी नहीं तो रुकेगा सीएचओ का मानदेय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**सख्ती**

● चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारियों को सीएमओ ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) 14 अगस्त से अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम (एएमएस) पर हाजिरी नहीं दे रहे हैं। उन लोगों ने ऑनलाइन पोर्टलों पर भी काम करना बंद कर दिया है। आभा आइडी बनाने में सहयोग से लेकर ई-संजीवनी पोर्टल पर तक ऑनलाइन प्रगति जीरो हो गई है।

सीएचओ के कार्य बहिष्कार से टीबी स्क्रीनिंग की रिपोर्ट और ब्लड सैंपल की रिपोर्टिंग का स्तर शून्य हो गया है। ऐसे में सीएचओ के कार्य बहिष्कार से सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह काफी नाराज हो गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को सभी चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। उन्होंने जिले स्तर पर अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम को लागू होने संबंधी आदेश (31 अक्टूबर 2022) का जिक्र करते हुए कहा है कि सीएचओ की ऑनलाइन हाजिरी हर हाल में हो। सीएमओ ने काफी सख्ती से कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (ईएचआरएमएस) को मानव संपदा पोर्टल से एवं तैनाती स्थल की भौगोलिक स्थिति को शासन ने यूपी के स्वास्थ्य केंद्र पोर्टल के साथ समन्वित कर रखा है। उन्होंने कहा है कि किसी भी सीएचओ द्वारा अपनी उपस्थिति का अंकन अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम (एएमएस) पर नहीं किया जा रहा है, जो अनुशासनहीनता के साथ-साथ उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना का प्रदर्शन है। एएमएस पोर्टल पर हाजिरी क्यों नहीं दी जा रही है, इसके लिए आप (चिकित्सा अधीक्षक) अपने अधीन कार्यरत सीएचओ को चेतावनी पत्र जारी करें। मिशन निदेशक द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराएं और जिन दिवसों में उपस्थिति न दर्ज हो, उन दिनों का मानदेय रोकने की कार्रवाई करें। सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षकों से स्पष्ट कह दिया है कि जिन कर्मियों द्वारा अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध जिला स्वास्थ्य समिति (शासन निकाय) के माध्यम से प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उधर, उप्र एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर्स के पूर्व प्रदेश महामंत्री मुकेश चौधरी का कहना है कि उन लोगों ने 17 अगस्त को ही डीएम, सीएमओ व चिकित्सा अधीक्षकों को अपने आंदोलन के बारे में पत्र देकर सूचित कर चुके हैं।

### 21 अगस्त से ई-संजीवनी पर प्रगति शून्य

सीएचओ सतरूपा, नीतू, विनीत, राजेंद्र, आरिफ, पूजा गौतम, हितेश, निपेंद्र आदि ने बताया कि जिले में कुल 253 कम्युनिटी हेल्थ सेंटर हैं। इसमें प्रत्येक सेंटर पर हर रोज 30-40 रोगियों की ओपीडी होती है। अधिकतम रोज पांच रोगियों में डेंगू, टाइफाइड मलेरिया की जांच होती है। 15-20 रोगियों में शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच होती है। ये सभी जांचें ऑफलाइन हो रही हैं। पूरे प्रदेश में ई-संजीवनी पोर्टल पर गुरुवार जो आंकड़े दर्ज हुए हैं उनकी संख्या मात्र 2,600 रही है, जबकि हर रोज 20-30 हजार रोगियों की ओपीडी होती है। मुरादाबाद में यह आंकड़ा ई-संजीवनी पर 21 अगस्त से जीरो ही है। शुक्रवार को जिले के कम्युनिटी हेल्थ सेंटरों पर करीब 6000 मरीजों की ओपीडी हुई है। जिसे ई-संजीवनी पर दर्ज नहीं किया है। मलेरिया, टाइफाइड व अन्य तरह के रोगियों ब्लड सैंपल की रिपोर्टिंग भी ऑफलाइन है।

# डॉक्टर की निजी संपत्ति व तीनों मदरसे सील

### नर्स दुष्कर्म प्रकरण: मुख्यमंत्री के आगमन से पहले जिला प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

संवाददाता, डिलारी/ ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा में मदरसे की सीलिंग की कार्रवाई के दौरान उपस्थित उप जिलाधिकारी मनी अरोड़ा व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ठाकुरद्वारा दुष्कर्म मामले के मुख्य आरोपी के पिता के संचालित तीन मदरसों समेत निजी संपत्ति को जिला प्रशासन सील कर दिया है। वहीं दो अन्य आरोपियों की निजी संपत्ति सील करने की तैयारी तेज कर दी है। जिले में मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस प्रशासन ने भी तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की फाइल तैयार अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी के पास भेजी है। ऐसे में दो अन्य आरोपियों की निजी संपत्ति जब्त होने की संभावना बढ़ गई है।

एक सप्ताह पहले ठाकुरद्वारा में एबीएम अस्पताल के चिकित्सक शाहनवाज ने नर्स को बंधक बनाकर उसके साथ रातभर दुष्कर्म किया था। इसके बाद पुलिस ने डॉक्टर और उसके दो सहयोगियों को जेल भेज दिया था। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन लगातार दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। वहीं शुक्रवार को डिलारी थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव में स्थित तीन मदरसों समेत निजी संपत्ति की जांच कर उसे जिला प्रशासन और अल्पसंख्यक विभाग की टीम ने सील कर दिया है। कार्रवाई से पहले एसडीएम मनी अरोरा, तहसीलदार गोपाल सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार, सीओ राजेश कुमार ने बारीकि से जांच की। मदरसों के अंदर छात्राओं के कपड़े, बिस्तर व पुस्तकें रखी मिलीं। वहीं अलमारी के अंदर एक बैंक की पासबुक मिली है। जिला प्रशासन की टीम ने जांच के बाद निजी संपत्ति समेत तीनों मदरसों की वीडियोग्राफी कराकर सील कर दिया। तीनों मदरसे मुख्य आरोपी डॉक्टर शाहनवाज के पिता के नाम से संचालित थे। 27 अगस्त को जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने अब घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों नर्स महनाज और वार्ड ब्वॉय जुनैद की भी निजी संपत्ति सील करने की तैयारी तेज कर दी है। वहीं पुलिस प्रशासन ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की फाइल तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी है। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

### घटना के बाद से ही बंद पड़े थे मदरसे

तीनों मदरसे आरोपी चिकित्सक के पिता के नाम से संचालित थे। राजस्व रिकॉर्ड में अलग-अलग जगह दर्ज। जबकि मदरसा एक ही भवन से संचालित हो रहा था। जिला प्रशासन ने अनियमितता के चलते तत्काल प्रभाव से मदरसों को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, तीनों मदरसे घटना के बाद से ही बंद पड़े थे। फिलहाल परिजनों का भी कोई अता पता नहीं है।

## छत के रास्ते घर में घुसे चोर, लाखों के गहने चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक घर में छत के रास्ते से चोर लाखों रुपये के गहने चोरी कर ले गए। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई।

थाना क्षेत्र के चंद्रनगर निवासी विमल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 अगस्त की रात को घर के सब लोग सो रहे थे। छत के रास्ते पर दरवाजा नहीं है। इसी दौरान रात के अंधेरे में चोर छत के रास्ते घर में घुस आए। इसके बाद अलमारी काल लॉक तोड़कर उसमें रखे पत्नी के लाखों के गहने चोरी कर ले गए। सुबह अचानक से उनकी पत्नी की अलमारी पर नजर पड़ी। तो उन्हें अलमारी का सारा सामान बिखरा हुआ दिखाई दिया। इसके बाद पीड़ित ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये। सीसीटीवी कैमरे ने पूरी घटना का राजफाश कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की।

## एंजाइटी और मेंटल ट्रामा से गुजर रही पीड़िता : सीएमएस

**ठाकुरद्वारा प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा में स्थित एबीएम अस्पताल में दुष्कर्म मामले में पीड़ित नर्स को दोपहर बाद जिला अस्पताल में इलाज के बाद उसके सामान्य होने पर घर भेज दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि पीड़िता के ब्लड की जांच और एक्स-रे कराए गए हैं, यह सभी नॉर्मल आए हैं। उन्होंने बताया कि पीड़िता एंजाइटी (चिंता) से गुजर रही है। यह किसी खास चिंता, डर या तनाव के कारण होता है। हालांकि यह धीरे-धीरे सही हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पीड़िता मेंटल ट्रामा से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि जब किसी कष्टदायक घटना के बाद तीव्र भावनात्मक या शारीरिक प्रतिक्रियाएं होती हैं तो उसे मेंटल ट्रामा कहा जाता है। जब शरीर घटना के बारे में अपनी भावनाओं से अलग नहीं होता है तो ऐसी स्थिति आ जाती है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि मनोचिकित्सकों ने पीड़िता की काउंसिलिंग भी की है। दरअसल, डिलारी थाना क्षेत्र के राजपुर केसरिया निवासी डॉ. शाहनवाज ठाकुरद्वारा में किराये के भवन में अस्पताल चला रहा था। इस अस्पताल में डिलारी के एक गांव निवासी युवती 10 माह से नर्स का काम कर रही थी। शनिवार रात करीब साढ़े बारह बजे के दौरान नर्स को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। इसके बाद उसकी तबियत भी बिगड़ गई थी। स्थानीय स्तर पर इलाज से लाभ नहीं होने पर परिवारजन उसे जिला अस्पताल में लेकर आए थे।

## दबंगों ने घर में घुसकर की परिवार के साथ मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में दबंगों ने घर में घुसकर एक परिवार के साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर युवती के साथ छेड़खानी भी की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 18 अगस्त को सौरभ समेत कुछ अराजक लोग उनके घर में घुस आए। इसके बाद परिजनों के साथ मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करने लगे। घर में रखा सामान भी तोड़ दिया। आरोप है सौरभ समेत अन्य दबंग लोगों ने उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद समेत एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नाम है डेंगू वार्ड, भर्ती हैं बुखार के रोगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में बिना मच्छरदानी के भर्ती सामान्य रोगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डेंगू रोगियों के इलाज और उन्हें भर्ती करने के लिए जिला अस्पताल में भवन के द्वितीय तल पर संचारी/फीवर वार्ड कमरा संख्या-5 को डेंगू वार्ड कहा जा रहा है। यही नहीं दरवाजे के ऊपर डेंगू वार्ड अंकित भी है लेकिन, फीवर के रोगी भर्ती हैं। नौ बेड हैं, सभी पर बुखार के रोगी भर्ती मिले। किसी बेड पर मच्छरदानी तक नहीं मिली। कुल मिलाकर जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड जैसी कोई व्यवस्था नहीं मिली। इधर, पिछले दिनों डेंगू के रोगी भी मिल चुके हैं। जाहिर है कि डेंगू का प्रकोप शुरू हो गया और सरकारी अस्पताल में तैयारियां अभी शून्य हैं।

पिछले दिनों में दो रोगियों में डेंगू की पुष्टि भी हुई थी। इसके अलावा मलेरिया के भी चार रोगी पाए जा चुके हैं। लेकिन, डेंगू रोगियों के मामले में जिला अस्पताल की तैयारियां हवा-हवाई ही दिखती हैं। वर्तमान में जिला अस्पताल में सभी बेड फुल बताए जा रहे हैं। ओपीडी में भी हर रोज 12 सौ से लेकर 14 सौ तक रोगी आ रहे हैं। इनमें अधिकांश रोगी बुखार-खांसी, जुकाम वाले ही हैं। शुक्रवार को जब जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड के इंतजाम देख गए तो वहां नौ बेड मिले, सभी बेड पर बुखार के रोगी भर्ती थे। इसमें कई बेड पर एक-एक रोगी के साथ तीन-तीन या चार-चार तीमारदार भीड़ लगाए थे। कई-कई तीमारदार मरीज के साथ बेड पर ही डटे थे। 15 बेड पर मच्छरदानी की व्यवस्था की गई है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता का कहना है कि अभी कोई डेंगू का रोगी आया नहीं है। इसलिए उस वार्ड में साधारण बुखार वाले रोगियों को भर्ती किया गया है। डेंगू वाले रोगियों के न आने से मच्छरदानी को बेड से उतार कर सुरक्षित रखावाया है, जब कोई डेंगू का रोगी आएगा तो मच्छरदानी लगवा देंगे।

## पॉपकार्न मशीन के लिए 3 सितंबर तक करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में 10 पॉपकार्न मेकिंग मशीनों का वितरण किया जाना है। पॉपकार्न मेकिंग मशीन वितरण के लिए भुर्जी समाज के परंपरागत कारीगरों और इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों को चयन के बाद मशीन निशुल्क दी जाएगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि लाभार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसे बोर्ड की वेबसाइट upkvib.gov.in की आनलाइन सेवाओं के अंतर्गत "ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन" के नाम से अपलोड किया गया है। आवेदन करने की तिथि 3 सितंबर 2024 है। मुख्यालय स्तर से मशीनों की आपूर्ति मिलने पर चयनित लाभार्थियों को मशीन निशुल्क दी जाएगी।

**तैयारी** महानगर के सभी मंदिरों में अलग-अलग समय पर होंगे कार्यक्रम

# जन्माष्टमी पर विशेष रूप से सजाए जा रहे मंदिर

कार्यालय संवाददता, मुरादाबाद


बाजार में लड्डू गोपाल की पोशाक पसंद करती महिला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** 26 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। जिसके लिए महानगर के मंदिरों को विशेष रूप से सजाने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा लड्डू गोपाल को झुलाने के लिए विशेष प्रकार के हिंडोले तैयार कराए जा रहे हैं। वहीं बाजारों में बनारस, मथुरा समेत अन्य शहरों से आई पोशाकों की खरीदारी भी खूब हो रही है।

महानगर में जन्माष्टमी की तैयारियां उत्साह से चल रही हैं। दिल्ली रोड स्थित राधा-कृष्ण मंदिर की संरक्षक मधु अग्रवाल एवं अध्यक्ष विनीत अग्रवाल ने बताया इस बार मंदिर को लाल-पीले कपड़े की चादरों के साथ फूलों और बिजली की झालरों से सजाया जाएगा। 26 अगस्त की शाम रुद्राभिषेक और रात आठ बजे से 12 बजे तक विशेष कीर्तन किया जाएगा। 12 बजे कृष्ण जन्मोत्सव होगा। 27 अगस्त को भी मंदिर सुबह से ही श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। वहीं पुलिस लाइन स्थित मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। यहां कृष्ण की ग्वालों के साथ की झांकी आकर्षित करेगी। पुलिस लाइन में झांकियों और कीर्तन की धूम रहेगी। लेकिन रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में इस बार झांकियां नहीं लगेंगी। कोषाध्यक्ष बिल्लू कत्याल ने बताया कि इस बार कार्यक्रम सीमित किये गए हैं। बनबटा गंज स्थित शिव मंदिर पीपल वाले में भगवान को विशेष हिंडोले में झुलाया जाएगा। प्रबंधक अतुल जौहरी ने बताया 26 अगस्त की रात 12 से 12.30 बजे जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर, बाबा झारखंडी का मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर चौराहा गली सहित अन्य मंदिरों को भी सजाकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसके अलावा इस्कॉन 26 अगस्त को दिल्ली रोड स्थित होटल ड्राइव इन-24 में कृष्ण जन्मोत्सव आयोजित करेगा। जिसमें भगवान कृष्ण की झांकियां, रंगोली, विदेशी भक्तों द्वारा रॉक बैंड कीर्तन आकर्षण का केंद्र रहेगा।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404


## एक नजर

### तेंदुए के डर से दहशत में किसान

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने से किसान दहशत में हैं। किसान खेतों में जाने से बच रहे हैं। किसानों ने वन विभाग की टीम से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। गुरुवार शाम बड़ौदा वीरान एवं चेतरामपुर के जंगलों में तेंदुआ दिखाई दिया था। तेंदुए के खौफ से क्षेत्र के लोगों को हादसे का डर सता रहा है। तेंदुआ देखने वाले रामनरेश चौहान ने किसानों को जानकारी दी और सावधान रहने के लिए जागरूक किया। किसानों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है।

### ससुराल पक्ष पर पीटने का आरोप, मामला दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा खालसा निवासी पूनम पत्नी देवेंद्र सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति देवेंद्र सिंह पुत्र श्याम सिंह व सास काफी समय से मारते पीटते हैं और घर से भागने को कहते हैं। कुछ दिन पहले मुझे बिजली का करंट लगाकर मारने का प्रयास भी किया गया था। दो दिन पहले दोनों के साथ जय सिंह पुत्र उमराव सिंह निवासी ग्राम अलीपुर खालसा ने भी गालियां दीं एवं मारा पीटा। जिससे मुझे गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिक दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाइकों की टक्कर में महिला सहित तीन घायल

**कुंदरकी , अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के तहत मुरादाबाद-चंदौसी नेशनल हाईवे स्थित बाईपास पर दो बाइकों की टक्कर में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। शुक्रवार शाम पांच बजे ग्राम चिड़ियाठेर निवासी मुस्तकीम सैफी पत्नी हदीसा के साथ दवा लेने के लिए कुंदरकी को आ रहे थे। जैसे ही वह बाईपास पर ग्राम जैतपुर पट्टी के समीप पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक से नीचे गिर गए। मुस्तकीम सैफी और हदीसा को सीएचसी कुंदरकी लाया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल को रेफर किया गया। वहीं, ग्राम खुशहालपुर निवासी संजू देवी अपने भाई केशव के साथ ग्राम जटनी जा रही थी। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होने के चलते महिला नीचे गिर गई और घायल हो गई। जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी में भर्ती कराया गया।

# भाईचारे से मनाएं जन्माष्टमी व चेहल्लुम

## शांति समिति की बैठक में पुलिस ने लोगों से की अपील, नगर में सफाई का उठा मुद्दा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक में बोलते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर अमन कमेटी की बैठक हुई। इसमें प्रभारी निरीक्षक ने सभी त्योहारों को सौहार्द से मनाने की अपील की। बैठक में नगर में सफाई और पथ प्रकाश व्यवस्था का मुद्दा भी उठा।

शुक्रवार को कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक के दौरान नगरवासियों ने जन्माष्टमी पर नगर पालिका द्वारा मंदिरों के आसपास सफाई व रोशनी कराने की मांग की। अमन कमेटी की बैठक में नगर पालिका के प्रतिनिधि के न पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जताई। प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने दोनों त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने एवं अराजकतत्वों पर निगाह रखने को कहा। उन्होंने भरोसा दिलाया और चेतावनी दी यदि किसी भी व्यक्ति ने त्योहारों के दौरान अराजकता फैलाने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में कमलेश कुमार, पंकज, साजन शर्मा, नावेद, हाजी मुख्तार सैफी, अवनीश शर्मा, शाहनवाज खान, शरीफ भारती, हाजी याकूब, पंकज, रफी, धर्मेंद कुमार पाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### शांति समिति की बैठक में शोभायात्रा निकालने पर चर्चा

**डिलारी, अमृत विचार :** थाने में शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार शेरावत ने क्षेत्र के व्यक्तियों, ग्राम प्रधान एवं ताजिएदारों से चेहल्लुम एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जुलूस एवं शोभायात्रा को निकालने पर चर्चा की। जिसमें थाना प्रभारी ने दोनों समुदायों के लोगों को समझाते हुए आपसी भाईचारा एवं गंगा जमुनी तहजीब कायम रखने की अपील की। जिसमें दोनों समुदायों से नई प्रथा लागू नहीं करने के निर्देश दिए। बैठक में लोगों ने पुलिस को एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने और भाईचारे से त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान समस्त पुलिस स्टाफ एवं नगर पंचायत ढकिया के अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन, ग्राम प्रधान नजीर हुसैन, सरताज हुसैन, ग्राम प्रधान मनोज चौधरी, राजवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, विमल कुमार बिश्नोई, सुरेश यादव, खेमपाल सिंह, डॉ. मोहम्मद अयूब प्रधान प्रधान रईस अहमद, आदि उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर न बदलने पर बिजली घर पर हंगामा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहल्ला अंसारियान के निकट ढाल पर लगा ट्रांसफार्मर दो दिन से खराब था। जिस कारण नगर के चौथाई हिस्से की विद्युत आपूर्ति ठप थी। समस्या का समाधान न होने पर गुरुवार रात लोगों ने बिजली घर पर पहुंचकर हंगामा किया।

हंगामा होने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी अपने कार्यालयों से निकल कर बाहर चले गए थे। इस दौरान परेशान लोगों ने वहां नारेबाजी की। मोहल्ले के लोगों का कहना था कि बिजली न आने से घरों में पानी भी खत्म हो गया है और इनवर्टर भी डाउन हो गए हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी ट्रांसफार्मर बदलवाने में लापवाही कर रहे हैं। लोगों का आरोप था कि सुविधा शुल्क के अभाव में कर्मचारी ट्रांसफार्मर बदलने को तैयार नहीं है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों के साथ रात में ही प्रदर्शन कर ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है। शुक्रवार को पालिका के अध्यक्ष इरफान सैफी ने विद्युत विभाग के एसडीओ व विभाग के अधिकारियों से ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की। जिस पर दोपहर बाद ट्रांसफार्मर लगाया गया।

## सार संक्षेप

### पंचायत घर से चोरी का आरोपी सामान सहित गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस ने शुक्रवार को चोरी के आरोपी को सामान सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि 21 अगस्त की रात थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ऊंचाकनी स्थित पंचायत घर से प्रिंटर, डीवीडी चार्जर आदि की चोरी हुई थी। जिसपर ग्राम प्रधान सोनाद सिंह ने थाने में तहरीर दी थी। उपनिरीक्षक किशन लाल ने बताया कि जांच के दौरान यूनुस निवासी ग्राम ऊंचाकनी को चोरी गए प्रिंटर, डीवीडी, वाई-फाई और घटना में इस्तेमाल हथौड़े के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, दूसरी ओर कुंदरकी से 19 अगस्त की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी आसिफ निवासी लाइन पार कुंदरकी को 15000 रुपये और चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि 19 अगस्त की रात में कुंदरकी के घर से 44 हजार रुपये की चोरी हुई थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गुड्डू भी चोरी में उसके साथ था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### दहेज उत्पीड़न में पति सहित आठ पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सुरजननगर मार्ग निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 23 अप्रैल 2024 को राजकुमार पुत्र स्व. मांगेराम निवासी हमीदपुर माखन जिला बिजनौर से हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल के लोग कम दहेज मिलने को लेकर उसे ताने देते थे और कार की मांग करते थे। वह विरोध करती तो उसके साथ मारपीट होती थी। ससुराल के लोगों ने विवाहिता का फोन भी छीन लिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने महिला के पति राजकुमार, जेठ चांद सागर, ओम सागर, सास रामदुलारी, ननद लोकेश रानी, अंगिता पत्नी मोनू, जेठानी पिंकी, नन्दोई मोनू पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


बिलारी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

### गांवों की बदहाल सड़कों की मरम्मत कराई जाए

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र में किसान समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिसमें चीनी मिल बिलारी पर 35 करोड़ का भुगतान बकाया है, जिस कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, क्षेत्र में छुट्टा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खतौनियों में गलत अंश निर्धारण होने से परेशानी हो रही है। बिजली नहीं मिल पाने से फसलें सूख रही हैं, गांवों में टूटी सड़कें शीघ्र ठीक कराई जाएं। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में रणवीर सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष आनंद वीर सिंह, नेपाल सिंह कोषाध्यक्ष, विनीत कुमार, सचिन सिंह, नितिन कुमार, अजीम अहमद, प्रेमपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, विपिन यादव, साजिद खान, अनीस अहमद, रागिब खान, अंकित सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बबलू यादव, वीरेंद्र सिंह, अमित कुमार, सहित बाहरी तादात में किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न में डीआईजी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम समदगढ़ सिकंदराबाद निवासी तबस्सुम पुत्री ताहिर हुसैन की शादी 12 वर्ष पहले जनपद बिजनौर के थाना नूरपुर क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में युवक से थी। तबस्सुम को शादी से दो लड़की व एक लड़का है। महिला ने बताया कि पति उसे और बच्चों को छोड़कर पुणे में रहता है। उसके परिवार वालों ने उसे तथा बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। अब वह अपने मायके में रह रही है। आरोप है कि 19 अगस्त को दोपहर को उसके ससुराल वाले मायके में आए और उसके पुलिस को प्रार्थना पत्र देने पर उससे गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पहले थाना पुलिस और इसके बाद डीआईजी मुरादाबाद को प्रार्थना पत्र दिया था। मामले में डीआईजी मुनिराज जी ने थाना कांठ पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### रालोद किसान प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**छजलैट, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ की संगठन विस्तार को लेकर बैठक ग्राम इस्लामनगर में हुई। बैठक में सुखशांत को जिला उपाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ जिला मुरादाबाद का दायित्व सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता रामपाल सिंह ने की। सभा का संचालन अभिजीत क्षेत्रीय अध्यक्ष छात्र सभा रोहिलखंड क्षेत्र ने किया। बैठक में मुख्य रूप से चौधरी सुनील मुखिया, प्रदेश सचिव युवा राष्ट्रीय लोकदल अरि सुदन रहे। बैठक में नितिन ने चौधरी चरण सिंह की नीतियों से अवगत कराया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल किसान प्रकोष्ठ धीरेंद्र सिंह सिरोही सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाकियू ने प्रदर्शन को लेकर किया संपर्क

**बिलारी, अमृत विचार :** शुक्रवार को भाकियू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने खानपुर, खाबरी अब्बल, धर्मपुर, महमूद नगला, नवादा, भैसोड़, खजरा, आजमपुर नगरिया में 28 अगस्त को होने वाले धरना-प्रदर्शन को लेकर किसानों से 11 बजे सिरोही बैंक्वेट हॉल पर एकत्र होने के लिए कहा। इस दौरान आशु बालियान, अमित चौधरी, पूर्व तहसील अध्यक्ष जाट महासभा उदय पाल सिंह, वरिष्ठ किसान नेता भयराज सिंह, प्रदीप त्यागी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

### युवती से दुष्कर्म में आरोपी पर मामला दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में रात में घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। युवती ने बताया कि उसकी मां रिश्तेदारी में गई हुई थी। 18 अगस्त की रात में वह अपने घर में अकेली सो रही थी। 11 बजे पड़ोस का तहजीब पुत्र इरफान उसके घर में घुस आया और तमंचा दिखाकर धमकाया और दुष्कर्म किया। जब उसने शोर मचाया तो उसका भाई वहां पर आ गया। तब तहजीब वहां से भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


सीएचसी में प्रशिक्षण देते जिला कुष्ठ परामर्शदाता। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर खोजेंगे कुष्ठ रोगी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कुष्ठ रोगी खोजी अभियान को लेकर सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। शुक्रवार को मुरादाबाद से आए जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने आशा एवं पुरुष कार्यकर्ताओं को कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में होने वाली गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि ब्लॉक के सभी गांवों एवं वार्डों में 273 टीमें, जिसमें महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की जांच करेंगे। जिससे कुष्ठ रोगी को खोजकर समय से एमडीटी द्वारा ईलाज किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान एनएमए मोहम्मदीन ने टीमों को टैली शीट भरने की जानकारी दी। पीएमडब्लू कुलवंत सिंह ने बताया कि अभियान दो सितम्बर से 15 सितम्बर तक चलेगा। ब्लॉक के नोडल अरूण कुमार ने बताया कि अभियान में 54 सुपरवाइजर टीमों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान आशु गुप्ता, अजय कुमार, संगिनी रमा देवी, पूनम शर्मा, ऊषा देवी, पवन आदि रहे।

### दो फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो वारंटियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जिसमें ग्राम मिलक नगलिया जट निवासी अमिताभ पुत्र अतर सिंह एवं ग्राम मिलक नगलिया जट निवासी रामकिशन पुत्र जग्गू को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

## वंशिका एवं अक्षय की टोली तंबू बनाने में रही अव्वल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** परमेश्वर स्मारक इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन हो गया। अंतिम दिन भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह ने शिविर में लगाए गए तंबुओं का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को परमेश्वर स्मारक इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह ने स्काउट गाइड के तंबुओं का निरीक्षण कर जानकारी ली। टोली एक की वंशिका चौहान प्रथम, टोली दो की महिमा चौहान द्वितीय और टोली पांच की प्राची में तृतीय स्थान पर रहीं। अजय प्रताप सिंह ने स्काउट-गाइड के महत्व की जानकारी देकर उन्हें देश भक्ति व देश सेवा के लिए जुटने का आह्वान किया। जबकि स्काउट टोली एक के अक्षय प्रथम, टोली तीन के आकाश सक्सेना द्वितीय, टोली चार के कृष तृतीय स्थान पर रहे।


छात्र-छात्रा को सम्मानित करते अजय प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला ट्रेनिंग काउंसलर आकाश दिवाकर को भी फील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विपिन कुमार, प्रबंधक रमेश चंद, कुलदीप कुमार, कांति देवी, अरविंद कुमार, सुभाष सिंह, अखिलेश कुमार, साकिर हुसैन, दीक्षा, तबस्सुम, निशू यादव, शिल्पी चौहान आदि मौजूद रहे।

## पुण्य एवं सत्कर्म से सहज हो जाता है ईश्वर से मिलन का मार्ग : राजेंद्रानंद

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** श्री हरि कथा का श्रवण करने से अज्ञानता एवं पाप नष्ट हो जाते हैं। मानव शरीर अत्यंत दुर्लभ है। पुण्य एवं सत्कर्म करने से ईश्वर मिलन का मार्ग सहज हो जाता है।

यह विचार गुरु जंभेश्वर एवं जन्माष्टमी पर विश्नोई मंदिर विशनपुरा में चल रही साप्ताहिक जाम्भाणी श्री हरि कथा के तृतीय दिन हरिद्वार के विश्नोई आश्रम के महंत एवं कथा वाचक स्वामी राजेंद्रानंद ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के स्मरण मात्र से मानव जन्म के बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्री हरि कथा की सार्थकता तभी है जब मानव कथा को श्रवण कर अपने जीवन में शामिल कर लेता है। उन्होंने कहा कि गुरु जंभेश्वर ने 500 वर्ष पहले समाज को पर्यावरण के लिए सचेत कर दिया था। इसके बावजूद मानव पर्यावरण की रक्षा के लिए गंभीर नहीं है। इसी कारण से वातावरण प्रदूषित है। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखरेख का संकल्प लेना चाहिए। वातावरण की शुद्धि और मन की पवित्रता के लिए हवन करना चाहिए। मानव का व्यवहार एवं भाषा अत्यंत मृदुल होनी चाहिए। अच्छे व्यवहार एवं भाषा से हम दूसरों के हृदय में भी स्थान बना लेते हैं तथा इसके विपरीत गलत भाषा का प्रयोग दुश्मनी उत्पन्न कर देता है। पुण्य कर्मों से परिवार और समाज में सम्मान मिलता है। दुष्कर्मों से हमें समाज में तिरस्कार मिलता है। कथा में स्वामी प्रणवानंद, स्वामी चमन ऋषि, स्वामी सुखदेव मुनि, स्वामी मुक्तानंद, स्वामी अखिलेश आनंद, स्वामी जगदेवानंद, स्वामी बर्फानी बाबा ने भी विचार रखे। इस मौके पर ओम राज सिंह, धर्मवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, श्रीओम बिश्नोई, मुन्नू सिंह, विश्व बंधु बिश्नोई, ऋषिपाल सिंह, राकेश कुमार, दिलावर सिंह, सुशील कुमार, देवराज सिंह, कुंवर सुरेंद्र सिंह, मास्टर चंद्र प्रकाश, अभय विश्नोई, अनिल विश्नोई, मुनिराज सिंह, लवकुश कुमार, इन्द्रराज सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


कथा सुनाते स्वामी राजेंद्रानंद।

● कथा के दौरान लोगों को पौधरोपण को किया प्रेरित


महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते मानिक लाल व अन्य। ● अमृत विचार

## अलग से आरक्षण के लिए करेंगे संघर्ष : मानिक लाल

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** गांधी मूर्ति पार्क में वंचित समाज आरक्षण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल वाल्मीकि का स्वागत किया गया।

उन्होंने पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि बहुजन संगठनों द्वारा आरक्षण के उपवर्गीकरण को लेकर किया भारत बंद प्रमाण है कि बसपा, भीम आर्मी, सपा, कांग्रेस सभी वंचित समाज विरोधी हैं। वंचित समाज अलग से आरक्षण लेकर रहेगा तथा संघर्ष करेगा। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश प्रमुख महामंत्री राजेंद्र सहदेव, प्रांतीय संगठन मंत्री गजराम वाल्मीकि, राजकुमार, बृजेश, संजय वाल्मीकि, कपिल राज, राजीव सिंह, संजीव, दीपक राज सहित वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में आई किशोरी को युवक बाजार से साथ ले गया और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी युवक पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मुरादाबाद निवासी 15 वर्षीय किशोरी मां के साथ कांठ में रिश्तेदारी में आई थी। 22 अगस्त को वह बाजार से सामान लेने गई थी। तभी उसे ग्राम महमूदपुर माफी निवासी विनय उर्फ सहवाग फुसलाकर ले गया और दुष्कर्म किया। किशोरी घर नहीं लौटी तो मां ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसके बाद किशोरी को बेहोशी की हालत में संत रविदास मंदिर के पास वाहन से आरोपी युवक की मां छोड़ गई। थाना पुलिस ने आरोपी युवक विनय उर्फ सहवाग को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है और पीड़ित किशोरी को मेडिकल के लिए मुरादाबाद भेजा है।


बैठक के दौरान मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

## टीकाकरण में स्वास्थ्य टीम का सहयोग करें राशन डीलर

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों और पूर्ति विभाग की बैठक हुई। बैठक में राशन कार्ड धारकों की ई केवाईसी करने, आभा आईडी और टीकाकरण में राशन डीलर से सहयोग का आह्वान किया।

बैठक में एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने सभी राशन डीलरों से कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो अभियान चलाए जा रहे हैं। इसमें आभा आईडी बनाने में सभी कर्मचारी सहयोग करें। चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि टीकाकरण अभियान चल रहा है। इसमें सभी राशन डीलर स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग करें और टीकाकरण अभियान को सफल बनाएं। पूर्ति निरीक्षक अनिल कुमार ने ई केवाईसी पूरा कराने का आह्वान राशन डीलरों से किया। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, पूर्ति निरीक्षक अनिल कुमार, पूर्ति लिपिक अनुज कुमार यादव, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, सीपीएम सैयद यासिर अली आदि रहे।

### तीन अल्ट्रासाउंड केंद्र व लैब हैं पंजीकृत

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता व आरटीआई एक्टिविस्ट मोहम्मद आकिफ शान द्वारा 25 मार्च 2023 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सूचना अधिकारी को आवेदन भेजा था।

जिसमें बिलारी नगर में पैथोलॉजी तथा अल्ट्रासाउंड एक्स रे केंद्र एवं पंजीकृत अस्पतालों की सूची मांगी थी। दूसरी अपील के बाद दी गई सूचना में बताया गया है कि बिलारी में कुल तीन अल्ट्रासाउंड केंद्र पंजीकृत हैं। जिसमें साइ डायग्नोस्टिक सेंटर महाराणा प्रताप चौक शाहबाद रोड, न्यूरोमेड डायग्नोस्टिक सेंटर महाराणा प्रताप चौक शाहबाद रोड, लाइफ लाइन हॉस्पिटल एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर चंदौसी रोड हैं। इसके अलावा सात पंजीकृत चिकित्सा संस्थान बताए गए हैं। जिसमें सिंह क्लिनिक, रॉयल क्लिनिक, बिलारी सिटी हॉस्पिटल, बनिया हेल्थ केयर, अल्फा हॉस्पिटल, इंडियन पैथोलॉजी लैब व सहारा पैथोलॉजी लैब हैं।

**कार्यक्रम** प्राथमिक विद्यालय माननगर में बच्चों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के बारे में बताया

# प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय माननगर में प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कई कार्यक्रम कराए।

इसके तहत विद्यालय में प्रश्नोत्तरी, पोस्टर प्रतियोगिता एवं बाल सभा इत्यादि गतिविधियां कराई गईं। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का ज्ञान बढ़ता है। एआरपी गौतम सिंह ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के छात्रों को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की जानकारी दी गई। बच्चों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया गया। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को बताया कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अंतरिक्ष यान उतारने वाला पहला देश बन गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन रोस्कोस्मोस, नासा और सीएनएसए के बाद चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने वाली चौथी अंतरिक्ष एजेंसी है।

23 अगस्त 2023 को भारत के वैज्ञानिकों द्वारा चंद्रयान को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतारा गया था। इसी सफलता को लेकर 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया गया।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं, प्रधानाध्यापिका, एआरपी गौतम सिंह। ● अमृत विचार

● विद्यालय में बच्चों को इसरो के अभियानों की जानकारी दी गई

### इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया

**बिलारी, अमृत विचार :** कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य आशीष जादौन ने बताया कि 23 अगस्त देश में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन पिछले साल अंतरिक्ष में भारत को मिली सफलता के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में आयुष, नितिन, अनिकेत ने भी विचार भी रखे। इस अवसर पर बाबूजी मुकट सिंह, अपर प्रबंधक अशोक गुप्ता, प्रियंका सिंह, अजय सिंह, महेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह, सुभाषिनी वर्मा, आदित्य कुमार, विनोद कुमार, गोपाल मौर्य, उदयपाल, जय सिंह, जगजीत शर्मा, हर्षिता यादव, गौरव गुप्ता, सुलभ चौहान, अरविन्द कुमार, हितेंद्र पाल सिंह के साथ विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बिजली कंपनियों के नकली वायर बाक्स बरामद, रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● ट्रक से विभिन्न कंपनियों के 28,365 वायर बाक्स बरामद

**अमृत विचार :** पुलिस ने नामी बिजली कंपनियों के नाम से बने नकली वायर बाक्स बनाकर बाजार में आपूर्ति करते चार लोगों को पकड़ा है। उनके कब्जे से एक ट्रक में भरे वायर बाक्स बरामद किए हैं।

चंडीगढ़ के स्पीड सर्च एंड सिक्योरिटी नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के फील्ड आफिसर धर्मवीर शर्मा ने पुलिस को सूचना दी थी कि एमएस ज्योति इंडस्ट्रीज का स्वामी बलवंत सिंह बिष्ट एवं पप्पू बिष्ट किच्छा में अपनी फैक्टरी में उनकी अधिकृत कंपनी आरआर केबल, एम पालीकैब, एमएस वीगार्ड इंडस्ट्रीज, एमएस ग्रेटवाइट ग्लोबल, एमएस हेवेल्स इंडिया लिमिटेड के नाम से वायर बाक्स बनाकर बाजार में आपूर्ति करते हैं। 22 अगस्त को सूचना मिली थी कि ज्योति इंडस्ट्रीज का वाहन चालक तेज बहादुर और सेल्स हेड आनंद सिंह पटवाल कमालपुरी चौराहा पर नकली वायर बाक्स की गाड़ी लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने मौके पर पहुंचकर वाहन को चेक किया तो उसमें कंपनियों के वायर बाक्स मिले। उसने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस वाहन और दोनों लोगों को कोतवाली ले आई। धर्मवीर शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने बलवंत विष्ट, पप्पू बिष्ट निवासी किच्छा, तेज बहादुर एवं आनंद सिंह पटवाल निवासी ठाकुरद्वारा पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी ने बताया कि विभिन्न कंपनियों के 28,365 वायर बाक्स बरामद हुए हैं। मामले में चारों पर रिपोर्ट दर्ज जांच प्रारंभ कर दी है। चारों आरोपियों को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है।

## एक नजर

### चयनित अभ्यर्थी 28 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि राजकीय आईटी आई रामपुर, महिला, स्वार, बिलासपुर एवं शाहबाद के प्रवेश सत्र 2024 के द्वितीय चरण का परिणाम घोषित हो चुका है। द्वितीय चरण में चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश की अन्तिम तिथि 28 अगस्त है। चयनित अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों की छाया प्रतियों सहित सम्बंधित संस्थान में संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गृह कलह में विषाक्त पदार्थ खा लिया। इससे कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। उपचार के बाद हालत सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया।

# गवाह नहीं आने के कारण टली शत्रु संपत्ति मामले की सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आजम खां और अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज शत्रु संपत्ति पर कब्जा कर जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 29 अगस्त को सुनवाई होगी।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ वर्ष 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला है। यह मामला सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन ने अजीमनगर थाने में दर्ज कराया था। इसमें जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया गया था। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब 29 अगस्त को सुनवाई होगी।

### पूर्व सांसद जयाप्रदा के मामले में हुई बहस

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ स्वार थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट में एक प्रार्थना के निस्तारण को लेकर दोनों पक्षों की बहस हुई। इस मामले में अब 31 अगस्त को सुनवाई होगी। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में स्वार थाने में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। पूर्व सांसद पर आचार संहिता के दौरान सड़क का उद्घाटन करने का आरोप लगाया गया था। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में विचाराधीन हैं। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि इस मामले में अब 31 अगस्त को सुनवाई होगी।

## यतीमखाना प्रकरण में गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टली

**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को गवाह नहीं आने के कारण यतीमखाने के मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इन मामलों में सुनवाई के लिए 29 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई है।

वर्ष 2019 में सपा नेता आजम खां सहित कई सपाइयों के खिलाफ शहर कोतवाली में यतीमखाना प्रकरण में कई मुकदमे दर्ज कराए गए थे। उन पर आरोप था कि उनके इशारे पर बस्ती के लोगों के साथ मारपीट-लूटपाट की गई। उनके घरों को तोड़ दिया गया। इसी प्रकरण में आजम खां के खिलाफ भैंस व बकरी चोरी के आरोप भी लगे थे। इस प्रकरण की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गवाह नहीं आने के कारण शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 29 अगस्त को सुनवाई होगी।

# हाई टेंशन लाइन से निकली चिंगारी से पशुशाला में लगी आग, 4 बकरी जलीं

संवाददाता, मसवासी


घटना स्थल का निरीक्षण करते ग्राम प्रधान व राजस्व कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से किसान की पशुशाला में आग लग गई। आग में झुलस कर चार बकरियां मर गईं। जबकि कई पशु गंभीर रूप से झुलस गए।

चौकी क्षेत्र के गांव मंसूरपुर निवासी राजपाल के घर के स्थित पशुशाला में भैंस व बकरियां बंधी थीं। पशुशाला के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शुक्रवार तड़के करीब चार बजे हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से पशुशाला में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। इससे पशुशाला में बंधी चार बकरी जलकर राख हो गईं। जबकि एक भैंस और तीन बकरी गंभीर रूप से झुलस गईं। पशुशाला में आग लगने से गांव में हड़कंप मच गया। किसान व ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने किसी तरह पशुओं को बाहर निकाला। आग से बुरी तरह झुलस जाने के कारण पशुओं की हालत गंभीर बनी है। पशुओं की हालत देख किसान सदमे में आ गया। सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्सक करन सिंह चौहान ने झुलसे पशुओं का उपचार किया। इस बीच राजस्व प्रशासन ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया।

## निजी विद्यालय से लैपटॉप व बैट्री चुराई, रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा स्थित निजी विद्यालय का ताला तोड़कर चोर लैपटॉप, तीन बैट्री और वाईफाई की डिवाइस चुराकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा स्थित निजी विद्यालय का गुरुवार की रात चोरों ने ताला तोड़ दिया। इसके बाद कार्यालय में रखा लैपटॉप, तीन बैट्री और वाईफाई डिवाइस, बुफर और एलईडी चुरा कर ले गए। शुक्रवार को प्रधानाचार्य विक्रम सिंह विद्यालय पहुंचे तो कार्यालय के ताले टूटे देख सन्न रह गए। उन्होंने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से निपटी पुलिस भर्ती परीक्षा

## दोनों पालियों में 1846 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को 13 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण तरह से निपट गई। दोनों पालियों में पंजीकृत 7152 अभ्यर्थियों में से 5306 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। 1846 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। एसपी विद्यासागर मिश्र ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से निपटने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। शनिवार को भी परीक्षा होगी।

जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 13 केद्र बनाए गए हैं। शुक्रवार को पहले दिन पहली पाली 10 से 12 बजे तक हुई। दूसरी पाली 3 से 5 बजे तक हुई। दोनों पालियों में 7152 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 5306 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। 1846 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। दो घंटे पहले ही चेकिंग करने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। अधिकारी पूरे दिन पल-पल की जानकारी लेते रहे। आसपास के जिलों से युवक और युवतियां परीक्षा देने आएं। किसी ने पेपर कठिन तो किसी ने सही बताया। शनिवार को भी परीक्षा होनी है।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने के बाद बाहर आते एसपी। ● अमृत विचार


परीक्षा केंद्र में जाने के लिए इंतजार करती युवतियां। ● अमृत विचार

### परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले हुई चेकिंग

परीक्षा केंद्र में जाने से पहले सभी अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग की गई। फिंगर प्रिन्ट और प्रवेश पत्रों को बारीकी से देखा गया। इसके अलावा हर गतिविधि परीक्षा केंद्रों और कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद होती रही। शाम को परीक्षा छूटने के बाद कुछ समय के लिए जाम भी लग गया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस कर्मी मुख्य चौराहों पर तैनात रहे। इसके अलावा कॉलेज के आस पास के रास्तों को बंद कर दिया गया था। तड़के से ही अभ्यर्थियों का सेटरों पर पहुंचना शुरू हो गया था।

> शुक्रवार को दो पालियों में यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा शांतिपूर्ण तरह से निपट गई। अब शनिवार को होने वाली परीक्षा की तैयारियां चल रही हैं।
> -विद्या सागर मिश्र, एसपी

### रोडवेज परिसर में रही अभ्यर्थियों की भीड़


रोडवेज परिसर में लगी भीड़। ● अमृत विचार

जिलें में पांच दिन तक चलने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में आसपास के जिलों से अभ्यर्थी शुक्रवार को परीक्षा देने आए। उनके लिए रोडवेज परिसर में 35 बसों की व्यवस्था की गई थी। एआरएम दीप चंद्र ने बताया कि परीक्षा देकर वापस जाने के लिए रोडवेज परिसर में 35 बसें खड़ी रही। अभ्यर्थियों बसों के द्वारा गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस दौरान रोडवेज परिसर में काफी भीड़ रही।

## राष्ट्रीय व प्रदेश अध्यक्ष ने की वर्चुअल बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां और प्रदेश अध्यक्ष खान शुएेब यूनुस ने पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 24 व 25 अगस्त को गोरखपुर का दौरा किया जाएगा। कौम की खिदमत व इस्लाम के खिलाफ अपशब्द बोलने वालों को लेकर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने 18 अगस्त को प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया था। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी संगठन की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं। पदाधिकारी अधिक से अधिक सदस्य बनाएं।

बैठक में राष्ट्रीय महासचिव हाजी मोहम्मद जमीर अहमद रिजवी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परवेज खान मुरादाबादी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद आसिफ हसन, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद दानिश खान पीलीभीत, प्रदेश महासचिव अर्शी खां, प्रदेश प्रवक्ता परवेज अख्तर, प्रदेश सचिव वाहिद हुसैन, प्रदेश संगठन सचिव आजाद खान अलीगढ़, जिला संयोजक फैजान खां व पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां आदि मौजूद रहे।

# दहेज में कार न मिलने पर महिला को निकाला, 7 पर एफआईआर

संवाददाता, पटवाई

**अमृत विचार :** दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। उसने पटवाई थाने में पति सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव चंडका मदारपुर निवासी छोटे ने अपनी बेटी फातमा का निकाह एक साल पूर्व मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र निवासी मोनिस के साथ किया था। उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था।

विवाहिता का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति दहेज में कार की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर उसके साथ क्रूरता पूर्वक व्यवहार करने लगा। बिरादरी वालों ने दोनों पक्ष को समझाने का प्रयास किया। चार माह पूर्व ससुराल वाले फिर से कार की मांग करने लगे। इन्कार करने पर ससुराल वालों ने मारपीट की और जिंदा जलाने का प्रयास भी किया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। एसपी के आदेश पर पटवाई पुलिस ने पति मोनिस, सास भूरी, ससुर अहसान, ननद तरन्नुम व फरीना, देवर युनुस तथा यूसुफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये और कार नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट करके घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बिलासपुर थाने में पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना बिलासपुर के शिवमंडी निवासी कर्मप्रीत कौर का कहना है कि उसकी शादी 23 जनवरी को उत्तराखंड के काशीपुर निवासी अमृतपाल सिंह से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले दहेज में कार और पांच लाख रुपये मांगने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट करते थे। ससुरालियों ने अपने बेटे की शादी दूसरी जगह करने की धमकी दी। इससे परेशान होकर महिला मायके चली गई। इसके बाद उसने बिलासपुर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति अमृतपाल, प्रगट सिंह, गगन, शमशेर सिंह, गुरप्रीत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# घर के बाहर खेल रहे बच्चों को कार ने रौंदा, 4 घायल

संवाददाता, स्वार

- हालत गंभीर बताते हुए दो बच्चों को हायर सेंटर किया रेफर
- कार सवार तीन युवक फरार, एक को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** नशे में धुत्त कार सवार युवकों ने घर के बाहर खेल रहे बच्चों को रौंद दिया। इसमें चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सक ने दो बच्चों की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने कार सवार एक युवक को हिरासत में ले लिया है।

मुरादाबाद जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव गोधपुर सुल्तान निवासी युवक तहसील क्षेत्र में वाटर पार्क घूमने आ रहे थे। कार में सवार युवक शराब के नशे में धुत्त थे। मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे मार्ग स्थित गांव मुंशीगंज में उनके कार घर के बाहर खेल रहे बच्चों को रौंद दिया। इसमें गांव मुंशीगंज निवासी 5 वर्षीया फात्मा नूरी, 7 वर्षीय मोहम्मद विलाल, 3 वर्षीय अदनान, 4 वर्षीया जिया नूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। यह देख तीन युवक कार से कूदकर भाग गए। ग्रामीणों ने कार सवार पुष्पेंद्र को पकड़ लिया। इसके बाद उसकी धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। चारों बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने अदनान व जिया नूर को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन बेहतर उपचार के लिए दोनों बच्चों को उत्तराखंड के काशीपुर ले गए। पुलिस ने कार सवार का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। इसमें युवक के शराब की नशे में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

## ट्रक में लदी चीनी चुराने का आरोप, दी तहरीर

**शाहबाद, अमृत विचार :** जनपद बरेली के गगन ब्रदर्स के मालिक ने शाहबाद कोतवाली में ट्रक मालिक और उसके चालक पर ट्रक में लदी चीनी चुराने का शक जताया है। उन्होंने दोनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

गगन ब्रदर्स के मालिक के मुताबिक उनकी फर्म के नाम पर शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल से एक ट्रक चीनी लेकर निकला था। इसे जनपद फर्रुखाबाद के कायमगंज पहुंचना था, लेकिन सौदे के मुताबिक चीनी से लदा ट्रक लेकर फर्रुखाबाद नहीं पहुंचा। उन्हें इसकी सूचना भी नहीं दी।

इसके बाद पीड़ित ने कई थानों में चोरी की तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। अब पीड़ित ने शाहबाद कोतवाली में जनपद संभल के चंदौसी निवासी ट्रक मालिक और ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# मां-बेटी से मारपीट में दोषी को 4 साल की सजा, 12 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मां-बेटी को मारपीट करके घायल करने के मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने दोषी को 4 साल की कैद और 12 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव रायपुर का मझरा निवासी रामस्वरूप का आरोप था कि आठ जनवरी 2019 की शाम को पानी की निकासी को लेकर उसकी पत्नी से पड़ोसी भागीरथ और उसके भाई मोहनलाल ने गाली गलौज की थी। विरोध पर आरोपियों ने उसकी पत्नी जशोदा व बेटी गायत्री को पीट दिया था। गायत्री के सिर में कुल्हाड़ी मार कर घायल कर दिया था। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी आ गए थे। इसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। विवचेना के बाद पुलिस ने भागीरथ के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे द्वितीय की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को न्यायाधीश पीएन पांडेय ने दोषी को 4 साल की सजा सुनाई।

एडीजीसी प्रमोद सागर ने बताया कि दोषी को धारा 452 में 3 साल की सजा और 3000 रुपये जुर्माना, धारा 308 में 4 साल की कैद और 4000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 324 में 2 वर्ष की कैद और 2000 रुपये जुर्माना, धारा 504 में एक वर्ष का कारावास और 1000 रुपये जुर्माना तथा धारा 506 में 2 वर्ष का कारावास और 2000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

# तत्काल करें समस्याओं का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



विकास कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

- मानक के अनुरूप ही किए जाएं सभी काम : जिलाधिकारी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी कार्य मानक के अनुरूप कराए जाएं। कमी मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में निर्माण और विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, यूपी सिडको, जल निगम, राजकीय निर्माण निगम सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की। जिले में चल रहे निर्माण कार्यों के अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार गुणवत्तायुक्त ससमय पूर्ण कर सम्बन्धित विभाग को हस्तगत करते हुए जनोपयोगी बनाने तथा सभी भवनों में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए।

अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को सड़कों पर रोलिंग कराने तथा अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार गुणवत्तायुक्त कार्य कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कम रैंक लाने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए रेंकिग में सुधार लाने को कहा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयाध्यक्षों को 2 माह में नोडल अधिकारियों के माध्यम से ई-ऑफिस की ईमेल आईडी अवश्य बना लें। उस पर कार्य करना शुरू करें। इससे काम में पारदर्शिता आएगी, दस्तावेज को हमेशा के लिए सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी और फाइल खोजने में आसानी होगी। इससे साथ ही समय भी बचत होगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी एसपी सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एमके कौशिक, जिला विकास अधिकारी दुष्यंत कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**दिक्कत** ग्रामीण क्षेत्रों में 641 और शहरी क्षेत्र के 285 ट्रांसफार्मरों में आई खराबी

# ओवरलोडिंग से 3 माह में 926 ट्रांसफार्मर फुंके

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में ओवरलोडिंग के कारण तीन माह में 926 ट्रांसफार्मर फुंके गए है। मई, जून और जुलाई में ग्रामीण क्षेत्रों में 641 और शहरी क्षेत्र के 285 ट्रांसफार्मरों में खराबी आई।

दिन निकलते ही आसमान से तपिश बरस रही है। उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना दुश्वार है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड पड़ रहा है। मई व जून में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 400 ट्रांसफार्मर फुंके जबकि जुलाई में यह संख्या बढ़कर 241 तक पहुंच गई। इसके अलावा शहरी क्षेत्र के 13 उपकेंद्रों के 285 ट्रांसफार्मर भी खराब हो गए। इनमें 100 से अधिक ट्रांसफार्मर 25 केवीए, जबकि 63 केवीए, 250 केवीए और 450 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर शामिल हैं। मालगोदाम स्थित वर्कशॉप के मैन गेट तक खराब ट्रांसफार्मरों का ढेर लगा है। वर्कशॉप के अधिकारियों का कहना है कि अन्य दिनों के मुताबिक तीन माह में ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं।


वर्कशॉप में ट्रांसफार्मरों की मरम्मत करते कर्मचारी।

> मई, जून और जुलाई में अत्याधिक लोड के कारण 926 ट्रांसफार्मर फुंके हैं। 641 ग्रामीण और 285 शहरी क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों में खराबी आई है। पिछले माह खराब होने वाले ट्रांसफार्मरों की संख्या बढ़ी है।
> -राजेश कुमार, जेई, वर्कशॉप, मालगोदाम।

### क्षमता वृद्धि भी नहीं रोक सकी ट्रांसफार्मरों की खराबी

जनपद के बिजलीघरों के ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराने के बाद भी तीन माह में 926 ट्रांसफार्मरों में खराबी आई है। पिछले दिनों अलग-अलग क्षमता के 400 से अधिक ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की गई थी। इसके तहत 25 केवीए के स्थान पर 63, 100 केवीए के स्थान पर 400 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। इसके बावजूद तीन माह में 926 ट्रांसफार्मर फुंक गए।

## नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर : सलमान

**रामपुर, अमृत विचार :** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व महासचिव सलमान मुजद्दी ने कहा कि नगर पालिका पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है। जनता की सुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है। शहर में गंदगी और कूड़े का अंबार लगा है।

बारिश होने पर जलभराव, कीचड़ व गंदगी से स्पष्ट है कि पालिका अध्यक्ष जनता के मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहती। उन्होंने कहा कि पालिका अध्यक्ष तो एक हैं मगर चलाने वाले 12 हैं। जिस जनता ने वोट देकर उन्हें जिताया था, उसी जनता को ठगने का काम किया गया है। शहर में कीचड़, गंदगी व पुलियों तथा मैनहोल का टूटा होना दर्शाता है कि नगर पालिका सिर्फ पैसे के लिए काम कर रही है न कि जनता के मुद्दों के लिए। नगर पालिका के कार्यालय में बिना पैसे के लोगों का कोई काम नहीं किया जाता।

# अधिकारियों ने मांगें मानी, धरना स्थगित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


एडीएम के कार्यालय में वार्ता करते किसान और एनएचएआई के अधिकारी।

- कोयला टोल प्लाजा 25 अगस्त से किया था धरने का ऐलान

**अमृत विचार :** एडीएम की मौजूदगी में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने कई मांगें मान लीं। इसके बाद किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया। चेतावनी दी कि समस्याओं का निस्तारण न होने पर किसान धरने पर बैठ जाएंगे।

कुछ दिन पूर्व भाकियू ने पंचायत करके टोल समेत कई समस्याओं को लेकर 25 अगस्त से कोयला टोल प्लाजा पर बेमियादी धरने का ऐलान किया था। इससे अधिकारियों में खलबली मच गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह ने शुक्रवार को भाकियू से जुड़े किसानों, एनएच के अधिकारियों और टोल प्लाजा के प्रतिनिधियों को बुलाया। भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद का कहना था कि कोयला टोल प्लाजा पर नियम और मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। नियम विरुद्ध टोल वसूला जा रहा है। आसपास के गांवों के किसानों से भी जबरन वसूली की जा रही है। ओवर लोड वाहनों को एंट्री दी जा रही है। मिलक विचौला समेत कई गांवों के प्रचलित रास्तों पर टोल कर्मियों ने जेसीबी से गड्डे खोदवाकर पत्थर लगा दिए हैं। कर्मचारी वाहन चालकों से अभद्रता करते हैं। टोल पर कम उम्र की लड़कियों को रखा गया है।

प्रदेश महासचिव का कहना था कि थूनापुर, पत्थर खेड़ा, भोट समेत कहीं भी सर्विस रोड नहीं बनाई गई है। सड़क भी जगह-जगह उखड़ गई है। एनएचएआई के अधिकारियों ने एडीएम की मौजूदगी में कई मांगें मान लीं। इसके बाद प्रदेश महासचिव ने धरना स्थगित करने की घोषणा कर दी। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष मोहम्मद तालिब, रामऔतार लोधी, रामबहादुर यादव, राहत खां, नल सिंह, शाकिर अली, फैजान मियां, लखविंदर सिंह गिल, चौधरी अजीत सिंह, चौधरी राजपाल सिंह, सलामत खां, हाफिज अयूब, कोमल सिंह और अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।

## हज आजमीनों के लिए 3 ई-सुविधा केंद्र खुले

**रामपुर, अमृत विचार :** अल्लाह के दरबार में हाजिरी लगाने की तमन्ना रखने वाले आजमीन फैसिलिटेशन सेंटर पर हज के लिए निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

इसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने शहर के तीन मदरसों में ई-सुविधा केंद्र बनाए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि हज यात्रा 2025 की तैयारी शुरू कर दी गई है। हज के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 9 सितंबर है। लोगों की सुविधा के लिए मदरसा जामे उलूम फुरकानिया, गुलशन ए बगदाद और दोमहला रोड स्थित मदरसा इस्लाहे कौम में ई-सुविधा केंद्र बनाए गए हैं। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज सफर 2025 की घोषणा कर दी है। सिर्फ 9 सितंबर तक ऑनलाइन फार्म भरे जाएंगे। फार्म हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई की वेबसाइट हज सुविधा केंद्र मोबाइल से जरिए भरे जा सकते हैं।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस : डायट में प्रशिक्षुओं को दिखाया चंद्रयान-3 का सफल प्रयोग

## प्रशिक्षुओं ने भाषण, कविता, चार्ट एवं गीत के माध्यम से दीं विभिन्न प्रस्तुति, बच्चों को चंद्र ग्रहण और सौरमंडल के बारे में जानकारी दी, मॉडल भी बनाए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। डायट की प्राचार्य नीलम रानी ने स्पेस टेक्नोलॉजी एवं इसके प्रयोग के लिए प्रशिक्षुओं को जागरूक किया।

शुक्रवार को जिले के स्कूलों में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। जिला प्रशिक्षण संस्थान में भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवसमनाया गया। इसके तहत कई प्रतियोगिताएं कराई गई। संस्थान के प्रशिक्षुओं ने भाषण, कविता, चार्ट एवं गीत के माध्यम से विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। टचिंग लीव्स वाइल टचिंग दा मून के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं ने कई प्रकार के उपकरण बनाए। इसके विभिन्न लाभ की जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को चंद्रयान-3 का सफल प्रयोग भी दिखाया गया। कार्यक्रम में डायट के प्रवक्ता राजेश कुमार, लता गंगवार, तृप्ति चंद्रा एवं रोहित दुबे उपस्थित रहे।


प्रशिक्षुओं को चंद्रयान के बारे में जानकारी देते प्रवक्ता। ● अमृत विचार


राष्ट्रीय स्पेस दिवस पर बच्चों को जानकारी देता छात्र। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में शामिल बच्चे व स्टाफ। ● अमृत विचार

### स्कूलों में मनाया गया नेशनल स्पेस डे

**रामपुर, अमृत विचार :** मुल्लाखेड़ा के मॉडल प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को चंद्र ग्रहण और सौरमंडल के बारे में जानकारी दी गई। बिलासपुर के मुल्लाखेड़ा स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। कक्षा 3, 4 व 5 के छात्र-छात्राओं को एलईडी पर सौर मंडल की जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह ने आईसीटी का प्रयोग कर बच्चों को वर्चुअल सौर मंडल का भ्रमण कराया। चंद्र ग्रहण के बारे में बताया। इस अवसर पर श्रष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलम राणा, गायत्री, कमलेश आदि उपस्थित रहीं।

### मॉडल दिखाकर दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक निब्बी में अंतरिक्ष विषयक प्रदर्शनी और गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को चंद्रयान 3, सौर मंडल, आकाश गंगा मंदाकनी, सूर्य तथा उपग्रहों से संबंधित मॉडल दिखाए गए। पोस्टर और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करायी गई। इस मौके पर अंजुला प्रभाकर, अंजुम सक्सेना, सपना सक्सेना, पूनम, पूजा सक्सेना, शिवानी, पूनम यादव, शांति देवी आदि उपस्थित रहीं।

### ड्राइंग प्रतियोगिता कराई गई

**रामपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में बच्चों ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया। कक्षा 3, 4 व 5 के छात्र-छात्राओं के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता कराई गई। कक्षा 5 के बच्चों ने चंद्रयान 3 के मॉडल बनाए। बच्चों को स्मार्ट क्लास द्वारा चंद्रयान-3 का लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया गया। शिक्षिका शबनम आरा ने इस दिन का महत्व बताते हुए मनाने का कारण भी बताया। इस अवसर पर शबनम आरा, बुशरा फिरदौस, आराधना सक्सेना, राबिया, नाजम, रेखा चुन्नी, भूरी खारिज आदि उपस्थित रहीं।

### बच्चों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के बारे में बताया

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रतियोगिताएं भी हुईं। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने के बारे में बताया। अंतरिक्ष के बारे में भी बच्चों को बताया गया। कक्षाध्यापकों ने अपनी कक्षा में अंतरिक्ष से संबंधित वीडियो बच्चों को दिखाई। आईसीटी का प्रयोग कर बच्चों को ग्रह, राशियों तथा चंद्रमा को भी दिखाया गया। कक्षा 5 के बच्चों ने अंतरिक्ष से संबंधित थॉट्स बोले और कक्षा एक व 2 के बच्चों को चांद तारों से संबंधित गतिविधियां कराई गई। कक्षा 1 के बच्चों ने चंदा मामा कविता सुनाई। कक्षा 3, 4 व 5 के बच्चों ने गीतों पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। कक्षा 5 के बच्चों के लिए क्विज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्योति, विक्रम कुमार, हुमा, नेहा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गुस्ताखी करने वाले को तुरंत गिरफ्तार करें : फैसल

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय मानवाधिकार परिषद के नगर अध्यक्ष फैसल पठान ने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शरारती तत्व को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। चेतावनी दी कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो भारतीय मानव अधिकार परिषद सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेगी। इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाए जाए। कहा कि जब भी चुनाव आने वाला होता है तभी देश का साम्प्रदायिक सौहार्द खतरे में डाला जाता है।

### हमेशा दिल में रहेंगे अरशद

**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक धीरज गुर्जर अरशद अली खां गुड्डू के घर पहुंचे। उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक प्रकट किया। धीरज गुर्जर ने कहा कि यूपी कांग्रेस के निष्ठावान व कर्मठ नेता, प्रदेश में महासचिव रहे अरशद अली गुड्डु की कमी हमेशा रहेगी। वह हमेशा हम सबके दिल में रहेंगे। उनके परिजनों से मिलकर शोक प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व विधायक अफरोज अली खां, शहर अध्यक्ष नोमान खां आदि मौजूद रहे।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते दिव्यांग। ● अमृत विचार

# दिव्यांगों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ने क्षेत्र के दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने मांग की है। ढकिया में बीच सड़क से बिजली के खंभे हटाने को भी कहा है।

शुक्रवार को भाकियू असली के दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष वेदराम सिंह यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के दिव्यांग तहसील पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी को नामित ज्ञापन नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित को सौंपा। इसमें दिव्यांगों के अन्त्योदय राशन कार्ड बनाने और सरकारी आवास योजना के तहत मकान देने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ढकिया में बीच सड़क पर लगे बिजली के खंभे हटाए जाएं। इस मौके पर चंद्रपाल, मोरवती, महमूद, रामवती, ओमवीर, विनोद, रामबहादुर, उरमान सिंह, असलम आदि मौजूद रहे।

## चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने को दिया ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता मामून शाह खान ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कहा है कि चाइनीज मांझे की चपेट में आकर लोग आए दिन हादसों के शिकार हो रहे हैं। इसलिए इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए।

उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि 2 दिन पहले ही अजीतपुर क्षेत्र में चाइनीज मांझे से बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया था। जिला अस्पताल में डाक्टर को उसकी गर्दन में 12 टांके लगाने पड़े थे। इसके अलावा 2 साल पहले 3 साल की बच्ची की चाइनीज मांझे की चपेट में आकर मौत हो गई थी। बच्ची की मौत के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने चाइनीज मांझा बेचने वालों पर शिकंजा कसा था। उन्होंने जिलाधिकारी से ज्ञापन में मांग की है कि चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाई जाए।


बैरुआ गांव में छात्र-छात्राओं के साथ शिविर में मौजूद डॉक्टर। ● अमृत विचार

# दिमागी बुखार से बचाव के लिए लगाए गए टीके

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को क्षेत्र के बैरुआ गांव में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जेई टीकाकरण अभियान के तहत जूनियर हाईस्कूल एवं प्राथमिक विद्यालय में दिमागी बुखार से बचाव के लिए शिविर लगाया गया।

इस दौरान एक से 15 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर एएनएम राखी, डॉक्टर अरुण कुमार, प्रधानाध्यापक विजय कुमार पुष्कर, सहायक पूजा रानी, अध्यापक प्रदीप कुमार, शिक्षामित्र नेम सिंह, आंगनबाड़ी गुलाबो देवी, लोकेश देवी, आशा कार्यकर्ता पार्वती, गुलशन देवी, ग्राम प्रधान के पुत्र नावेद एवं भारतीय गोरक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी आदि उपस्थित रहे।

# दो दिन में 73,269 बच्चों को लगे टीके

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में एक से 15 वर्ष तक 73,269 बच्चों को जापानी बुखार से बचाव के टीके लगाए गए। शुक्रवार को 163 स्कूलों में 31,023 बच्चों का टीकाकरण हुआ। गुरुवार को 114 स्कूलों में 42,246 बच्चे के टीके लगे थे। दो दिन में 73,269 बच्चों का टीकाकरण हुआ है।

शुक्रवार को हादी एकेडमी, आनंद कान्वेंट स्कूल, किड्स स्टार, शम्सी गर्ल्स इंटर कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ, ईस्ट वेस्ट, सनवे स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर समेत 163 स्कूलों में 31,023 बच्चों का टीकाकरण हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने कहा कि किसी को इससे घबराने की जरूरत नहीं हैं। जापानी इंसेफेलाइटिस घातक बीमारी है। इससे मौत या आजीवन दिव्यांगता हो सकती है। टीकाकरण के लिए जनपद में 7,84,336 बच्चों को चिन्हित किया गया है।


केन्द्रीय विद्यालय में बच्चों को टीका लगातीं एएनएम। ● अमृत विचार

### केन्द्रीय विद्यालय में 700 बच्चों को लगे टीके

**रामपुर, अमृत विचार :** संक्रमित मच्छरों से फैलने वाला इंसेफेलाइटिस वायरस घातक होता है। इससे बचाव के लिए जिले में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को सीआरपीएफ केन्द्रीय विद्यालय में 5 टीमों ने 712 बच्चों को टीके लगाए। डॉ. कुलदीप चौहान ने बच्चों के अभिभावकों को इंसेफेलाइटिस वायरस की जानकारी देते हुए कहा कि इस वायरस की रोकथाम ही एकमात्र इलाज है। एक से 15 साल के प्रत्येक बच्चे को प्रतिरक्षित होना जरूरी है। यदि एक भी बच्चा छूटता है तो उसे इस वायरस की चपेट में आने का खतरा बना रहेगा। इसकी रोकथाम के दो ही तरीके हैं। पहला जेई का टीका लगवा लेना चाहिए एवं दूसरा मच्छरों से खुद को बचाए रखें। इस दौरान प्रधानाचार्य अजय गुप्ता, डॉ. फसाहत हसन, एएनएम कृष्णा, मीना रानी, राजमालाश, प्रीति सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# भजन संध्या में पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में जन्माष्टमी के मौके पर भजन संध्या हुई। बच्चों व महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया।

समारोह का आरम्भ गणपति वंदना से किया गया। इसमें ग्रुप डांस में सरिता विश्नोई, भावना और जया, शेफाली और रूपम, विक्की ग्रुप के बच्चों ने प्रस्तुति दी। जन्माष्टमी महोत्सव में अलका जैन, नीता जैन, निशि अग्रवाल, नमिता गुप्ता, अंजू रस्तोगी, रूपम अग्रवाल, प्रतिभा गुप्ता, नीलम रस्तोगी ने ग्रुप डांस कर समा बांध दिया। सरिता विश्नोई, भावना गुप्ता, वीरांगना मांगलिक आदि ने भक्तिमय प्रस्तुति की। किड्स जी के बच्चों ने जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कृष्ण लीला प्रस्तुत कर मन मोह लिया। रुचि गुप्ता, साधना, रजनी सिंघल, नीलम रस्तोगी, रानी गुप्ता, श्रेया और हंसिका ने भक्तिमय भजन प्रस्तुत किए।


कार्यक्रम में राधा-कृष्ण बने कलाकार। ● अमृत विचार

● **शहर विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों को शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित**

कार्यक्रम में शहर विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों आशा अरोड़ा, डॉ. हेमलता, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. टीएन गुप्ता, अजय अग्रवाल, डॉ. वीवी शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बबिता रस्तोगी, रमा अग्रवाल, अंजू रस्तोगी, अंशू सिंघल, अश्वनी पावा, आभा गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, एसके गुप्ता, दिलीप रस्तोगी, विनीत रस्तोगी, ललित जैन, रीना अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, मुकेश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## 29 को तहसील परिसर में लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जनपद के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सेवायोजन विभाग ने रोजगार संगम पोर्टल लॉच किया है। इसके माध्यम से जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन पुरानी तहसील परिसर में 29 अगस्त बृहस्पतिवार को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा।

जिला रोजगार सहायता अधिकारी अभिषेक पन्त ने बताया कि रोजगार मेले में पुखराज हैल्थ केयर द्वारा वेलनेस एडवाइजर व मैनेजर तथा सुप्रजीत इंजीनियरिंग लिमिटेड कम्पनी नोएड़ा प्रोडक्शन, अप्रेंटिस ट्रैनी पदों पर भर्ती करेगी। प्रतिभागी अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। इसमें हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पार्टल पर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सेवायोजित हो सकते हैं।


राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

# स्कूल में मनाया जन्माष्टमी उत्सव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर के एक स्कूल में जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। इसमें बच्चों ने राधा-कृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया।

धुरियाई स्थित मॉडल प्राइमरी स्कूल गोकुल नगरी में जन्माष्टमी उत्सव हुआ। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। बच्चों ने विभिन्न झांकियों के रूप में रानी लक्ष्मीबाई, सुभाष चंद्र बोस, राधा-कृष्ण, गोपियों का स्वरूप धारण किया। कुछ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत होकर फौजियों की जीवन की गाथा पेश की। राधा-कृष्ण की बाल-लीला को भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रेशमा, रिया, अमृता, दिव्यांशी दिया, इशिका, अभिषेक, भूमि रौनक आदि अन्य बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विवेक यादव, ग्राम प्रधान दिवाकर सिकंदर, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## शिविर में किया 65 कैंसर रोगियों का परीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री राम मूर्ति स्मारक अस्पताल ने वीपी हेल्थ केयर सेंटर में शिविर लगाया। इसमें कैंसर रोग विशेषज्ञ ने 65 रोगियों का परीक्षण किया। शुक्रवार को वीपी हेल्थ केयर सेंटर में रोगियों के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.आयुष गर्ग ने विभिन्न प्रकार के कैंसर रोगियों का परीक्षण किया। शिविर में मार्केटिंग मैनेजर एहसान नदीम, अंकित मिश्रा, राशिद अली खां और डॉ.असीम शर्मा का योगदान रहा।


रोगियों का परीक्षण करते डॉ. आयुष गर्ग।


**कार्यालय थाना बहजोई जनपद सम्भल**

मु0अ0स0 806/16 ST NO 529/2017 धारा 363/366/376d/506 IPC थाना बहजोई जनपद सम्भल मे अभि० नेत्रपाल पुत्र गेन्दन लाल नि० ग्राम निजामपुर थाना रजपुरा जनपद संभल को 82 सीआरपीसी (हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा) की माननीय न्यायालय मे हाजिर न होने पर उद्घोषणा की एक प्रति अभि० के मकान के मुख्य दरवाजे पर चस्पा की गई। अगर अभियुक्त माननीय न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो उसकी चल संपत्ति कुर्क की जाएगी।

(विशाल शर्मा)
उ0नि0
थाना बहजोई जनपद सम्भल



**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MAHAK से बदलकर MEHAK रख लिया है। मेरी जन्मतिथि 08.07.2005 है। भविष्य में मुझे MEHAK नाम से जाना जाए। महक पुत्री खुर्शीद अहमद नावपुर, नईबस्ती, भोजपुर, मुरादाबाद

**नाम-परिवर्तन**

पहले मेरे नाम की स्पेलिंग AIJAZ HUSSAIN थी, जिसे बदलकर AIJAZ HUSAIN S/O ABRAR HUSSAIN R/O RETI STREET, MORADABAD है भविष्य में नए नाम से जाना जाए

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2001 अनुक्रमांक 0596835 के प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गये है। मौ० दानिश S/o मौ० इशाक पता ग्राम व पोस्ट गक्खरपुर डिलारी मुरादाबाद।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0625947 व इण्टरमीडिएट 2022 अनुक्रमांक 2225509236 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। सोनू S/o सुरेन्द्र पता बड़ा मन्दिर के पास पाकबड़ा मुरादाबाद।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0613652 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0502047 के प्रमाणपत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गये है। निखिल कुमार S/o लोकेन्द्र सिहं पता बड़ा मन्दिर के पास पाकबड़ा मुरादाबाद।

**NAME CORRECTION**

I, MOHD YAHYA, S/o. Mr. NUSRAT KAMAL R/O. KHINNI GALI, PEER GHAIB KAZDI TOLA, MORADABAD Passed Class X ICSE, Board registered UID No. is 7987844 from Wilsonia College Moradabad. My mother's name is mentioned in the registration as KHADEEJA KAMAL, whereas the correct name as per the Govt. ids of my mother is KHADEEJA. Kindly do the necessary correction in the records.


कार्यक्रम

राष्ट्रीय लोधी एकता मिशन ने निकाली तिरंगा यात्रा, शहीद गुलाब सिंह लोधी को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

# लोधी समाज का गौरव हैं अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोधी एकता मिशन ने शहीद गुलाब सिंह लोधी के 90वें बलिदान दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि शहीद गुलाब सिंह लोधी समाज के गौरव हैं। अमीनाबाद पार्क के नायक ने अंग्रेजों की आंखों में धूल झोंककर तिरंगा फहराया था।

आंबेडकर पार्क में हुए कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक ने शहीद गुलाब सिंह लोधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व श्रद्धा सुमन अर्पित करके किया। इसके बाद समाज के लोगों ने पुष्प अर्पित किए। शहर विधायक ने कहा कि शहीद गुलाब सिंह लोधी राष्ट्र प्रेम के सूचक हैं। 1935 में उन्होंने लखनऊ के अमीनाबाद पार्क में तब तिरंगा फहराया था, जब अंग्रेजी हुकूमत सत्याग्रहियों को खदेड़ रही थी। लेकिन गुलाब सिंह लोधी ने अंग्रेजों की आंखों में भी धूल झोंक दी और बैलगाड़ी के पैने में तिरंगा बांधकर फहरा दिया था। यह पूरे समाज के लिए गौरव की बात है। हमें उनके त्याग और बलिदान पर गर्व है।

राष्ट्रीय लोधी एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह लोधी ने कहा कि शहीद गुलाब सिंह ने गुलाम भारत को आजाद कराने में अपना योगदान दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने दूर-दराज से आए कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन किया। कहा कि हमें एकजुट होकर रहने की जरूरत है।



शहीद गुलाब सिंह लोधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक आकाश सक्सेना व अन्य।


शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा आंबेडकर पार्क से शुरू होकर गांधी समाधि पहुंची। यहां सभी ने महात्मा गांधी की समाधि और शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। तिरंगा यात्रा में संयोजक राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सह संयोजक बृजेश लोधी एवं मनीष लोधी, कार्यक्रम व्यवस्थापक राजेन्द्र सिंह लोधी, प्रमोद कुमार लोधी, दलवीर सिंह लोधी, शौर्य लोधी, मयंक लोधी, बादशाह लोधी, मोहन कुमार लोधी, कृष्ण अवतार लोधी, सोनू लोधी, रोहित कुमार लोधी, मोहन लाल लोधी, यादराम लोधी आदि शामिल रहे।

### मारपीट में चार पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** मोहल्ला कानून गोयान निवासी आसिम खां ने इकरार खां व उसकी पत्नी जहारा, हबीब एवं रऊफ की पत्नी नसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि इन चारों ने उसे गालियां दीं। विरोध पर लाठी-डंडे से पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 16/2024
रामप्रकाश
बनाम
1. शबीना परवीन पत्नी सलीम निवासी रहमत नगर गली न. 2 करूला निकट गौसिया मस्जिद मुरादाबाद।
(वाहन स्वामी)
2. जाकिर हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन निवासी जयन्तीपुर आजाद नगर शिवपुरी मिया कालौनी निकट आजाद पब्लिक स्कूल मुरादाबाद (वाहन चालक)

श्री रामप्रकाश ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 29.08.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

यावत्स्वस्थो ह्यय देह : तावन्मृत्युश्च दूरत : ।
तावदात्महितं कुर्यात प्रणांते किं करिष्यति ॥

जब तक शरीर स्वस्थ है, तभी तक मृत्यु भी दूर रहती है। अत : तभी आत्मा का कल्याण कर लेना चाहिए। प्राणों का अंत हो जाने पर क्या करेगा? केवल पश्चाताप ही शेष रहेगा।

## संपादकीय

# दागी जनप्रतिनिधि

भारत में इन दिनों महिला सुरक्षा का मुद्दा गंभीर चिंता का विषय है। कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या, कन्नौज में नाबालिग के साथ रेप जैसी घटनाओं से देश में आक्रोश है। इस बीच एडीआर यानी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिसर्च की ओर से एक रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट में उन जनप्रतिनिधियों की सूची है जिन पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। एडीआर रिपोर्ट कहती है कि 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें एक तिहाई से ज्यादा 54 मामले सत्ताधारी पार्टी यानी भाजपा से जुड़े हैं। कांग्रेस के 23 और टीडीपी के 17 नेताओं के खिलाफ इस तरह के मामले हैं। इसमें भी हैरान करने वाली बात यह है कि 151 में से 16 सांसदों-विधायकों पर दुष्कर्म से संबंधित मामलें हैं, जिनमें से दो मौजूदा सांसद हैं और 14 विधायक हैं। इससे कुत्सित बात और क्या हो सकती है कि एक ओर हमारे माननीय चुनाव के वक्त महिला सुरक्षा पर लंबी-लंबी बातें करते हैं, लेकिन वही नेता महिलाओं के खिलाफ हिंसा में संलग्न पाए जा रहे हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि हर चुनाव में ऐसे लोग भी बतौर उम्मीदवार किसी सीट पर अपना दावा पेश करते हैं और उनमें से कई जीत कर सांसद या विधायक भी बन जाते हैं, जिन पर गंभीर अपराधों के आरोप होते हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने अनिवार्य कर दिया था कि राजनीतिक दलों को सार्वजनिक रूप से जानकारी देनी होगी कि वे आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को क्यों टिकट दे रहे हैं। हालांकि एडीआर ने सिफारिश की थी कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जानी चाहिए। साथ ही एडीआर ने यह भी सिफारिश की, कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ अदालती मामलों का तय समय सीमा में समाधान किया जाना चाहिए और अदालतों द्वारा पुलिस जांच की निगरानी की जानी चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। अब सवाल उठता है कि यदि किसी जनप्रतिनिधि पर महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध करने या उसमें शामिल होने का आरोप है तो उससे महिलाओं के हक में ईमानदार लड़ाई की कितनी उम्मीद की जा सकती है? जनता के प्रतिनिधि कहे जाने वाले जो लोग खुद गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोपी होते हैं, वे कानून बनाने या बचाने के दायित्व के प्रति कितने गंभीर हो सकते हैं? ऐसे में दागी नुमाइंदों का संसद में पहुंचना देश के लिए ठीक नहीं है। संसद में दागी नेता न पहुंचे इसके लिए देश की जनता को सोच समझकर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। ताकि लोकतंत्र के मंदिर में स्वच्छ छवि के लोग पहुंचे।

# वित्तीय अनुशासन और विकसित भारत



प्रो .एच .सी .पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

आर्थिक विकास के नए विकल्पों पर विचार करने के प्रयासों का जिक्र हैं। इसके अंतर्गत युवाओं को रोजगार के अवसर उत्पन्न करने और साथ ही प्रति व्यक्ति आय को 2392 प्रति वर्ष से बढ़ा कर 18000 डॉलर प्रति वर्ष करने का लक्ष्य है।



विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक प्राप्त करने के लिए राज्यों को भी प्रयास करने होंगे। यदि सभी राज्यों में विदेशी निवेशकों का रुझान बढ़ेगा तो यह प्रयास वहां युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। साथ ही राज्य की जीडीपी बढ़ाने में भी सहायक होगा। विदेशी निवेशकों एवं कारोबारियों का भारत के प्रति पिछले कुछ वर्षों में आकर्षण अधिक बढ़ा है और यह क्रम लगातार जारी है। इस वर्ष अब तक बॉन्ड बाजार में एफपीआई निवेश एक लाख करोड़ से अधिक का हुआ है। हालांकि इक्विटी बाजार में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिसे नियंत्रित करने हेतु दीर्घकालिक योजना पर विचार करना होगा।

वैश्विक स्तर पर हो रही आर्थिक उथल-पुथल के कारण दुनिया की बड़ी-बड़ी आर्थिक शक्तियां मंदी का सामना कर रही हैं, इन आर्थिक संकटों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की गति लगातार बढ़ रही है और इसकी तेज गति से बढ़ने का अनुमान विश्व के विभिन्न संगठनों के द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु प्रस्तुत बजट के प्रावधानों से विकसित भारत का खाका स्पष्ट रूप से व्यक्त हो रहा है। बजट में 48 लाख 21 हजार करोड़ रुपए के व्यय के साथ 32 हजार सात सौ करोड़ रुपए की प्राप्तियों का अनुमान व्यक्त किया गया है और राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रयास भी बजट में स्पष्ट रूप से झलक रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.6 प्रतिशत रहा,जो कि संशोधित अनुमान 5.8 प्रतिशत से कम था। यह बेहतर कर संग्रह एवं वित्तीय अनुशासन के कारण ही संभव हो पाया, जिसमें शुद्ध कर प्राप्तियां 23.27 लाख करोड़ रुपये थे और कुल व्यय 44.43 लाख करोड़ रुपये रहा, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भी 9.49 लाख करोड़ रुपये खर्च किए। इस प्रकार हर बार के बजट में पूंजीगत व्यय का बढ़ना अर्थव्यवस्था के विकास के लिए शुभ संकेत माना जा सकता है।

चालू वित्त वर्ष (2024-2025) के लिए सरकार ने सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत या 16,85,494 करोड़ रुपये का राजकोषीय घाटा अनुमान लगाया है और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 4.5 प्रतिशत राजकोषीय घाटा हासिल करने की योजना है। यदि राजकोषीय घाटा अपेक्षा के अनुरूप रख पाने में कामयाबी मिलती है तो यह अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत करेगा, क्योंकि इसका मुख्य कारण वित्तीय अनुशासन के कारण कर संग्रहण के रूप में प्राप्त हो रहा राजस्व होगा,क्योंकि जहां एक और प्रत्यक्ष कर भुगतान करने वालों की संख्या में पिछले कुछ वर्षों में लगातार इजाफा हुआ है, नए करदाता लगातार बढ़ रहे हैं वहीं आय कर के स्लैब में बहुत अधिक बदलाव नहीं किए गए हैं। हालांकि स्टैंडर्ड डिडक्शन की राशि बढ़ाकर व टैक्स स्लैब में थोड़ा बदलाव करके निम्न-मध्य वर्ग को राहत जरूर दी गई है,लेकिन इससे कर संग्रहण मैं कोई खास कमी नहीं आएगी,बल्कि और अधिक राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही अप्रत्यक्ष कर के रूप में जीएसटी से प्रति माह सरकार को बड़ी धनराशि राजस्व प्राप्ति के रूप में मिल रही है।

इस वर्ष अप्रैल माह में जीएसटी संग्रहण से 2.10 लाख करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई, मई में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए, जून में 1.74 लाख करोड़ तथा जुलाई में यह संग्रहण 1.82 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया,जो पिछले वर्ष के तुलना में 14.4 प्रतिशत से अधिक है और यह संग्रहण प्रति माह व वर्ष बढ़ रहा है। लगातार बढ़ रहा जीएसटी संग्रहण राजस्व प्राप्ति को बढ़ाने में सहायक है। इससे राजकोषीय घाटे को भी नियंत्रित करना आसान होगा। इसके अलावा बैंकिंग संस्थाओं का एनपीए घटाने के लिए और अधिक निगरानी रखनी होगी और वित्तीय अनुशासन का एक मजबूत ढांचा विकसित करना होगा,जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक होगा। क्योंकि राजकोषीय घाटे का बढ़ना इस बात की संभावना कम कर सकता है कि सरकार अपने ऋणदाताओं को भुगतान कर पाएगी। इससे समाज में एक प्रकार की आर्थिक असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है। बजट में पूंजीगत खर्च के लिए 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है,जो पिछले वर्ष के बजट से काफी अधिक है और जीडीपी का लगभग 3.4 प्रतिशत के बराबर है। पिछले एक दशक के कालखंड पर दृष्टि डाली जाए तो बजट में पूंजीगत व्यय का प्रावधान हर बार बढ़ाया गया है, जो दीर्घकालीन आर्थिक विकास की योजनाओं को प्रतिबिंबित करती है। इस प्रकार के प्रावधानों से रोजगार के नए क्षेत्र एवं नए-नए अवसर उपलब्ध होने की संभावनाएं प्रबल होती हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रावधान सिर्फ बजट तक ही सीमित नहीं है,बल्कि इसका जिक्र हाल ही में संपन्न नीति आयोग की बैठक में सरकार द्वारा प्रस्तुत अप्रोच पेपर से भी स्पष्ट होता है।

आर्थिक विकास के नए विकल्पों पर विचार करने के प्रयासों का जिक्र हैं। इसके अंतर्गत युवाओं को रोजगार के अवसर उत्पन्न करने और साथ ही प्रति व्यक्ति आय को 2392 प्रति वर्ष से बढ़ाकर 18000 डॉलर प्रति वर्ष करने का लक्ष्य है। देश की जीडीपी वर्तमान में 3.36 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य के साथ ही जीवन प्रत्याशा आय को बढ़ाकर 84 वर्ष करने, इन्फेंट मोर्टालिटी रेट को काम करने, साक्षरता को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखा गया है और टोटल फर्टिलिटी रेट एफआर लगातार गिर रहा है उसको बढ़ाने का भी प्रावधान है। इसके अलावा मेक इन इंडिया अभियान के तहत भारतीय व्यवसायियों के लिए आवश्यक है कि वे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपने उत्पाद निर्मित करें,जिससे भारतीय उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़े, विशेष रूप से यूरोपीय देशों और अमेरिका के बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ाना तभी संभव होगा जब हमारे उत्पाद वहां उपलब्ध उत्पादों की तुलना में अधिक गुणवत्ता युक्त होंगे। इस प्रकार के प्रयासों से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने से निर्यात भी बढ़ेगा,जिससे व्यापार घाटा भी संतुलित रहेगा।

विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक प्राप्त करने के लिए राज्यों को भी प्रयास करने होंगे। यदि सभी राज्यों में विदेशी निवेशकों का रुझान बढ़ेगा तो यह प्रयास वहां युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। साथ ही राज्य की जीडीपी बढ़ाने में भी सहायक होगा। विदेशी निवेशकों एवं कारोबारियों का भारत के प्रति पिछले कुछ वर्षों में आकर्षण अधिक बढ़ा है और यह क्रम लगातार जारी है। इस वर्ष अब तक बॉन्ड बाजार में एफपीआई निवेश एक लाख करोड़ से अधिक का हुआ है। हालांकि इक्विटी बाजार में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिसे नियंत्रित करने हेतु दीर्घकालिक योजना पर विचार करना होगा।

## प्रसंगवश

# प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन की यात्रा पर गए हैं। अब से कोई ढाई वर्ष पहले इस देश पर विश्व की महाशक्ति रूस ने आक्रामण किया था। तब से अब तक दोनों ओर की कितनी ही जन धन हानि हुई है।

अमेरिका व उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के देश यूक्रेन की कुछ स्पष्ट और कुछ परोक्ष मदद करते रहे हैं, अन्यथा अब तक कभी का यूक्रेन रूस के कब्जे में आ जाता, फिर भी रूस यूक्रेन के कुछ भागों पर कब्जा करने में सफल हो चुका है। मोदी ने न तो रूस को आक्रमणकारी घोषित किया और न ही यूक्रेन की कोई ठोस मदद ही की। उल्टे संयुक्त राष्ट्र संघ में जब जब यह मुद्दा उठा,तब तब ऐसा स्टैंड लिया, जिससे रूस की ही मदद हुई। रूस पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जाने पर मोदी ने वहां से तेल की रिकार्ड खरीद करके उसे लाभ पहुंचाया।

कुछ दिन पहले मोदी रूस गए थे। ठीक तभी रूस ने यूक्रेन के बच्चों के एक अस्पताल पर बमबारी की,जिसमें 37 बच्चे मारे गए, किंतु मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाया। अमेरिका, पश्चिम और यूक्रेन इन बातों से मोदी से नाराज हैं। यूक्रेन ने तो यहां तक कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हत्यारे को गले लगा रहा है। हाल ही में यूक्रेन ने अमेरिकी मदद से रूस पर बढ़त बना ली है और उसकी एक हजार किलोमीटर से ऊपर जमीन पर कब्जा कर लिया है। मास्को पर भी ड्रोन हमले किए हैं। सूचनानुसार अमेरिकी भाड़े के सैनिक भी इस युद्ध में अब भाग ले रहे हैं। जिस रूसी इलाके पर यूक्रेन ने कब्जा कर लिया है,वहां के स्थानीय नागरिकों ने मीडिया को बताया कि उन्होंने यूक्रेन पक्ष के सैनिकों को अमेरिकी और फ्रेंच भाषा बोलते सुना।

अतः अब रूस अपनी इज्जत बचाने का रास्ता ढूंढ रहा है। अनुमानतः मोदी रूसी एजेंडे को ही कामयाब बनाने हेतु यूक्रेन गए हैं और येन-केन-प्रकारेण युद्ध बंद कराने की कोशिश करेंगे। अमेरिका और नाटो मोदी मिशन को कतई कामयाब नहीं होने देना चाहेंगे। वे पस्त होते रूस को संभालने का मौका क्यों देंगे? अलबत्ता रूस बार-बार परमाणु हमलों की धमकी भी देता है,जो अमेरिका और पश्चिम कभी नहीं चाहेंगे। ऐसे में मोदी की यूक्रेनी यात्रा में किस करवट ऊंट बैठता है, यह देखने लायक होगा।

# खटाई में पड़ा लैटरल नियुक्ति का मामला



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अब मौजूदा सपाई विपक्ष को यह लैटेरल एंट्री दलित चेतना का उभार लगती है। वोटों के जुआरी फिर मैदान में आ डटे हैं। ऐसे में भाजपा की रणनीतिक चूकें आश्चर्य में डालती हैं।

सहयोगी दलों की सहमति और उन्हें विश्वास में लिए बिना लैटेरल नियुक्ति का मामला तो फिलहाल खटाई में पड़ गया है और सरकार की किरकिरी भी हो गई। जाहिर है कि यह निर्णय मौजूदा स्थितियों में बिना इसके आनुषंगिक प्रभावों के आकलन के लिए ही ले लिया गया। राहुल गांधी और कांग्रेस के दीगर गला फाड़ चिल्लाने वाले नेतागण काठ की हांडी चढ़ाने का एक और मौका पा गए, जबकि सभी जानते हैं कि यह व्यवस्था लंबे समय से कांग्रेस सरकार में चलती रही, मगर अब वही दलित विरोधी और संविधान के विरुद्ध हो गई है।

भाजपा अपने अभी उसी पुराने तेवर में यह भूल गई कि उसके गठबंधन में गिरगिटी कैरेक्टर वाले दल भी हैं। चिराग पासवान को तो मोदी का हनुमान कहा जाने लगा था। दंडवत होकर मोदी के श्रीचरणों का स्पर्श करना फिर मोदी की उन्हें अंकवार में भर लेने की स्नेहवत्सलता हम सभी ने टीवी प्रसारणों में देखी थी। अब गिरगिट ने रंग बदल दिया। केंद्र में मंत्री बनने के लिए ही वह एक दिखावे की शराफत थी। बशीर बद्र के एक मशहूर शेर की याद हो आई-यूंही रोज मिलने की आरजू बड़ी रख रखाव की गुफ्तगू, ये शराफतें नहीं बेगरज उसे आपसे कोई काम है। दूसरे दल के मुखिया तो खैर पलटूराम कहे ही जाते हैं। भाजपा सरकार को इनसे आगे भी सजग रहना है।

उत्तर प्रदेश का विपक्ष भी कांग्रेस का ही भोंपू बना हुआ है। सुर में सुर मिलाने से वोटों की आमद हो जाए तो आखिर पीछे क्यों रहें। यहां पीडीए का जुमला जोर-शोर से उछाला जा रहा है। लाल टोपी वाले भाईजान का बड़ा जोरदार वक्तव्य अखबारों की सुर्खियों में है- "लैटेरल एंट्री को वापस लेने का निर्णय पीडीए चेतना की जीत"। भई वाह, यह दलित चेतना तब कहां थी जब आपके शासन काल में कितने ही गैर यूपीएससी भर्ती वाले आईएएस को लैटेरल एंट्री दी जा रही थी?

एक वाकया तो मुझे भी अच्छी तरह याद है। उन दिनों मैं बनारस में पदस्थ था। एक विभागीय कार्य के सिलसिले में जिले के ही एक ब्लाक मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय पर पहुंचा तो वहां एक आईएएस अधिकारी की नेमप्लेट लगी देखी। ट्रेनी आईएएस की आरंभिक पदस्थता में मैदानी कार्यविधि की जानकारी के लिए ऐसी पोस्टिंग एक सामान्य प्रक्रिया है, मगर जब भीतर दाखिल हुआ तो जोरदार हैरत हुई। सामने का शख्स यही कोई पचास वर्षीय वय का था। मैं एक युवा चेहरे की कल्पना किए भीतर प्रविष्ट हुआ था। अचकचाते हुए मैंने पूछा कि क्या बीडीओ साहब आप ही हैं? कभी-कभी अधिकारियों की विदाई के बाद नेमप्लेट कुछ दिनों स्टाफ की लापरवाहीवश सुशोभित होती रहती है। मैं इस मुगालते में आ गया। मगर जब उन्होंने बिना आपत्ति दर्ज किए एकदम अनपेक्षित शिष्टाचार से जवाब दिया तो मेरा संदेह मिटा। वे वहां आईएएस सेवा में लैटेरल एंट्री के तत्काल पश्चात अल्पकालिक अवधि के प्रशिक्षण पर आए थे। पहले फल-फूल वाले विभाग में लखनऊ में संयुक्त निदेशक थे। स्थिति साफ हो चुकी थी। वे तत्कालीन सपा सरकार की कृपा स्वरुप आईएएस बने थे। अपनी वरिष्ठता के बावजूद भी एक निम्नतर ब्लाक स्तरीय पद पर कार्यरत होकर भी सुखाभास कर रहे थे।

तदनंतर बातचीत में अनौपचारिक हो गए, बताया कि वे फलां सीधी भर्ती के आईएएस अधिकारी के कनिष्ठ भ्राता श्री हैं। संयोग से उनके वही अग्रज मेरे सहपाठी थे और नेता जी के गुडबुक्स में होने के उपहार स्वरूप अपने भाई को भी आईएएस बनवा बैठे थे। एक ऐसे ही चिकित्सा विभाग के सीनियर अधिकारी भी लैटेरल एंट्री से भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में आ घुसे थे। उनको भी यह पदवी प्रसाद स्वरूप मिली थी। ऐसी भर्तियों को असली वाले आईएएस कैसे लेते हैं, यह तो मैं नहीं जानता। मगर मुझे यह बिल्कुल अच्छा नहीं लगता कि विशेषज्ञता के उच्च पद पर होकर भी ऐसी पदावनति की पोस्टिंग पाई जाए। यह तो स्वाभिमान और आत्मसम्मान को धता बता देना है।

अब मौजूदा सपाई विपक्ष को यह लैटेरल एंट्री दलित चेतना का उभार लगती है। वोटों के जुआरी फिर मैदान में आ डटे हैं। ऐसे में भाजपा की रणनीतिक चूकें आश्चर्य में डालती हैं। दो राज्यों में विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश में उप चुनाव आसन्न हैं। क्या भाजपा इससे बेखबर है। किस खाम ख्याली में डूबी हुई है यह पार्टी? क्या अब पराभव का वक्त आ पहुंचा है?

## सोशल फोरम

# सौहार्दपूर्ण व्यवहार



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बीते दिनों बदायूं से आश्चर्यजनक खबर आई है कि रक्षाबंधन के दिन एक दामाद बरसात की वजह से ससुराल पहुंचने में लेट हो गया। फलस्वरूप अपने ससुर साले और बीबी के हाथों लिटा लिटाकर कूटा गया। दामाद पिटा। रोया। भागा। थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज करवाई। उससे पुलिस बेहद सहानुभूति पूर्वक पेश आई। उसे फस्ट एड भी मुहैया करवाया और फौरन कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।

ससुराल वाले दामाद को पीट दे यह कोई बड़ी बात नहीं। पर पुलिस वाले ऐसा मरहम-पट्टी टाईप का व्यवहार करें ये ताज्जुब की बात। ऐसा आचरण उन्हें शोभा नहीं देता। पुलिस वाले यदि फ़रियादियों से ऐसे प्रेम से पेश आने लगेगी तो उनकी क्या इज्जत रह जाएगी? कैसे काम चलेगा? हम जानते हैं पुलिस काम नहीं करती उसका डर काम करता है। यदि लोग पुलिस से डरना बंद कर देंगे तो बड़ी गड़बड़ी हो जाएगी। मौका भर मिल जाए। हमारे यहां हर आदमी तड़प रहा है। कानून तोड़ने के लिए। कानून चुनौती देता है हमें। उकसाता है कि आओ हमें तोड़कर दिखाओ। हम तभी तक सज्जन हैं। जब तक मौका न मिले। हम लोग शरीफ हैं ही इसलिए क्योंकि पुलिस है और पुलिस के पास डंडा है। आप इस गलतफहमी में मत रहिए की पुलिस का डंडा बदमाशों के लिए है। बदमाश पुलिस से सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने में हमेशा तत्पर बने रहते है और पुलिस भी उनका लिहाज करती है। इसलिए करती है कि बदमाश कब क्या हो जाए इसका कोई ठिकाना नहीं। पुलिस का काम है बदमाश होने के लिए छटपटा रहे आम लोगों को तमीज में रखे। ताकि वे हो चुके बदमाशों का मार्केट खराब न करें और खुद उन्हें फिजूल की भागदौड़ न करनी पड़े।

पुलिस मरहम लगाए ये बात ठीक नहीं। पुलिस समर्थ की इज्जत करती है। उसे पिटा आदमी पसंद नहीं आता। ऐसे नाजुक मौके पर यदि वो आपको चार लाते न लगाए। कॉलर पकड़ कर गरियाए नहीं। तो उसे कौन पुलिस मानेगा? सोचकर देखिए, उस पिटे दामाद को पुलिस के ऐसे व्यवहार से कितना सदमा पहुंचा होगा? पुलिस से अपील है कि वो आगे कभी ऐसे मदर टेरेसा टाईप के काम न करें। ऐसा इसलिए भी जरूरी है ताकि उनकी साख बनी रहे और उनके रौब की वजह से देश मे अमन-चैन कायम रहे।

-फेसबुक वॉल से

# कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक लाभ से वसूली गैरकानूनी



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

सुप्रीम कोर्ट ने सैयद अब्दुल कादिर मामले में कहा है कि निस्संदेह, शिक्षकों को अतिरिक्त राशि का भुगतान किया गया है, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई गलत बयानी या धोखाधड़ी नहीं की थी।

कर्मचारियों का पहले त्रुटि पूर्ण वेतन निर्धारण और सेवानिवृत्ति के समय या उसके बाद अधिक भुगतान की गई धनराशि की वसूली को समय-समय पर सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय ने अविधिक करार दिया है। स्पष्ट रूप से कहा है कि इस तरह सेवानिवृत्त हुए या उसके कगार पर खड़े कर्मचारियों से वसूली न की जाए,लेकिन चिंता का विषय है कि अधिकारी, सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिपादित कानून (लॉ) को शासनादेश व नियमावली के आगे मानने को तैयार ही नहीं है। वे इन निर्णयों में न्यायालयों के मानवीय पक्ष को भी समझना नहीं चाहते हैं।

सुप्रीम कोर्ट पूर्व में कई बार दोहरा चुका है कि सेवानिवृत्तिक लाभों से गलत वेतन निर्धारण के कारण वसूली अन्यायपूर्ण व मनमाना कार्य है। अधिकारियों के मनमानेपन से जुड़े इस विषय को विगत दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रविशंकर त्रिपाठी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य के मामलें में गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि इस विषय में कानून की स्थिति को अच्छी तरह से जानते हुए अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून का उल्लंघन करके वसूली का अनुचित आदेश पारित किया है। सेवानिवृत्त कर्मचारी को परिहार्य मुकदमेबाजी में धकेल दिया है। ऐसे में अधिकारी गण दंडात्मक हर्जाना के पात्र हैं। हाईकोर्ट ने सभी संबंधित को आदेशित किया है कि याची रविशंकर त्रिपाठी के बैंक एकाउंट में कटौती राशि 3,12,926 छह सप्ताह के अंदर जमा (क्रेडिट) करें। पुलिस मुख्यालय लखनऊ के वित्त नियंत्रक और अपर आयुक्त पुलिस (एकाउंट) कानपुर को 20,000 हर्जाना याची को अदा करने का भी आदेश दिया। याची रविशंकर त्रिपाठी उप निरीक्षक पुलिस को सेवानिवृत्ति की तिथि से दो माह पहले 6 मार्च 2024 को उनके ग्रेच्युटी से 3,12,926 की कटौती का आदेश दिया और इस राशि की कटौती कर ली गई।

समूह 'ग' के सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रीत्रिपाठी ने कटौती आदेश की वैधता को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। निर्णय में हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्टेट ऑफ पंजाब व अन्य बनाम रफीक मसीह व अन्य (2015) 4 एससीसी 334, थॉमस डेनियल बनाम स्टेट ऑफ केरल व अन्य 2022 एससीसी ऑनलाइन एससी 536, बी जे अकारा बनाम गवर्नमेंट ऑफ इंडिया (2006) 11 एससीसी 709, सैयद अब्दुल कादिर बनाम स्टेट ऑफ बिहार 2009 3 एससीसी 475 और जगदीश प्रसाद सिंह बनाम स्टेट आफ बिहार व अन्य 2024 एससीसी ऑनलाइन एस सी 1909 के विनिश्चयों को उद्धरित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिक भुगतान की वसूली से जुड़े बी.जे. अकारा मामले में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह की थी कि न्यायालय अधिक भुगतान की वसूली पर रोक लगाने की राहत कर्मचारियों के किसी अधिकार के कारण नहीं देती है, बल्कि वसूली से उत्पन्न कठिनाई से राहत देने के लिए देती है। एक सरकारी कर्मचारी विशेष रूप से सेवा के निचले पायदान पर प्राप्त वेतन को अपने परिवार के भरण-पोषण पर खर्च हक मानकर करता रहता है। चूंकि अधिक भुगतान की वसूली के लिए बाद की कोई भी कार्रवाई उसकी कठिनाई का कारण बनती है, इसलिए उसे राहत दी जाती है।

सुप्रीम कोर्ट ने सैयद अब्दुल कादिर मामले में कहा है कि निस्संदेह, शिक्षकों को अतिरिक्त राशि का भुगतान किया गया है, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई गलत बयानी या धोखाधड़ी नहीं की थी। शिक्षकों को यह भी पता नहीं था कि उन्हें देय राशि से अधिक भुगतान किया गया है। अधिक भुगतान उन पर लागू नियम की गलत व्याख्या का परिणाम था, जिसके लिए कर्मचारियों (अपीलकर्ता) को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अधिकांश लाभार्थी या तो सेवानिवृत्त हो चुके हैं या सेवानिवृत्त होने के कगार पर हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों के दृष्टिगत शिक्षकों को किसी भी कठिनाई से बचाने के लिए उन्हें भुगतानित अधिक राशि की कोई वसूली नहीं की जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नल बी जे अकारा और सैयद अब्दुल कादिर के दृष्टांत का उल्लेख रफीक मसीह मामले में किया है। यहां न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि सेवा के निचले स्तर के कर्मचारी अपनी पूरी कमाई अपने परिवार के पालन-पोषण और कल्याण पर खर्च कर देते हैं। यदि अधिक भुगतान राशि वसूलने की अनुमति दी जाती है तो कर्मचारी को नियोक्ता को होने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक कठिनाई होगी।

समूह 'ग' व 'घ' के कर्मचारी भले ही देय से अधिक वेतन प्राप्त किए हों,लेकिन उनसे सेवानिवृत्त के एक साल पहले या सेवानिवृत्त के समय वसूली न की जाए। ये कर्मचारी वेतन का गलत निर्धारण स्वयं नहीं करते हैं। उनसे ऐसी वसूली अन्यायपूर्ण और मनमानीपूर्ण होने के साथ ही भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित अधिदेश (मैंडेट) का भी उल्लंघन होगा।

# न्याय की बाजीगरी



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन के मामले में बाबा रामदेव, बालकृष्ण व पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा माफी मांग लेने के बाद उनके विरुद्ध चल रही अवमानना कार्यवाही बंद कर दी है। पतंजलि ने अपनी दवाइयों का भ्रामक विज्ञापन कर जो कमाई की, उन दवाओं के अनावश्यक सेवन से मरीजों पर जो दुष्प्रभाव पड़ा उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। आर्थिक अपराध में फंसने के बाद भी धन्नासेठ दोषियों पर ठोस कार्रवाई कम ही होती है।

दुष्कर्म के दोषी कथावाचक संत आशाराम बापू को भी इलाज कराने हेतु 7 दिन की जमानत मिल गई है। इससे संत जी के शिष्यों में उत्साह का माहौल है। साध्वी दुष्कर्म व हत्या के मामले में दोषी डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम सिंह को सातवीं बार 21 दिन का पेरोल मिल गया है। इन्हें 17 जून 2022 को 30 दिन का पेरोल मिला था, उसके बाद वह बीते वर्ष 15 अक्टूबर को दूसरी बार, 21 जनवरी को तीसरी बार, 30 मार्च को चौथी बार, 20 अगस्त को पांचवी बार और 13 दिसंबर को छठी बार पेरोल पर बाहर आए थे। दो वर्ष में सात बार पेरोल पर छूटने का यह ऐसा रिकार्ड है,जिसे हर सजायाफ्ता तोड़ना चाहेगा।

ऐसी सजा का क्या फायदा, जिसमें कैदी को मनमाफिक पेरोल मिलती रहे। कांग्रेस हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को जोड़कर इसे देख रही है।

कहा जाता है कानून की दृष्टि में सब बराबर होते हैं, लेकिन यह सबसे बड़ा झूठ है। साधनहीन गरीबों और सुविधासंपन्न अमीरों के कानून में जमीन आसमान का अंतर होता है।

## एक नजर

### पत्नी से विवाद पर पति ने खाया जहरीला पदार्थ

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी ई रिक्शा चालक का कई दिनों से पत्नी से विवाद चल रहा है। शुक्रवार को विवाद इतना बढ़ गया कि चालक ने पत्नी की बातों से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन में परिजन चालक को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

### सड़क पर फिसलकर गिरी बाइक, चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** बरेली जिले के गांव खुर्द नवाबपुर निवासी श्रवण शुक्रवार को अपने फुफेरे भाई बदायूं जिले के बिल्सी निवासी सुधीर के साथ बाइक से दिल्ली जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव गैलुआ के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे श्रवण गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर एकत्र हुए आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जबकि हादसे में सुधीर बाल-बाल बच गया।

### नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन निवासी महिला ने शुक्रवार को बहजोई में एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी कुलदीप सिंह गुनावत को शिकायती पत्र सौंपा। आरोप लगाते हुए कहा कि बीस दिन पहले मुहल्ला का युवक 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। युवक गुरुवार की दोपहर तीन बजे अपने दो भाइयों और मां के साथ घर में घुस आया। उसने घर में रखे एक लाख रुपये व जेवर चोरी कर लिए और शादी करने के लिए युवक परिजनों संग जबरदस्ती किशोरी का अपहरण कर साथ ले गया।

### बाइकों की भिड़ंत में घायल

**संभल, अमृत विचार :** गांव धिमियावली निवासी विपिन कुमार शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर किसी काम से संभल आया था। मुख्य बाजार में जाते समय विपिन की बाइक में जिला अस्पताल के पास दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें विपिन चोटिल हो गया। इसके बाद विपिन की दूसरी बाइक सवारों से कहासुनी हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को रफा दफा कराया।

# पुलिस चौकी में फंदे पर झूला ग्रामीण, हंगामा

## दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारा, परिजनों ने पुलिस कर्मी को घेरा, डॉक्टर के कमरे में छिपकर खुद को बचाया

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में ग्रामीण ने पुलिस चौकी के कमरे में फंदे से लटककर जान देने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर ग्रामीण को नीचे उतारकर आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में परिजन व ग्रामीण पुलिस पर हमलावर हुए तो पुलिस कर्मी ने डाक्टर के कमरे में छिपकर खुद को बचाया। बाद में एएसपी ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर हालात संभाला।

थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी हरि बाबा बांध धाम अंतर्गत ग्राम पंचायत मौलनपुर के मजरा धर्मपुर में दो माह पहले महेंद्र का बेटा अर्जुन प्रेम प्रसंग के चलते परिवार के ही भूरे सिंह की बेटी जगरोशनी को भगाकर ले गया था और फिर उससे शादी कर ली थी। अब अर्जुन जगरोशनी को गांव में रखना चाहता था जबकि महेंद्र इस बात का विरोध कर रहा था। परिजनों का कहना है कि इसी विवाद में शुक्रवार को पुलिस कर्मी भूरे को पकड़कर पुलिस चौकी ले गये थे। पुलिस चौकी में उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया था। उसी कमरे में अचानक भूरे गमछे से गले में फंदा डालकर कमरे के कुंडे से झूल गया। पुलिसकर्मियों ने देखा तो तुरंत गेट तोड़कर भूरे को बाहर निकाला। गंभीर हालत में भूरे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया।

- एएसपी ने मौके पर पहुंचकर कई थानों की पुलिस बुलाकर हालात संभाला

उधर, भूरे के परिजन भी सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने जमकर बवाल किया। भूरे को पकड़कर लाने वाले सिपाही पर भीड़ हमलावर हुई तो सिपाही ने डाक्टर के कमरे में छिपकर जान बचाई। बवाल की सूचना पर एएसपी श्रीश चंद्र, थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक जुनावई अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। एएसपी ने किसी तरह परिजनों को समझाकर शांत किया। वहीं डॉक्टर ने भूरे का उपचार करते हुए हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।


फंदे पर लटकने के बाद सीएचसी से घायल को हायर सेंटर लेकर जाते परिजन। ● अमृत विचार

"दिनेश की शिकायत के बाद चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को पुलिस चौकी पर बुलाया था। उसी दौरान आरोपी भूरे ने फंदे पर लटकने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कर्मियों ने तुरंत उसे उतारकर अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत सामान्य और खतरे से बाहर है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। -कुलदीप सिंह गुनावत, पुलिस अधीक्षक संभल


अपर पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी बात रखते ग्रामीण के परिजन।

### परिजनों का आरोप, पुलिस ने ही फंदे पर लटकाया

**संभल, अमृत विचार :** हरिबाबा धाम पुलिस चौकी के कमरे में भूरे फंदे पर झूला तो पुलिस कर्मी उसे आनन फानन में रजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। परिजनों को पता चला तो वह भी अस्पताल पहुंच गये। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस कर्मी उस पर दबाव बना रहे थे कि वह जैसा कह रहे है वैसा मान ले। भूरे नहीं माना तो उसके कमरे में फंदे पर लटकाकर यातनाएं दीं।

### पुलिस ने मारपीट कर बनाया दबाव तो फंदे पर झूला भूरे

**संभल, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत मौलनपुर के मजरा धर्मपुर में भूरे व महेंद्र के घर आसपास हैं और दोनों एक ही परिवार के हैं। भूरे के परिजनों का कहना है कि महेंद्र के लड़के अर्जुन ने भूरे की जिस लड़की को भगाकर उससे शादी की वह रिश्ते की बहन लगती है। दावा यह भी है कि दोनों एक दूसरे को राखी बांधते थे। ऐसे में भूरे इस बात के लिए बिल्कुल तैयार नहीं था कि उसकी बेटी अर्जुन की पत्नी बनकर गांव में उसके सामने रहे। महेंद्र व उसका बेटा अर्जुन भूरे की बेटी को गांव में ही रखने का प्रयास कर रहे थे और उन्होंने ही पुलिस से भूरे की शिकायत की थी। शुक्रवार को हरि बाबा धाम पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों ने भूरे को पकड़कर ले जाने के बाद बेटी के गांव में रहने का विरोध न करने का दबाव बनाया तो आहत होकर वह जान देने के लिए फंदे पर झूल गया।

# इंटीग्रेटेड लैब को मिली मंजूरी 121 तरह की जांच हो सकेंगी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- जिला अस्पताल में तीसरी मंजिल पर स्थापित पैथोलॉजी लैब को ही बनाया जाएगा एकीकृत लैब

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने जिला अस्पताल संभल में इंटीग्रेटेड लैब को मंजूरी दी है। इस लैब में 121 तरह की जांचें हो सकेंगी। जिसमें हार्मोन की जांच की शामिल है। अस्पताल प्रशासन ने पूर्व में संचालित पैथोलॉजी लैब को ही इंटीग्रेटिड लैब बनाने का मन बनाया है। नामित संस्था को जांच से संबंधित मशीनें और उपकरण उपलब्ध कराने हैं।

जिला अस्पताल संभल में मरीजों की सहूलियत के लिए कई काम हो चुके हैं। अब मरीजों को विभिन्न जांचें कराने के लिए इधर-उधर भी नहीं भटकना पड़ेगा। क्योंकि प्रदेश सरकार ने अस्पताल में इंटीग्रेटेड लैब को मंजूरी दी है। अस्पताल के सीएमएस डॉ.राजेंद्र सिंह ने बताया कि इंटीग्रेटेड लैब में पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, टीबी की जांच के साथ हार्मोन की जांच होगी।




थायराइड, एलएच, विटामिन बी 12, एफएसएच, विटामिन डी 3, पीएसए समेत 121 तरह की जांच की व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में संचालित पैथालॉजी लैब को ही इंटीग्रेटेड लैब का रूप दिया जाएगा। इसके लिए जगह की व्यवस्था कर ली गई। नामित संस्था द्वारा लैब में मशीनें और उपकरण लगाने होंगे। बहरहाल, जिला अस्पताल में इंटीग्रेटेड लैब बन जाने से मरीजों को इलाज में सहायता मिलेगी।

# तीन बिजलीघरों पर लगेंगे 5 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**सहमति**

- भाकियू असली के पदाधिकारियों और बिजली विभाग के अधिकारियों में हुई वार्ता

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारियों और बिजली विभाग के अधिकारियों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर वार्ता हुई। जिसमें बिजली विभाग की ओर से कई घोषणा की गई और सहमति भी बनी।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम की मौजूदगी में भारतीय किसान यूनियन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी और अन्य पदाधिकारियों की वार्ता हुई। वार्ता के दौरान चारों उपखंड अधिकारी भी रहे। इस बीच ऐंचौड़ा कम्बोह, टांडा, फत्तेहपुर सराय आदि बिजलीघरों पर पांच एमबीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने पर सहमति बनी। विभाग ने ईस्ट 2 का जर्जर तार दो दिन में बदलने की घोषणा की। लखौरी बिजलीघर का चौथा फीडर 10 दिन में चालू करने की सहमति बनी। घरेलू बिल ठीक करने और खराब मीटर बदलने व अन्य कई मुद्दों पर विभाग ने सहमति जताई। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष चौधरी अर्जुन सिंह, कामेश त्यागी, रवि चौधरी, अफीज, वसीम, नरेंद्र त्यागी, यमन चौधरी, इंद्रपाल यादव, राकेश यादव आदि रहे।

# झोलाछाप के इलाज से 7 साल की बच्ची की मौत, दो अस्पताल सील

संवाददाता,बहजोई

- परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप
- बुखार आने पर परिजनों ने अस्पताल में उपचार को बच्ची को कराया भर्ती

**अमृत विचार:** झोलाछाप के उपचार के दौरान 7 वर्षीय बच्ची की अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से चल रहे अस्पताल को सील कर दिया। एक अन्य अस्पताल को भी सील किया गया है।

बहजोई के गांव रमपुरा निवासी 7 वर्षीय परी पुत्री देवपाल को बुखार आया तो उसने बहजोई के गांव श्रीनगर का कनेटा रोड पर स्थित जीवन हेल्थ केयर पर चिकित्सक से सलाह ली थी। चिकित्सक ने बच्ची की हालत गंभीर बताते हुए अपने अस्पताल में भर्ती कर लिया। कुछ ही घंटे बाद उपचार के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी। नोडल अधिकारी विश्वास अग्रवाल ने जांच की तो आयुर्वेद से अस्पताल पंजीकृत पाया गया। जिसमें एलोपैथी से उपचार किया जा रहा था। जिस पर नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया।


अस्पताल पर सील लगाते नोडल अधिकारी विश्वास अग्रवाल।

वहीं दूसरी ओर गांव चितनपुर मार्ग पर एकेआर हेल्थ केयर सेंटर में भी एलोपैथिक की दवा से उपचार के भी सबूत मिले। जिस पर टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास अग्रवाल ने बताया कि दोनों ही अस्पतालों के संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप


डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह महोत्सव में मौजूद बच्चे।

### ज्ञान ही नहीं संस्कार भी देती है संस्कृत भाषा

**बबराला, अमृत विचार :** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल बबराला में संस्कृत सप्ताह महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में कक्षा पांच से लेकर आठ तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया।संस्कृत सप्ताह महोत्सव का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रार्थना सभा भी संस्कृत में ही हुई। जिसमें सरस्वती वंदना, सुविचार, संस्कृत वार्ता, वैदिक मंत्रों का स्वर में गायन तथा मंच संचालन भी संस्कृत भाषा में ही किया गया। छात्रों द्वारा वाद्य यंत्रों के माध्यम से संस्कृत गीत 'कालिदासो जने-जने, कंठे-कंठे संस्कृतम्' की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिससे संपूर्ण सभागार गुंजायमान हो गया। प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषा है। यह अत्यंत सरल, मधुर तथा वैज्ञानिक भाषा है। संस्कृत भाषा संस्कार देने वाली भाषा भी है। यह भाषा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है।

### ग्रामीणों ने जल निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** संभल विकासखंड में जल जीवन मिशन योजना के तहत मुहल्ला में ओवरहेड टैंक में मानक के अनुरूप सामग्री न लगाने के विरोध में ग्रामीणों ने जल निगम के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। विकासखंड क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी राधेश्याम ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत ओवरहेड प्लास्टिक की टंकी रखने के लिए लोहे की एंगल से बने फाउंडेशन के पिलरर्स पर कार्यदायी संस्था के ठेकेदार ने पूरी संख्या में नट बोल्ट नहीं लगाए हैं। जिससे तेज हवा व आंधी आने पर फाउंडेशन गिर सकता है। जिसकी वजह से कभी भी हादसा हो सकता है। नट बोल्ट लगाने व सौर उर्जा के पैनल लगाकर समरसैंबल चलाकर घरों में पानी की आपूर्ति कराने की मांग कई बार संबंधित अधिकारियों से की है। इस दौरान अकबर, ओम सागर, राजेश सागर, श्याम सिंह, हिमांशु, जसपाल सिंह, होरीलाल, विक्रम सिंह, रियासत, लवकुश सागर आदि मौजूद रहे।


श्रीकृष्ण व राधा के स्वरूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

### राधाकृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चों ने मनमोहा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में शुक्रवार से जन्माष्टमी महोत्सव का आरंभ किया गया। जिसमें शुक्रवार को ड्रेस सज्जा प्रतियोगिताआयोजित हुई। जिसमें तीन वर्ष तक के 35 बच्चे श्रीकृष्ण व राधा के स्वरूप सज-धज कर मंदिर पहुंचे और प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों के स्वरूप देख सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। इसके उपरांत पंजाबी समाज के सभी 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इसके बाद कलाकारों ने भजन व नृत्य की प्रस्तुति दी। देर रात तक श्रद्धालु मंदिर में कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। इस अवसर पर सतीश अरोरा, अशोक शर्मा, वेद प्रकाश अरोरा, अभिषेक सक्सेना, शिवराम अरोरा, जतिन अरोरा, सुमन अरोरा, मनीषा खुराना, आनंद, गगनप्रीत, राम खत्री, पारस बजाज, आशु खुराना आदि मौजूद रहे।

### सदस्यता का लक्ष्य पाने को जुटें पार्टी के पदाधिकारी

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में भाजपा के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने सदस्यता का लक्ष्य पाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों को सूत्र दिये। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने कहा कि मंडल एवं मोर्चा स्तर पर कार्यशालाएं होंगी। सभी मोर्चों एवं विभाग प्रकोष्ठ को भी नए सदस्य बनाने हैं। अभियान का पहला चरण 1 से 25 सितंबर , दूसरा 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान हमारी पार्टी का महत्वपूर्ण अभियान है। सभी को मिलकर नए सदस्य बनाने के लिए बूथ स्तर पर जाकर काम करना है। हमें हर बूथ पर 200 नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखना है। सुधीर मल्होत्रा ने कहा कि नए सदस्य बनाने के लिए हमें मेहनत करनी है। जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि पदाधिकारियों को मंडल एवं बूथ स्तर तक जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम का संचालन कमल कुमार कमल ने किया।

### कैंडल मार्च निकाल महिला डॉक्टर को दी श्रद्धांजलि

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत के विरोध में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च गुन्नौर तहसील परिसर चौक से मेन बाजार होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक निकला। यहां मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। युवा कांग्रेस संभल जिलाध्यक्ष ने कहा कि दरिंदों द्वारा कोलकाता की घटना के अलावा अन्य राज्यों से भी ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं जो चिंता का विषय है। केंद्र व राज्य सरकारों को इन गंभीर मामलों का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। जिससे बेटियां सुरक्षित रहें। अकील खान ने कहा कि आये दिन महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है। महिलाए खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। केंद्र व राज्य सरकारों को गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस दौरान डॉ.मुकेश, शादाब अब्बासी, सुनील, आरिफ सलमानी, साकिब खान, बिलाल अली, इमरान, तालिब, गुफरान, फैजान, सचिन, जहीर, सुनील कुमार, डॉ. मुकेश आदि रहे।

# विद्यालयों को निपुण बनाने में जुटें शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षा विमर्श गोष्ठी में डीएम ने शिक्षकों से संवाद करके विद्यालयों को 31 अक्टूबर तक निपुण बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने कई बिंदुओं को लेकर शिक्षकों को जानकारी दी और उन्हीं के मुताबिक काम करने को कहा।

रजपुरा ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापकों की उपस्थिति रही। अध्यक्षता कर रहे डीएम डा.राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए 5 पॉइंट किट का प्रभावी अनुपालन, कक्षा शिक्षण में रीड एलांग ऐप का प्रयोग करना है। छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ग्राम कुल का सहयोग लिया जाए। ग्राम पंचायत के ग्राम कुल में ग्राम प्रधान कोटेदार, आशा, बैंक सखी, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, चौकीदार, सफाई कर्मी, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, युवक मंगल दल आदि की बुलावा टोली गठित कर सहयोग लेने की बात कही। कहा कि प्रतिदिन विद्यालय प्रार्थना सभा में ग्रुप में जानकारी दी जाए। प्लास्टिक एवं नशा मुक्त भारत हेतु छात्रों को जागरूक किया जाए। विद्यालय में अभिवादन हेतु जय हिंद नमस्ते का प्रयोग किया जाए। अध्यापिकाओं के लिए दीदी व बहन जी शब्दों का प्रयोग करें। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, बीएसए अलका शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी मुंशीलाल पटेल, एडीओ पंचायत फारूक अली आदि मौजूद रहे।


शिक्षकों को संबोधित करते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

- डीएम ने शिक्षकों से संवाद कर कई बिंदुओं की दी जानकारी
- विद्यालय में अभिवादन हेतु जय हिंद नमस्ते का प्रयोग किया जाए

### महिला से मारपीट में ससुर सहित तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र के गांव कुरकावली निवासी दीपक की पत्नी सरिता त्यागी विवाद के चलते तीन साल से अपने मायके अमरोहा जिले के गांव कौराल में रह रही है। दंपति का तलाक के लिए न्यायालय में वाद भी विचाराधीन है। सरिता त्यागी का आरोप है कि ससुराल वालों ने तलाक का न्यायालय से एक तरफा आदेश पारित करा लिया। जानकारी होने पर सरिता ने न्यायालय में दायर किया है। आदेश पारित कराने के बाद दीपक दूसरी शादी करने की कोशिश कर रहा था। सूचना मिलने पर गुरुवार को सरिता परिजनों के साथ ससुराल आई थी। दूसरी शादी का विरोध करने पर सरिता त्यागी के साथ उसके ससुर जयप्रकाश त्यागी, परिवार के पुष्पांक त्यागी व एक युवती ने मारपीट की थी। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जयप्रकाश त्यागी, पुष्पांक त्यागी सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पेठा फैक्ट्री पर शाहबाद पुलिस का छापा, चोरी की चीनी मिली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गुलडेहरा रोड पर पेठा फैक्ट्री पर जनपद रामपुर के थाना शाहबाद पुलिस ने छापा मारा। जहां शाहबाद स्थित राना शुगर मिल से चोरी की चीनी मिली। फैक्ट्री मालिक से पूछताछ के बाद पुलिस अपने साथ ले गई। पुलिस अपने साथ एक आरोपी को लाई थी। राना शुगर मिल से 15 दिन पहले चीनी चोरी हुई थी।

जनपद रामपुर के थाना शाहबाद स्थित राना शुगर मिल में 15 दिन पहले चीनी के कट्टे चोरी हुए थे। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आई और चीनी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद शाहबाद पुलिस आरोपी को लेकर शुक्रवार की दोपहर दो बजे चन्दौसी पहुंची और गुलडेहरा रोड स्थित पेठा फैक्ट्री पर छापा मारा। बताया गया कि आरोपी ने 50 क्विंटल चीनी पेठा मालिक को सस्ते दामों में बेची थी। जबकि गोदाम में चीनी के 50-50 किलो के 55 कट्टे भी बरामद हुए। फैक्ट्री मालिक ने बताया कि उन्होंने चीनी अपने पहचान के व्यक्ति के कहने से खरीदी थी। उन्हें नहीं पता था कि चीनी चोरी की है। पूछताछ के बाद शाहबाद पुलिस फैक्ट्री मालिक को अपने साथ ले गई।


पेठा फैक्ट्री में छापेमारी करती पुलिस।

- 15 दिन पहले राना शुगर मिल से चीनी की हुई थी चोरी

# एसई के आश्वासन पर भाकियू असली का धरना समाप्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

- धनारी में एक सप्ताह से विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान दे रहे थे धरना

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ( एसई ) ने भाकियू असली प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तो एक सप्ताह से चल रहा धरना समाप्त कर दिया गया। किसानों ने इसे जीत बताते हुए खुशी जाहिर की।

भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का धरना एक सप्ताह से विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी कार्यालय धनारी पर चलने के दौरान अधिकारियों से शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति, जर्जर तार तथा पोल बदलने, खराब मीटर हटाने, ओवर बिल, उपखंड की क्षमता वृद्धि आदि को लेकर वार्ता हुई। शुक्रवार को एसडीओ धनारी व एक्सईएन बबराला की टीम के साथ भाकियू के प्रतिनिधिमंडल की संयुक्त वार्ता अधीक्षण अभियंता से चंदौसी में हुई। अधीक्षण अभियंता ने सभी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश देते हुए धरना समाप्त करने की अपील की। जिस पर भाकियू पदाधिकारियों ने सहमति जताते हुए किसी सक्षम अधिकारी द्वारा धरना स्थल पर जाकर घोषणा करने की बात रखी। तब अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर एक्सईएन बबराला किसानों के बीच पहुंचे और आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की गई। इसे किसानों ने अपनी जीत बताते हुए खुशी जाहिर की। इस दौरान बहादुर सिंह यादव एडवोकेट, ज्ञानेंद्र सिंह यादव, मोरध्वज यादव, जाकिर हुसैन, सूरजपाल, भूरे सिंह, अंगदराम, पुष्पेंद्र, अमर सिंह, शूरवीर सिंह, रंजीत, पवन यादव आदि रहे। अध्यक्षता राजवीर सिंह यादव ने तथा संचालन सतीश चंद्र यादव ने किया।

### अधेड़ ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**संभल, अमृत विचार:** पिता के दुर्घटनाग्रस्त होने का झांसा देकर अधेड़ व्यक्ति 14 वर्षीय पुत्री को बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति के मुहल्ला के ही दूसरे व्यक्ति से दोस्ताना संबंध थे। अधेड़ ने 16 अगस्त को घर पहुंचकर किशोरी के पिता के दुर्घटनाग्रस्त होने की बताई। आरोपी किशोरी को बाइक से ले गया और मां से किसी दूसरे वाहन से आने की बात कही। बाइक से कहीं ले जाकर अधेड़ ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी को होश आया तो अधेड़ ने किसी को बताने पर धमकी दी। शुक्रवार को परिजन किशोरी को लेकर कोतवाली आ गए। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि किशोरी से पूछताछ की है। उसी के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उरमू ने स्टेशन अधीक्षक के विरुद्ध दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (उरमू) ने रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के सामने उनके खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक पर कई आरोप लगाए गए।

वक्ताओं ने कहा कि स्टेशन अधीक्षक द्वारा कर्मचारियों को आए दिन प्रताड़ित किया जाता है। आरोप है कि पैसेंजर के गार्ड होने के बावजूद मेल के गार्ड की छुट्टी होने पर पैसेंजर के गार्ड की ड्यूटी मेल पर नहीं लगाई जाती है। तीन टीएनसी होने के बाद भी प्वाइंट्स मैन से लोगो लाबी में ड्यूटी कराई जा रही है। जबकि विजय कुमार को सप्ताह में दो दिन स्पेयर दे व एक दिन रेस्ट दिया जा रहा है। जो नियम विरुद्ध है। माल गोदाम साइडिंग में मालगाड़ी खाली नहीं होने पर एक से दो घंटे पहली ही मालगोदाम साइडिंग खाली दिखा दिया जाता है। जबकि खाली दिखाने के बाद भी अनलोडिंग होती रहती है। जिससे प्रशासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जाता है। प्वाइंट्स मैन से पावर केबिन पर ड्यूटी न कराकर अपने कार्यालय में ड्यूटी कराई जा रही है। तीन माह से एक ही प्वाइंट मैन दिन में कार्य कर रहा है। ठेकेदार से मिलीभगत करके सफाई कर्मचारियों के लिए ठेके में 14 प्राइवेट आदमी के बजाए सात आदमी से काम कराया जा रहा है। इन विषयों पर बातचीत करने पर स्टेशन अधीक्षक द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है।

उक्त सभी विषयों को लेकर शुक्रवार को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें शाखा सचिव अरविंद कुमार, शाखा अध्यक्ष सलीम खान, आशु प्रताप, आशु सिंह, नितेश कुमार, इकरार अहमद, ललित कुमार, राजकुमार, अनिल कुमार, राहुल कुमार, दिनेश कुमार, अमर भान आदि मौजूद रहे।


स्टेशन अधीक्षक से नोकझोंक करते रेल कर्मी। ● अमृत विचार

- पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करने समेत कई आरोप लगाए

## एक नजर

### अभ्यर्थियों के लिए शेल्टर होम की व्यवस्था

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर नगर पालिका परिषद ने अभ्यर्थियों को जानकारी देने के लिए नगर में दो हेल्प डेस्क उनके ठहरने के लिए शेल्टर होम की व्यवस्था की है।नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ.मणिभूषण तिवारी ने बताया कि चंदौसी चौराहा और कोतवाली पर हेल्प डेस्क बनाए हैं। जहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कर्मचारी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही, ठहरने के लिए मुरादाबाद मार्ग पर स्थित शेल्टर होम के बारे में बताएंगे।

### कोर्ट परिसर में मारपीट व रुपये छीने

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला न्यायालय परिसर में वादी को कुछ लोगों ने जमकर पीटा। जिसमें वादी घायल हो गया। कुंवर पाल पुत्र पीताम्बर निवासी गांव गुदनी थाना बिल्सी जनपद बदायूं शुक्रवार की दोपहर दो बजे जिला न्यायालय में तारीख पर आया था। आरोप है कि जब वह न्यायालय परिसर में अदालत के पास खड़ा था तो सात-आठ लोगों ने उसे खींच लिया और जमकर मारपीट की। और उसके पास रखी पांच हजार रुपये नकदी छीन ले गए। घटना की तहरीर दी गई है।

### मल्लक शाह मस्जिद से 46 टोटी चोरी

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में जिला अस्पताल के पास स्थित मल्लक शाह मस्जिद में लगी पानी की टंकी में लगी लोहे की टोटी गुरुवार की रात किसी समय चोर चोरी कर ले गया। शुक्रवार की सुबह मस्जिद के मुतवल्ली असलम ने देखा तो टंकी से 46 टोंटियां गायब थीं। आसपास में तलाश की, लेकिन टोंटी का कहीं पता नहीं चला। असलम ने बताया कि थोड़े दिन पहले भी एक व्यक्ति को मस्जिद से टोंटी चोरी करते पकड़कर पुलिस को सौंपा था।

### ठेला बाइक में लगी आग

**संभल, अमृत विचार :** अमरोहा जिले के गांव पतेई खालसा निवासी डल्लू बाइक से बने जुगाड़ के ठेले पर सवार होकर आलू खरीदने शुक्रवार को मंडी समिति संभल आ रहा था। डल्लू जुगाड़ का ठेला लेकर जैसे ही असमोली में संभल मार्ग पर कैनरा बैंक के पास पहुंचा। अचानक से ठेले में लगी बाइक में आग लग गई। आग लगती देखकर डल्लू ने बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई।



संभल के शंकर कालेज परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की जांच करता पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



संभल के आचार्य मुक्तेश परीक्षा केंद्र पर जानकारी लेते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

# कड़ी निगरानी के बीच हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

## संभल में नौ केंद्र बनाए गए हैं, डीएम व एसपी समेत कई अधिकारियों ने किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले में कड़ी निगरानी और सुरक्षा प्रबंधों के बीच 9 केंद्रों पर पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। दो पालियों में अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी। केंद्रों से बाहर आने पर परीक्षार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। परीक्षा के दौरान सरकारी तंत्र अलर्ट रहा। डीएम और एसपी ने भी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में पहले दिन पहली पाली में पंजीकृत 3984 में से 2519 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि दूसरी पाली में 3984 में से 2869 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर संभल शहर में आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, बीआरएस कन्या इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी, एमजीएम कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, जेडयू इंटर कॉलेज केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियां गुरुवार को ही पूरी कर ली गई थीं। शुक्रवार को सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का पहुंचना शुरू हो गया। सुबह करीब 8 बजे से परीक्षा केंद्रों पर सघन चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से पुलिस भर्ती परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों पर एंटी रोमियो टीम सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट तैनात रहे। वहीं पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भ्रमण करते हुए सुरक्षा एवं निगरानी इंतजाम का जायजा लेते नजर आए। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट से संबंधित दुकान बंद रहीं। दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा हुई।




संभल के एमजीएम कॉलेज परीक्षा केंद्र पर कतार में खड़े परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

## अभ्यर्थी बोले- अच्छा हुआ पेपर, मिलेगी सफलता

संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए दिन रात मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों के लिए शुक्रवार को दिन खास रहा।

सुबह परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थियों के मन में था कि न जाने पेपर कैसा आएगा, वह प्रश्नों के सही उत्तर दे पाएंगे या नहीं। इन्हीं विचारों के साथ अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और जब परीक्षा केंद्रों से बाहर आए तो अधिकांश के चेहरों पर रौनक दिखाई दी। कई अभ्यर्थियों ने पेपर आसान बताते हुए अच्छा होने की बात कही।



पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर अच्छा रहा। पहले लग रहा था कि पेपर कठिन आएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पेपर आसान रहा और कोई समस्या नहीं हुई। **-अभिषेक,** सहारनपुर



परीक्षा को लेकर जो तैयारी की थी वह काम आ गई। आज प्रश्नपत्र काफी अच्छा रहा। इस परीक्षा में सफलता मिल जाने की उम्मीद है। **-मोनिका,** बिजनौर



पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर काफी मेहनत की। आज परीक्षा दी है तो अच्छा लग रहा है। पेपर अच्छा होने पर सफल होने की उम्मीद है। **-गुड़िया,** मिलक सोनकपुर



पुलिस भर्ती परीक्षा की काफी समय से तैयारी कर रही थी। परीक्षा से पहले मन में विचार भी था कि पेपर कैसा होगा लेकिन पेपर काफी अच्छा रहा। **-आरती शर्मा**

### अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन, डीएम और एसपी भी पहुंचे

**संभल अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्वक कराने के लिए जिला प्रशासन ने खास इंतजाम किए थे। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के साथ-साथ सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। शुक्रवार को सुबह से ही सरकारी अमला अलर्ट मोड पर दिखा। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने भी संभल पहुंचकर परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी समेत तमाम अधिकारी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करके पल-पल के हालात पर निगाह रखे रहे।

### फोटो स्टेट की दुकानें रहीं बंद

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने पहले ही साफ कह दिया था कि परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट आदि की दुकानें नहीं खोली जाएंगी। शुक्रवार को इसका असर भी दिखाई दिया। शंकर इंटर कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज समेत दूसरे परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहीं। शंकर कॉलेज चौराहा पर स्थित एक दुकान पर टंगे चिप्स, नमकीन के पैकेट भी पुलिस ने उतरवाकर दुकान के अंदर रखवा दिए।

## सार-संक्षेप

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**संभल,अमृत विचार :** एक फिटनेस सेंटर में महिला सशक्तिकरण, युवा स्वास्थ्य और शिक्षा पर सेमिनार हुआ। जिसमें वक्ताओं ने महिलाओं और युवाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया और सशक्त बनने पर जोर दिया। इस दौरान डॉ.यूसी सक्सेना, डॉ.निधि सक्सेना, डॉ.संजय वार्ष्णेय, डा.अरविंद गुप्ता, डॉ.शाने रब, डॉ.अतुल, डॉ.नीरज शर्मा, डॉ.लक्ष्मी शर्मा, नेहा मलय, डॉ.रंजना सिंह, डॉ.आनंद सिंह, अरविंद, यासमीन कौसर, रजिया, डॉ.जफर, शगुफ्ता, डॉ.जमाल, रेखा, प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा, प्रधानाचार्य मनीष पंवार, अशोक कृष्णम आदि रहे। सेंटर संचालिका विंकी भंडूला ने आभार जताया।




गांव बेरनी में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते स्वास्थ्य कर्मी।

### छात्र-छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय किशोर मंच कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली की टीम ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें छात्र-छात्राओं का वजन, लंबाई, खून आदि की जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुल 107 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 20 छात्राओं में खून की कमी पाई गई। छात्र-छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए हैंडवाश, आसपास स्वच्छता व खाने पीने की वस्तुओं में साफ सफाई रखने के सुझाव दिए। आयरन की टेबलेट तथा अन्य दवाएं वितरित कीं। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच की ओर से विद्यालय में जल संरक्षण, पर्यावरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें कक्षा 10 के छात्र पुष्पेंद्र ने प्रथम, कक्षा 9 की छात्रा ऋतु ने द्वितीय व कक्षा 10 की छात्रा हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वास्थ्य टीम की ओर से विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. दीपचंद्र, डॉ. शिखा दत्ता, विवेक कुमार शर्मा, पूनम सैनी, विचित्र कुमार तथा प्रधानाचार्या दीपिका अग्रवाल, शोभा, अर्चना रानी, निशू यादव उपस्थिति रहीं।



मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की विजेता को पुरस्कृत करतीं शिक्षिकाएं।

### मंडलीय प्रतियोगिता की विजेता छात्रा अंशिता सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट छात्रा अंशिता ने मुरादाबाद में बैडमिंटन की मंडलीय प्रतियोगिता में विजय प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। छात्रा की इस सफलता को लेकर शुक्रवार को विद्यालय की ओर से छात्रा को पुरस्कृत कर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने भी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या अंजू गुप्ता एवं बैडमिंटन टीम की सदस्य डॉ. निशा यादव, मोनिका, लता यादव, किरण राव, पूनम एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



सिल्वर स्टोन स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

### बच्चों ने किया कृष्ण लीला का मंचन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का विषय म्हारो वृंदावन के अंतर्गत समस्त विद्यालय परिसर को नंदगांव की तरह सजाया गया। राधा व कृष्ण के स्वरुप में सज कर विद्यालय पहुंचे छोटेबच्चो ने मनमोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों से कृष्ण लीला का मंचन कराया गया। भजन कीर्तन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह से प्रतिभाग किया। बच्चों का अभिनय देख जमकर तालियां बजीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कपिल दीप, शोभित राघव, शिवांगी, मुस्कान, आराध्या ठाकुर, मुस्कान, शिवांगी, आराध्या ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### भगवान के भजन बिना नहीं मिल सकता सच्चा सुख

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** विकासखंड असमोली की ग्राम पंचायत मनोटा के शिव मंदिर पर शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक राधा नंदिनी कुमारी निशु किशोरी ने कहा कि भगवान के भजन के बिना सच्चा सुख नहीं मिल सकता। जो व्यक्ति भगवान की भक्ति में लगा रहता है और अपने जीवन को सार्थक करने के लिए सत्य के मार्ग पर चलता है उसे ही जीवन में धन-धान्य, मान सम्मान सब कुछ मिलता है। अगर गलती का प्रायश्चित नहीं किया जाए तो वह पाप में बदल जाती है और उसका दंड प्राणी को झेलना पड़ता है। इस दौरान तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विज्ञान मेला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विभाग स्तरीय विज्ञान मेला आयोजित किया गया। मेले में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विज्ञान मेले का शुभारंभ शुक्रवार को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि बनियाखेड़ा ब्लॉक के प्रमुख डॉ. सुगन्धा सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, अंजू गुप्ता, इंद्रपाल सिंह चौहान, एसएन शर्मा, प्रीति शर्मा, अश्वनी शर्मा, चंद्रवीर सिंह, रविन्द्र सिंह, नेमचंद, अंकुर राजा व प्रेमपाल सिंह रहे। विज्ञान मेले मे विद्या भारती से जुड़े संभल व अमरोहा के छह विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मेले में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अतिरिक्त विज्ञान पत्रवाचन, विज्ञान-प्रयोग और विज्ञान प्रश्नमंच का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. विनय वार्ष्णेय, सह-प्रबंधक रमाकांत वार्ष्णेय, फूलप्रकाश, रामौतार शर्मा, प्रधानाचार्य भूपाल सिंह शास्त्री उपस्थित रहे।



कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते अतिथि। ● अमृत विचार

- **अमरोहा और संभल जिले के छह विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग**

## ग्राम चौपाल में नहीं पहुंचे बड़े अधिकारी

**संभल, अमृत विचार:** संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव शरीफपुर में गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत शुक्रवार को बड़े अधिकारियों के न पहुंचने की वजह से ग्राम चौपाल औपचारिकता साबित हुई।

ग्राम चौपाल में खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह, जल निगम, पशु पालन विभाग, सिंचाई व कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, चकंबदी विभाग के अधिकारी शामिल हुए, लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी ग्राम चौपाल में नहीं पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अपने अपने विभाग की जानकारी दी और ग्रामीणों की शिकायतों को सुना। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व अन्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिए किसी भी जनसेवा केंद्र पर पहुंचकर ऑनलाइन फार्म भरवाए।



रोजगार मेले में उपस्थित कंपनी के अधिकारी व अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

## रोजगार मेले में 47 अभ्यर्थियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डेंसो इंडिया लिमिटेड नोएडा के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

रोजगार मेले में अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की गई। जिसमें करियर काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित रोजगार संगम पोर्टल की जानकारी दी गई। मेले में डेंसी कंपनी से निशांत जांगडा, सुखवीर सिंह व दीपक चौधरी एचआर की संयुक्त टीम ने अभ्यर्थियों का लिखित व साक्षात्कार लिया। जिसमें 79 अभ्यर्थियों में से 47 का चयन किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह पाल महीपाल सिंह, जयवीर सिंह, सहायक सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर, गौरव पूठिया,सुधाकर मिश्रा, अनिल गुप्ता, कीर्तिपाल शर्मा, जय सिंह, उपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

**तैयारी** गणेश चतुर्थी पर सात सितंबर से मनाया जाएगा गणेश महोत्सव

# रथयात्रा मार्ग पर खतरा बने जर्जर भवन चिन्हित नहीं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** रथयात्रा से पहले प्रशासन की ओर से रथयात्रा मार्ग पर जर्जर भवन खतरा बने हुए हैं। हर वर्ष गणेश महोत्सव से पहले जर्जर भवनों का निरीक्षण किया जाता है और जर्जर भवन मिलने पर भवन स्वामियों को नोटिस मुहैया कराए जाते हैं। मगर अभी तक प्रशासन की ओर से रथयात्रा मार्ग का निरीक्षण नहीं किया गया है।

सात सितंबर को प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की स्वचलित रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग आते हैं। सड़कों व सड़क किनारे भवनों पर बैठ कर लोग रथयात्रा देखते हैं। हर वर्ष रथयात्रा निकलने से पहले प्रशासन की ओर से रथयात्रा मार्ग का निरीक्षण किया जाता है। जिसमें जर्जर भवनों का अवलोकन किया जाता है। इसके बाद प्रशासन की ओर से जर्जर भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए जाते हैं। जिसमें रथयात्रा के दौरान जर्जर भवनों पर किसी को न बैठाने की बात कही जाती है। क्योंकि जर्जर भवनों पर बैठने से हादसा होने का खतरा बना रहता है। जबकि रथयात्रा मार्ग गणेश मंदिर, मनिहार चौक, बिसौली गेट, पुरानी पैठ, बड़ा बाजार, घंटा घर, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, कैथल गेट, मेला ग्राउंट होते हुए पुनः गणेश मंदिर पर पहुंच संपन्न होती है। रथयात्रा मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक जर्जर भवन है। ऐसे रथयात्रा के दौरान हादसा होने का खतरा बना रहेगा। एसडीएम नीतू रानी के कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में शामिल होने के कारण बात नहीं हो सकी।




गणपति रथयात्रा मार्ग पर बड़ा बाजार में जर्जर मकान। ● अमृत विचार



बिसौली गेट में जर्जर धर्मशाला।

- **गणपति महाराज की स्वचलित झांकियों संग निकलेगी भव्य रथयात्रा**

## चौपाल लगा कर ग्रामीणों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** विकासखंड बनिया खेड़ा की ग्राम पंचायत रसूलपुर कैली के मझरा ढकनगला में शुक्रवार को ग्राम चौपाल ( गांव की समस्या, गांव में समाधान) का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकरी योजनाओं की जानकारी दी और लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा डॉ. सुगंधा सिंह ने कार्यक्रम आरंभ किया। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का स्टॉल लगाकर समस्याओं को सुना गया। ब्लॉक प्रमुख ने समस्त ग्रामवासियों को बताया कि सरकार द्वारा चौपाल का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को घर-घर योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

मंच पर खण्ड विकास अधिकारी कमल कांत सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नीरज कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी राजीव कुमार, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण मनोज कुमार, ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार, ग्राम प्रधान सुखवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

Telephone : (0581)-2510628
Fax : (0581)- 2511283

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in

No. 120125 EPFO/RO/BLY/ADM **प्रेस नोट** Date: 23/08/24

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशन धारकों एवं नियोक्ताओं की समस्याओ के समाधान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा इस माह विभिन्न जिलों में दिनांक 27.08.2024 को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थलों की जानकारी निम्नवत् है:-

| जनपद | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|
| बरेली | रक्षपाल बहादुर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, बरेली |
| मुरादाबाद | बल्लभ मेटल INC, मुरादाबाद |
| रामपुर | फेयर एंड एक्सपोर्टस लिमिटेड, रामपुर |
| शाहजहांपुर | रेयान इंटरनेशनल स्कूल, शाहजहांपुर |
| बदायूं | HP, इंटरनेशनल स्कूल, बदायूं |
| जे.पी.नगर | कामाक्षी पेपर लिमिटेड, दिल्ली रोड, जे.पी.नगर। |
| संभल (भीम नगर) | DSM शुगर रजपुरा, चंदौसी, संभल |
| पीलीभीत | बेन हुर गुरूकुल, पीलीभीत |

अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय के हेल्पलाइन नं. 0581-2510628, 0581-2510832 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

**(अनिल कुमार)**
**क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी**

## एक नजर

### चोरी के सामान के साथ तीन नाबालिग पकड़े

मंडी धनौरा, अमृत विचार : पुलिस ने तीन नाबालिगों को पकड़कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। गुरुवार देर रात्रि मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे ट्यूबवेल पर कुछ बच्चे बैठकर चोरी का सामान का बांट रहे हैं। पुलिस ने तीन आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। उनके कब्जे से पीतल के दो घंटे, एक घंटी, तीन दीये, दो लुटिया, एक पूजा की थाली, एक दान पात्र व नकद 504 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। नगर चौकी प्रभारी सुभाष चौहान ने बताया कि तीन बाल अपचारियों को चोरी के समान के साथ पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

### सार्वजनिक शौचालय में गंदगी, वीडियो वायरल

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सतेड़ा एतमाली में बने सार्वजनिक शौचालय में गंदगी फैली हुए है, जबकि कई बार ग्रामीण इस संबंध में शिकायत कर चुके हैं। अब ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांव में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने सार्वजनिक शौचालय में फैली गंदगी का एक वीडियो बनाकर वायरल किया है।

### सांड़ों को पकड़वाने की मांग, शिकायती पत्र दिया

बुरावली, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव हिरनौटा व निरायवली के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर गांव में घूम रहे सांड़ों को पकड़वाने की मांग की है। गांव में सांड़ों से लोगों को परेशानी हो रही है। मांग है कि इन सांड़ों को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए। इस दौरान राजीव कुमार, सहदेव सिंह, गजेंद्र बिधूड़ी, लाला सिंह, जीतपाल आदि रहे।



केंद्र पर परीक्षा देते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह।



परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में लगीं महिला अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# पहले दिन 4594 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा

## जिले में नौ केंद्रों पर 8544 अभ्यर्थियों में से 3950 हुए शामिल, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में नौ केंद्रों पर पहले दिन शुक्रवार को पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दोनों पालियों में 8544 अभ्यर्थी में से 3950 अभ्यर्थी शामिल हुए। 4594 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुल 45.71 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। जिलाधिकारी और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थी सुबह से ही केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो गए थे। केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतार लग गई। चेकिंग व बायोमेट्रिक जांच के बाद उन्हें केंद्र में जाने दिया। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 बजे से शुरू हुई जो 12 बजे तक चली। केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व अन्य क्षेत्रों में कड़ी निगरानी की। अभ्यर्थी को मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने पर पाबंदी रही। प्रथम दिन परीक्षा जोन, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में हुई। नौ सचल भी लगातार भ्रमण करते रहे। जैमर लगे होने के कारण परीक्षा केंद्रों के आसपास मोबाइल नेटवर्क जाम रहा। परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी थी। परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर सरल था। सामान्य ज्ञान के अलावा कई बिंदुओं पर प्रश्न पूछे गए थे। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और एसपी कुंवर अनुपम सिंह परीक्षा केंद्रों पर नजर बनाए रहे।



परीक्षा देने के केंद्र से बाहर निकलतीं महिला अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

नगर कोतवाली व डीआईओएस कार्यालय में बने मुख्य कंट्रोल रूम से जिलेभर की परीक्षा पर नजर रखी गई। दूसरी पाली दोपहर तीन से पांच बजे तक हुई। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले से ही पहुंचना शुरू हो गए। आधे घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिया गया। परीक्षा केंद्र पर कई तरह की वस्तुएं प्रतिबंध की गईं। इनमें पेपर, पेंसिल, बॉक्स, कैलकुलेटर, पर्स, चश्मा, टोपी, ज्वेलरी, फूड आइटम शामिल हैं। मोबाइल, पेन ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाबी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड भी नहीं ले जाने दिए गए। पहली पाली में 4272 अभ्यर्थियों में से 1953 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 2319 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 1997 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 2275 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बताया गया कि परीक्षा केंद्र के गेट पर सुरक्षा के लिए दो-दो महिला कांस्टेबल और दो-दो पुरुष कांस्टेबल तैनात रहे। गेट के बाहर थाने स्तर की पीआरवी तैनात रही। चेकिंग के दौरान प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी का फोटो का मिलान किया गया। आधार कार्ड से प्रवेशपत्र का मैच, बायोमेट्रिक मैचिंग और आंखों की स्कैनिंग भी कराई गई।

### अफवाह फैलाई तो दर्ज होगा मामला

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस भर्ती के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने 24 अगस्त को भी होने वाली परीक्षा के संबंध में भी निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर, राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने सीसीटीवी से मानीटरिंग की स्थिति देखी। उपस्थिति और अनुपस्थिति अभ्यर्थियों की जानकारी ली। केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और सुरक्षा कर्मी ड्यूटी पर रहे। उधर, परीक्षा के दौरान पुलिस की सोशल सेल टीम सोशल मीडिया पर सतर्क रही। पुलिस का ध्यान इस ओर भी था कि परीक्षा को लेकर कोई अफवाह न फैलाई जाए। पुलिस की ओर से नोडल अधिकारी बनाए गए एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर पुलिस की कई टीमें सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं। यदि किसी भी अभ्यर्थी व कर्मचारियों द्वारा परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाई गई तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### परिवर्तित मार्गों से निकाले गए वाहन

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा में सुरक्षा को ध्यान में रखकर रूट डायवर्जन करने से शहर में आने वाले वाहन सवारों को परेशानी हुई। चालक या तो पैदल शहर में आए या फिर रास्ता बदलकर गुजरे। परीक्षा के दौरान सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी कम रही। शुक्रवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते रूट डायवर्जन किया गया था। शहर में गांधी मूर्ति, रोड, बंबूगढ़ चौराहा, कोट चौराहा जोया रोड, बिजनौर रोड, अतरासी रोड पर पुलिस बल तैनाती रहा। लोग दूर से ही रास्ता बदलकर निकले। जोया रोड, बिजनौर रोड, अतरासी रोड, नौगांवा सादात रोड, बंबूगढ़ चौराहा, कैलसा बाईपास रोड और कांठ रोड पर ऑटो व ई-रिक्शा का संचालन रोकने से लोग सवारी की तलाश में पैदल ही गंतव्य की ओर जाते दिखे। शहर में मुख्य सड़कों-चौराहों पर दुकानें बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### पुलिस के अच्छे होमवर्क के कारण नहीं लगा जाम

जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा देने के लिए हजारों अभ्यर्थी पहुंचे। ऐसे में शहर में जाम की स्थिति न बन सके, इसके लिए पुलिस ने बेहतरीन होमवर्क किया और उसका नतीजा प्रथम दिन की परीक्षा खत्म होने के बाद दिखाई दिया। लोग सुगम तरीके से अपने घरों की ओर लौट गए। किसी भी रोड पर जाम की स्थिति नहीं बन सकी।

### अभ्यर्थियों ने रेलवे और बस स्टेशनों पर रात बिताई

पुलिस भर्ती की परीक्षा देने के लिए दूसरे राज्यों से भी अभ्यर्थी यहां आए थे। हरियाणा, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड से आए अभ्यर्थियों ने रेलवे और बस स्टेशनों पर रात बिताई। हालांकि उन्हें ठहरने के लिए स्थानीय होटलों के बारे में सूचित किया गया था। रेलवे और बस स्टेशनों पर भी सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनात की गई थी।

# जन्माष्टमी पर झूलों की मांग ज्यादा

संवाददाता, मुबारिजपुर

अमृत विचार: श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजार में खरीदारी तेज हो गई है। भक्त लड्डू गोपाल का स्वागत करने की तैयारी में जुट गए हैं।

26 अगस्त को जन्माष्टमी मनाई जाएगी। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित चीजे खरीदने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। दुकानदारों ने भी भगवान श्रीकृष्ण की पोशाक, पालना, झूला, बांसुरी व छोटे-छोटे कपड़े और मूर्तियां दुकानों में सजाई हैं। आदमपुर, रहरा, दड़ियाल, दौरारा, रहरई, मुबारिजपुर, पौरारा, चन्दनपुर, छपना, फूलपुर व गंगेश्वरी सहित अन्य जगहों के बाजारों में रौनक दिख रही है। दुकानों पर लकड़ी व तार वाले डिजाइनर झूले व रंग-बिरंगे मोतियों व शीशे से सजे झूलों की सबसे अधिक मांग है।



दुकान पर सामान खरीदती महिला। ● अमृत विचार

बाजारों में भगवान श्री कृष्ण की पोशाक, नंद गोपाल, पूजा सामग्री आदि खरीदने वालों का तांता लगा रहता है। सर्राफा बाजार में भी मिल रहे माखन चोर श्री राधा-कृष्ण के प्रति भक्तों की अनोखी आस्था देखने को मिलती है।

## ओपीएस स्कूल में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

गजरौला, अमृत विचार : ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। किंडरगार्टन के छात्रों ने श्रीराधा-कृष्ण की वेश-भूषा में सजकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शुक्रवार दोपहर कक्षा एक से पांच तक के छात्रों ने सृजनात्मकता का परिचय दिया। कक्षा छह से नौ तक के छात्रों ने मटकी सजावट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 10वीं की छात्रा सिद्धि गहलौत व कक्षा आठ के छात्र रवि ने वो कृष्णा है गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी। विद्यालय की निदेशक डॉ. पूनम पंडित ने छात्रों को मिठाई वितरित की। शिक्षिका संगीता ने राधा-कृष्ण की सुंदर चित्रकला तैयार की। संचालक डॉ. पराग पंडित ने स्टाफ का आभार जताया।

## श्रीरामडोल शोभायात्रा की तैयारी तेज

संवाददाता, आदमपुर

अमृत विचार : 26 अगस्त को जन्माष्टमी के अवसर पर निकाली जाने वाली श्रीरामडोल शोभायात्रा को लेकर समिति के सदस्यों ने रूपरेखा तैयार की है। इसमें मार्ग पर सफाई एवं शोभायात्रा में शामिल होने वाली झांकियों को लेकर चर्चा की गई।

तहसील क्षेत्र के गांव ढवारसी में 30 वर्षों से जन्माष्टमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर श्रीरामडोल सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने बैठक में शोभायात्रा के लिए रूपरेखा तैयार की है। कमेटी के सदस्यों ने झांकी निकाले जाने वाले मार्गों पर सफाई को लेकर ग्राम पंचायत सचिव से बात की। बिजली विभाग से रास्ते में पड़ने वाली लाइनों को ऊंचा करने की मांग की गई है। इस दौरान पूर्व प्रधान राजीव गोयल, अमन गोयल, शिवओम गुप्ता, आदित्य त्यागी, अंकित आदि रहे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाजारों में बढ़ी रौनक

आदमपुर, अमृत विचार : श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में भगवान श्रीकृष्ण की पोशाक, पालना, झूला, बांसुरी, कपड़े और मूर्तियां दुकानों में सजाई हुई हैं। आदमपुर व ढबारसी के बाजारों में रौनक दिख रही है। सर्राफा बाजार में भी मिल रहे माखन चोर श्री राधा-कृष्ण के प्रति भक्तों की अनोखी आस्था देखने को मिलती है।

## सार-संक्षेप



एसडीएम कार्यालय के बाहर ज्ञापन सौंपते शिवसेना के कार्यकर्ता।

### कोलकाता प्रकरण के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, अमृत विचार : कोलकाता प्रकरण के विरोध में शुक्रवार को शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव के नेतृत्व में शिव सैनिक एसडीएम कार्यालय पर एकत्रित हुए और नारेबाजी करने लगे। इसके बाद एसडीएम में कर्मचारी राहुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या, महाराष्ट्र में दो बच्चियों से दुष्कर्म की घटना की निंदा की। कहा कि महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने नगर में संचालित कोचिंग सेंटर पर पढ़ने आने वाली छात्राओं के साथ युवकों द्वारा अश्लील हरकतें व उनका पीछा करने की शिकायत दर्ज कराई। ज्ञापन देने वालों में रवि यादव, मनु, रामलाल, विकास यादव, राकेश, सुखलाल, कलुआ, विजय यादव, राजकुमार सागर, मेवाराम आदि मौजूद रहे।

### विद्या भारती का पंचांग व साहित्य का किया वितरण

सैदनगली, अमृत विचार : विद्या भारती अमरोहा के जिला समन्वयक दिवाकर पाण्डेय ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. महेश चंद शर्मा, रीजनल इंस्पेक्टर तकनीक (आरआई) हरिओम, खंड शिक्षाधिकारी से भेंट की। विद्या भारती का पंचांग व साहित्य भेंट किया। उन्होंने वाहन संबंधी विभिन्न पहलुओं, सुरक्षा सावधानियों के संबंध में दोनों अधिकारियों से वार्ता की। दोनों ही एआरटीओ शिशु मंदिर के पूर्व छात्र हैं, जबकि आरआई शिशु मंदिर मुरादाबाद के पूर्व छात्र हैं। जिला समन्वयक ने विद्यालय संचालन में यू डायस डाटा फीड करने में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए खंड शिक्षाधिकारी उदयवीर से भी भेंट की।



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी महेश चंद शर्मा को पंचाग देते दिवाकर पाण्डेय।

### जन्मदिन पर गोवंशीय पशुओं को खिलाया चारा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर निवासी व्यापारी मनु अग्रवाल के बेटे राम अग्रवाल ने अपने जन्मदिन पर परिजनों के साथ गोशाला पहुंचकर श्रमदान किया। गायों की पूजा कर गुड़ खिलाया। उन्होंने कहा कि गो सेवा ही श्रेष्ठ सेवा है। व्यापारी मनु अग्रवाल ने बताया कि गोमाता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। युवाओं व अभिभावकों को अपने बच्चों का जन्मदिन होटलों में जाकर पार्टी कर मनाने के बजाए, गोशाला में गो माता की पूजा कर मनाना चाहिए। इससे बच्चे संस्कार सीखते हैं। उन्होंने गोवंश की बेहतर देखभाल के लिए स्टाफ व पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भागेश की कार्यशैली की प्रशंसा की।



गोसेवा करते राम अग्रवाल परिवार के सदस्य।

### रेल ट्रैक पर मिला गर्दन कटा शव, शिनाख्त नहीं

गजरौला, अमृत विचार : रेल ट्रैक पर गर्दन कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई। जीआरपी ने शव की शिनाख्त नहीं होने पर उसे मोर्चरी भिजवा दिया है। मुरादाबाद की ओर जाने वाले रेल ट्रैक पर गुरुवार देर रात युवक का शव मिला। गर्दन भी उसे कुछ ही दूर पड़ी मिली। लोकोपायलट की सूचना के बाद शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंची जीआरपी टीम ने शव की शिनाख्त करवाने की कोशिश की। युवक की उम्र करीब 26 वर्ष बताई जा रही है।

# दावत खाकर लौट रही महिला से छेड़खानी और मारपीट की

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव में देर रात दावत खाकर लौट रही महिला से छेड़खानी करते हुए उसके बेटे एवं कुछ ग्रामीणों के साथ आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट की। इससे महिला, उसका बेटा और कुछ ग्रामीण घायल हो गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि देर रात वह अपने दोनों बेटे व बेटी के साथ दावत खाकर घर लौट रही थी। इस दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। इस पर साथ चल रहे ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो आरोपी हमलावर हो गए और उन्होंने उनके व साथ चल रहे लोगों के साथ मारपीट की। सुबह को महिला कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अगर तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण का किया गया निरीक्षण

मंडी धनौरा, अमृत विचार: मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ गांवों में घर-घर जाकर दस्तक दे रहे हैं और मतदाता सूची का सत्यापन कर रहे हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना को आरओ बनाया गया है।

शुक्रवार को बीडीओ विजय सक्सेना ने गांव शहबाजपुर गुर्जर में सत्यापन अभियान की हकीकत जानी। उन्होंने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से कार्य की प्रगति की भी जानकारी की।

# छात्रों को बताए आग बुझाने के तरीके

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार: उच्च प्राथमिक विद्यालय खाईखेड़ा में जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन व फायर सर्विस स्टेशन के कर्मचारियों ने छात्रों को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया।

शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय में आग बुझाने के प्रशिक्षण कार्यक्रम में एफएसओ कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आग तीन प्रकार की होती है। सॉलिड टाइप फायर, तेल, ईंधन से लगी आग। उन्होंने बताया कि यदि आग कम गति से लगी है तो पानी व मिट्टी से भी बुझा सकते हैं। रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने पर घबराए नहीं। इस मौके पर आदित्य कुमार, कार्यक्रम अधिकारी चंदन प्रसाद, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह, प्रधानाचार्य पूनम देवी आदि रहे।



छात्रों को आग बुझाने के संबंध में जानकारी देते हुए फायर बिग्रेड के कर्मचारी।

**शिक्षा** | श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए हुआ कार्यक्रम

# नई शिक्षा नीति में युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं

संवाददाता, गजरौला

● छात्र-छात्राओं को इंटरनेशनल मांग के अनुरूप तैयार करने की दिलाई गई शपथ

अमृत विचार : श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को नए छात्र-छात्राओं के लिए ओरिन्टेशन कार्यक्रम दीक्षारंभ हुआ। इसमें संस्थान प्रबंधन व प्रशासन ने छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। उन्हें अपने इंटरनेशनल मांग के अनुरूप तैयार करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पुराने छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समूह के चेयरमैन सुधीर गिरि ने छात्र-छात्राओं को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उनसे देश सेवा में जुड़ने का आह्वान किया। वेंक्टेश्वरा के टैगौर भवन में हुए दीक्षारंभ का आरंभ चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, अभिनेता ईमरान जाहिद, प्रधान सलाहकार वीपीएस अरोरा, कुल सचिव पीयूष कुमार पांडे, अजय श्रीवास्तव, कुलपति डॉ. कृष्ण कांत दवे ने किया। डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि नई शिक्षा नीति शानदार है। इसमें सभी क्षेत्रों के युवाओं के लिए ढेरों रोजगार की संभावनाएं निहित हैं, लेकिन युवाओं को अपने आपको रोज अपग्रेड करना होगा। उन्होंने कहा कि श्री वेंक्टेश्वरा समूह पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में हजारों स्किल्ड प्रोफेशनल्स तैयार कर चुका है। यह गौरव की बात है कि संस्थान के अलग-अलग विषयों के प्रोफेशनल्स युवा देश एवं दुनिया के विभिन्न संस्थानों में काम कर रहे हैं। लेकिन बदलते परिवेश में हमें युवाओं को नई शिक्षा नीति के अनुरूप राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रशिक्षित करना होगा। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय युवाओं ने शानदार तरीके से काम करके देश का गौरव बढ़ाया है। इस दौरान डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. दिनेश गौतम, डॉ. वीएस झा, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. आशिया वाहिद, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. पवनजीत कौर, सुनील कुमार, डॉ. प्रताप सिंह, विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।



विश्वविद्यालय में प्रार्थना करते चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि व अन्य।

# स्कूलों में विद्यार्थियों को दिलाएं नशा मुक्ति की शपथ : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● विद्यालयों के पास से ड्रग्स विक्रेता की दुकानें हटाने के दिए निर्देश

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने स्कूलों में नशा मुक्ति की शपथ दिलाने और अभियान चलाकर बच्चों को नशे के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देने के लिए कहा है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वापक नियंत्रण (नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर) के परिप्रेक्ष्य में नीति विषयक मामलों में सुधार के मैकैनिज्म को विकसित करने के लिए मासिक बैठक हुई। इसमें नशे के खिलाफ अभियान चलाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि नशा समाज के लिए नासूर है। इससे बच्चे व युवा पीढ़ी को बचाने की आवश्यकता है। विभाग आपसी समन्वय स्थापित करके अधिक से अधिक प्रचार प्रसार और जागरूकता फैलाएं। जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोरों पर चेकिंग करें। कहा कि जिले के किसी भी विद्यालय की 100 मीटर की दूरी तक ड्रग्स विक्रेता की दुकान नहीं होनी चाहिए। अगर दुकान है तो अभियान चलाकर हटवाएं।

विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रार्थना सभा में शपथ के लिए अन्य विभागों के अधिकारी भी जाएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मायाशंकर यादव, जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र कुमार, अधिशासी अधिकारी ब्रजेश कुमार आदि रहे।

## एक नजर

### रेल ट्रैक पर हुआ काम कई ट्रेनें रहीं प्रभावित

**गजरौला, अमृत विचार** : रेल ट्रैक पर काम के दौरान रेलवे प्रशासन ने शुक्रवार को चार घंटे ब्लॉक रखा। इस दौरान राजधानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रोकी गईं। दोपहर दो बजे के बाद ब्लॉक खत्म होने पर ट्रेनों को पास कराया गया। शनिवार को भी करीब साढ़े तीन घंटे का ब्लॉक रहेगा। दिल्ली-लखनऊ रेल ट्रैक पर गंगा नदी के पुल पर पटरियां कमजोर हो गईं हैं। रेलवे द्वारा पुराने गार्डरों को बदलने का कार्य किया जाना था। इसके लिए गजरौला से ब्लाक लेने के लिए दिल्ली में रेलवे के कार्यालय में प्रस्ताव भेजा गया था। अधिकारियों से बातचीत के बाद दो दिन का ब्लाक लेने के सहमति बन गई। इसके चलते शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक ब्लाक रहा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल पथ महेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजकर दस मिनट से दोपहर एक बजकर 40 मिनट तक ब्लाक रहेगा।

### नैनीताल जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : मौसम विज्ञान केंद्र ने नैनीताल जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को बादल छाए थे। काठगोदाम और रानीबाग में हल्की बूंदाबांदी हुई।

# गंगा में उफान, 10 गांवों के लोग चिंतित

## ओसीता जगदेवपुर में मार्ग पर पहुंचा पानी, आज भी जलस्तर बढ़ने की आशंका

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : तिगरी स्थित गंगा में जलस्तर बढ़कर 200.10 सेंटीमीटर तक पहुंच गया है। जलस्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। नदी किनारे पुरोहितों की झोपड़ियां पानी में डूब गई हैं।

बताया गया कि बिजनौर बैराज से 90 हजार क्यूसेक पानी डाउन स्ट्रीम में डिस्चार्ज किया गया। इससे शनिवार सुबह जलस्तर और भी बढ़ने की आशंका है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से गांव मंदिर वाली शीशोवाली, दारानगर, अलीनगर, चकनवाला ऐतवाली, सुल्तानपुर, ओसिता जगदेपुर, कांकाठेर, तिगरी समेत अन्य गांवों के लोग चिंतित हैं। ओसीता जगदेवपुर में मार्ग पर पानी पहुंच गया है।

इससे ग्रामीण भैंसा बुग्गी से पशुओं के लिए चारा ला रहे हैं। कई दिन से पानी भरने से फसलें भी खराब होने की कगार पर हैं। गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण बाढ़ खंड विभाग के अधिकारियों और कर्मचारी सतर्कता बरत रहे हैं। बाढ़ खंड के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि गंगा के जलस्तर में शुक्रवार को भी वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि सभी तटबंध सुरक्षित है और लगातार टीमें भ्रमण कर रही हैं।



झोपड़ियों में भरा गंगा नदी का पानी। ● अमृत विचार



मुबारिजपुर क्षेत्र में फसलों में भरा पानी।

### गंगा के पानी से फसलें जलमग्न

**मुबारिजपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र में गंगा नदी का जलस्तर 40 सेंटीमीटर बढ़ने से तटबंध के जंगल में पानी घुस गया है। इससे किसानों की हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो गईं। फसलों को लेकर किसान चिंतित हैं। ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के सलारा, मुबारिजपुर, जीवपुर खाजेपुर, मरौरा, मलकपुर, काई मुस्तकम, मिर्जापुर, सिरसा, मंगटा, पौरारा, बिहारीपुर, विरामपुर, जल्लोपुर, देहरी गुर्जर सहित अन्य गांवों के जंगल में गंगा का पानी पहुंच गया है। इसस गांवों के लोग चिंतित हैं। गंगा का जलस्तर और बढ़ने की संभावना जताई गई है। खेतों से हरा चारा लाने के लिए लोगों को कठिनाई हो रही है। बिजनौर बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है। इसमें गंगा घाट भी पूरी तरह से जलमग्न है।

### बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों की सुनीं समस्याएं

**अमरोहा, अमृत विचार** : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनकर निराकरण करने के लिए विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

शुक्रवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए बैठक की। इसमें पूर्व सैनिकों ने ईसीएचएस अस्पताल, सीएसडी कैन्टीन, शस्त्र लाईसेंस, पेंशन आदि शिकायतों एवं प्रस्तावों पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बताया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए पूर्व सैनिकों ने खुशी जाहिर की। डीएम ने भूतपर्वू सैनिकों से आग्रह किया कि वे सभी शिविर में रक्तदान करें। इससे गरीबों की मदद मिलेगी। पूर्व सैनिकों की समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से शीघ्र कर दिया जाए। लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप



सीएचसी में लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

### सीएचसी में बुखार व खांसी के मरीज अधिक आए

**हसनपुर, अमृत विचार** : नगर स्थित सीएचसी में शुक्रवार को मरीजों की भीड़ रही। पर्ची बनवाने से लेकर दवा लेने तक काउंटरों पर लाइन लगी रही। बुखार, खांसी, जुकाम व खुजली के मरीज ज्यादा आए। चिकित्सकों ने कुछ मरीजों के खून भी जांच कराई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सीएचसी में मरीजों की भीड़ रही। मौसम में बदलाव होने से खांसी-जुखाम के मरीज अधिक आ रहे हैं। 300 मरीजों की ओपीडी हुई।



एसएलजे पब्लिक स्कूल में नृत्य करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### बच्चों ने कान्हा के भजनों पर किया नृत्य

**बुरावली, अमृत विचार** : नालेज पार्क हाकमपुर स्थित एसएलजे पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण व राधा की वेशभूषा में सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने मटकी व बांसुरी सजाकर कलात्मक रुचि का परिचय दिया। कान्हा के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया और मटकी फोड़ी। इस दौरान प्रबंधक संजय सिंह भाटी व प्रधानाचार्या शिवानी त्यागी आदि मौजूद रहे।

### जाम में फंसकर राहगीर हुए परेशान

**हसनपुर, अमृत विचार** : नगर में आंबेडकर पार्क से लेकर इंदिरा चौक तक जाम लगने से राहगीर परेशान हुए। व्यापारियों को भी दिक्कत हुई। कई घंटे तक जाम के हालात बने रहे। नगर के प्रमुख मार्गों के साथ ही मुख्य बाजारों में जाम की वजह से लोग परेशान हैं। आंबेडकर पार्क पर जाम की समस्या सबसे ज्यादा है। इस रास्ते से होकर चार पहिया वाहन गुजरते हैं। दुकानों के सामने व्यापारियों ने अतिक्रमण कर लिया है। इसके कारण रास्ता संकरा हो जाता है। आंबेडकर पार्क चौराहा से अधिकारी गुजरते हैं। इसके बाबजूद भी कोई इस ओर ध्यान नहीं देता है। वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, वंश प्लाजा, पुराना डाकघर, जनकपुरी दरबार, घास मंडी समेत अन्य स्थानों पर जाम लगता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका की ओर से इसे लेकर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके चलते लोग निडर होकर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर रहे हैं। डिप्टी कलेक्टर, अधिशासी अधिकारी विभा श्रीवास्तव ने बताया जल्द ही जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर अतिक्रमण हटवाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।



जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार

# दौलतपुर में जलभराव, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार**: क्षेत्र के गांव दौलतपुर कला में मुख्य मार्ग पर जल भराव होने से ग्रामीणों एवं स्कूली छात्रों को दिक्कत होती है। ग्रामीण गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। इसे लेकर ग्रामीणों एवं छात्रों ने प्रदर्शन किया।

गंगेश्वरी विकासखंड के गांव दौलतपुर कला में काफी समय से मुख्य मार्ग पर जल भराव है। इस संबंध में कई बार ग्रामीण अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। इससे गुस्साए ग्रामीण एवं छात्रों ने जलभराव की जगह एकत्र होकर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के युवा जिलाध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना ग्रामीण एवं बच्चों का आना-जाना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो वह इसकी शिकायत जिलाधिकारी से करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में बेगराम सिंह, बृजपाल सिंह, अमित गुर्जर, प्रिंस भाटी, रनवीर सिंह, आदेश सिंह, सोमपाल सिंह, प्रमोद, सौरभ, मान सिंह आदि मौजूद रहे।



दौलतपुर कला गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### तालाब को कब्जा मुक्त करने की मांग, प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव चचौरा के ग्रामीणों ने तालाब पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीण ने बताया कि तालाब में गंदा पानी जाता है। गांव के कुछ युवकों ने इस पर कब्जा कर लिया है। एक व्यक्ति ने तालाब में भराव डालकर मकान भी बना लिया है। इस मौके परसोमपाल सिंह, कमल सिंह, कुमारपाल सिंह, सतीश सिंह आदि रहे।

### प्रभात फेरी में गाए ठाकुर जी के भजन

**हसनपुर, अमृत विचार**: श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर नगर के मुख्य मार्गों पर ठाकुर की प्रभात फेरी निकाली गई। मोहल्ला होली वाला स्थित आयुष रस्तोगी के आवास से प्रभात फेरी प्रारंभ हुई और नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई मोहल्ला कायस्थान स्थित रानू रस्तोगी के आवास पर पहुंची। जहां बांके बिहारी जी 24 घंटे विश्राम करेंगे।

प्रभात फेरी में ठाकुर जी के भजन गाते हुए चल रहे थे। यह प्रभात फेरी शनिवार को भी निकाली जाएगी। इस मौके पर मुकेश गुप्ता, पंकज भटनागर, दिनेश अग्रवाल, राहुल गुप्ता, विजय पारछा, पुनीत अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, बीना शर्मा, सुनीता शर्मा, पूनम शर्मा, आंचल चौहान, जतिन गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# चकफेरी में फंदे पर लटक कर युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार** : घर में विवाद के चलते नाराज होकर युवक ने अपने खेत के पास बकायन के पेड़ के सहारे फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया गया कि क्षेत्र के गांव चकफेरी में किसान नंदू का परिवार रहता है। गुरुवार को घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। शुक्रवार सुबह उनका पुत्र भोलू (30) घर से कही चला गया था। कुछ घंटे बाद गांव से तीन सौ मीटर दूर अपने खेत के पास बकायन के पेड़ पर लटक कर उसने आत्महत्या कर ली। किसी ने उसे लटका देखकर परिजनों को जानकारी दी तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि विवाद के चलते युवक ने यह कदम उठाया। भोलू ने अपने पीछे दो बच्चों व पत्नी को छोड़ गया है। थानाध्यक्ष शोकेंद्र बालियान ने बताया है कि घर के विवाद के चलते युवक ने फंदे पर लटक कर जान दी है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



मौत के बाद विलाप करतीं महिलाएं।

● घर में विवाद के बाद नाराज होकर चला गया था भोलू

## आसपास-उत्तराखंड

# हत्या के 18 साल पुराने मामले में पिता पुत्र समेत तीन को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने तीनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**फैसला**

● गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी ने बंदूक से मारी थी गोली

**अमृत विचार** : विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट रिंकू जिंदल ने हत्या के लगभग 18 साल पुराने मामले में पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को दोषी माना है। तीनों दोषियो को आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार गांव गेहट निवासी राजेंद्र सिंह ने थाना जरीफनगर पुलिस को 17 नवंबर 2006 को तहरीर देकर बताया था कि सुबह लगभग 11 बजे पड़ोस में रहने वाले पड़ोसी सोमवीर पुत्र मोहकम, मोहकम पुत्र उल्फत सिंह, पप्पू पुत्र चौबे सिंह, कलक्टर सिंह पुत्र उल्फत से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उन लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। राजेंद्र सिंह ने गाली देने का विरोध किया था। इसी बात को लेकर सभी लोगों ने मेरे राजेंद्र सिंह के पिता जयराम सिंह पुत्र कल्लू को मकान के सामने सड़क पर घेर लिया।

सोमवीर ने जान से मारने की नीयत से बंदूक से गोली चला दी। जिससे जयराम सिंह की मौत हो गई। ग्रामीणों के आने पर सभी आरोपी जंगल की तरफ फायर करते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की विवेचना की। साक्ष्यों को संकलित करके हरपाल के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। बाद में कोर्ट ने धारा 319 के अंतर्गत आदेश करके अभियुक्त सोमवीर, उसके पिता मोहकम, पप्पू और कलक्टर सिंह को विचारण के लिए सीधे तलब कर लिया। तब से मामला कोर्ट में विचाराधीन था।

न्यायाधीश ने शुक्रवार को उपरोक्त पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन करके एडीजीसी जितेंद्र सिंह, ऐश्वर्य प्रताप सिंह और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद बाप -बेटे मोहकम व सोमवीर सहित अन्य आरोपी पप्पू को सजा सुनाई है। आरोपी हरपाल और कलक्टर सिंह की मुकदमा के विचारण के दौरान मौत हो गई थी।

# बीएल एग्रो में तीन नमूने भरे 1.5 लाख की मूंगदाल सीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल के जरिए प्रधानमंत्री से की गई शिकायत पर परसाखेड़ा में बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के खाद्य पदार्थों में मिलावट के शक में खाद्य सुरक्षा विभाग की विशेष टीम ने दूसरे दिन भी जांच की। सहायक आयुक्त खाद्य संदीप कुमार चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम ने शुक्रवार को मूंगदाल का एक और रिफाइनरी से तेल के दो नमूने भरे और करीब 1.5 लाख कीमत की 15 सौ किलो मूंगदाल सीज की।

सहायक आयुक्त खाद्य के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों सुशील सचान, प्रवीन राय, विनय कुमार यादव और करन सिंह ने रिफाइनरी से रेडी टू पैक आरबी ऑयल के दो नमूने दो अलग-अलग टैंकों से लिए। एक नमूना मूंगदाल का भरा। सहायक आयुक्त ने बताया कि लेवलिंग के मानकों का उल्लंघन मिलने पर करीब 1.5 लाख रुपये की मूंगदाल सीज की गई। आईजीआरएस के जरिए प्रधानमंत्री से शिकायत हुई है। जांच मिलने पर नमूने भरने की कार्रवाई की। नमूनों को जांच के लिए लखनऊ लैब में भेजने की तैयारी की जा रही है। टीम ने गुरुवार को खाद्य पदार्थों में मिलावट के शक में भंडारण से कई खाद्य पदार्थों के नमूने भरे थे।

> किसी व्यक्ति ने आईजीआरएस पर शिकायत की है। उसकी जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम गुरुवार को आई थी। शुक्रवार को भी टीम ने तीन नमूने भरे हैं। जिस मूंगदाल को सीज किया है, उसे हमने अलग रख दिया है। मिलावट होने जैसी कोई बात नहीं है। -**प्रेम शर्मा**, डिप्टी जनरल मैनेजर एडमिनिस्ट्रेशन, बीएल एग्रो

### बच्ची छीनकर महिला को घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार** : दहेज में 15 लाख न मिलने पर पति और सास ने महिला को बेटी छीनकर घर से निकाल दिया और धमकी दी कि पैसे नहीं मिले तो दोनों की हत्या कर देंगे। महिला की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुरादाबाद की मानसरोवर कॉलोनी निवासिनी अंजू आनंद के मुताबिक उनका विवाह वर्ष 2018 में बारादरी के स्टेडियम रोड स्थित रेजीडेंसी गार्डन निवासी शशांक आनंद के साथ हुआ था। विवाह में उनके पिता ने एक करोड़ रुपये खर्च किए किए थे, लेकिन पति और सास खुश नहीं थे और 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। 30 जुलाई 2019 को उन्होंने बेटी को जन्म दिया, तब आरोपियों के जुल्म और बढ़ गए और मांग भी बढ़कर 15 लाख रुपये हो गई। कुछ दिन पहले उन्हें बेटी छीनकर घर से निकाल दिया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी का किया सौदा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● महिला को बेटियों के साथ घर से निकालकर की दूसरी शादी

**अमृत विचार** : प्रेम विवाह के बाद पति और उसके परिजनों ने महिला से दहेज में दो लाख रुपये और बाइक की मांग की और न मिलने पर मारपीट की। महिला का आरोप है कि पति ने उसे मुरादाबाद ले जाकर एक रात के लिए एक व्यक्ति को पांच हजार रुपये में बेच दिया। थाना सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी पति समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुभाषनगर निवासी महिला के मुताबिक उसने मोहल्ले के ही एक युवक के साथ वर्ष 2018 में प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद पति, ससुर, सास, ननद, जेठ और नानी सास दो लाख रुपये और बाइक की मांग करने लगे। महिला ने वर्ष 2019 में बेटी को जन्म दिया, इस पर आरोपी और क्रूर हो गए। आरोप है कि 6 नवंबर 2022 को महिला को घर से निकाल दिया तो तब महिला ने पुलिस बुलाई। पुलिस के डांटने के बाद पति उसे मुरादाबाद ले गया और वहां पांच हजार रुपये लेकर आयुष को उसके कमरे में भेज दिया। आयुष ने महिला के साथ अश्लील हरकतें की। शोर मचाने पर आयुष भाग गया। आरोपी ने बताया कि वह महिलाओं का व्यापार करता है। 3 अगस्त को महिला ने दूसरी बेटी को जन्म दिया। इससे ससुराल वाले और नाराज हो गए। महिला ने बताया कि 24 जुलाई को जबरन पति ने जहर पिला दिया और कमरे से भाग गया, तब उसने माता पिता को सूचना दी। मां की सूचना पर मुरादाबाद में रहने वाले उसके मौसा मौके पर पहुंचे और अस्पताल में भर्ती कराया, तब उसकी जान बच सकी।

**अपराध** पिटाई-जिद का खौफ दिखाकर करता था भयभीत, चार बच्चियों के साथ किया दुष्कर्म

# चाइल्ड सेक्स का साइको निकला मौलवी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार**: मजहबी तालीम देने की आड़ में अपने घिनौने इरादे को पूरा करने वाला आरोपी मौलवी चाइल्ड सेक्स का साइको निकला। इसका खुलासा मासूम पीड़िता के अलावा अन्य चार बच्चियों ने किया है। पुष्टि हो चुकी है कि आरोपी मौलवी ने एक नहीं, बल्कि अभी तक पांच बच्चियों के साथ रेप की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी शुरू कर दी है।

गांव मलसी की रहने वाली एक महिला ने तहरीर देकर बताया था कि गांव में ही संचालित मस्जिद में डांग थाना जहानाबाद पीलीभीत यूपी निवासी मौलवी शब्बीर रजा छोटे-छोटे बच्चों को मजहबी तालीम देता था। जिसमें उसकी आठ साल की बेटी के अलावा कई बच्चियां भी पढ़ने जाती हैं। बताया कि मानसिक अवसाद से गुजर रही मासूम से पूछा तो उसने बताया कि मौलवी उसे व कई बच्चियों को अपने कमरे में ले गया और पॉर्न वीडियो दिखाकर अश्लील हरकतें कीं। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर 19 अगस्त को आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की तफ्तीश को तेज किया तो हैरान और घिनौनी घटना का सच सामने आने लगा।

आठ वर्षीय पीड़िता के अलावा अन्य चार छोटी-छोटी बच्चियों से पुलिस ने पूछताछ की। इसमें नाबालिगों ने मौलवी द्वारा अश्लील वीडियो दिखाकर रेप किए जाने की पुष्टि की। मौलवी की वास्तविक हकीकत सामने आने के बाद एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी को मौलवी के खिलाफ पुख्ता सबूत एकत्रित कर पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने के आदेश दिए हैं।

### तीन कैटेगरी में बनाई तालीम की श्रेणी

**रुद्रपुर।** मासूम बच्चियों के साथ रेप को अंजाम देने का आरोपी मौलवी मजहब की तालीम भी तीन श्रेणियों में देता था। पुलिस तफ्तीश में पता चला कि मौलवी ने छह से आठ साल, आठ से दस साल और दस से बारह साल के बच्चों की श्रेणी बनाई थी। अपनी हवस को पूरा करने से पहले वह बड़े बच्चों की जल्दी छुट्टी कर देता और दूसरे श्रेणी के बच्चों को होमवर्क देकर जाने को कहता था, लेकिन छह से आठ वर्षीय मासूम बच्चियों को अपने एसी युक्त कमरे में ले जाकर रेप करता था।

> थाना किच्छा के गांव मलसी में मौलवी द्वारा जो घिनौना कृत्य किया है। वह वास्तव में एक चाइल्ड सेक्स की सोच रखने वाला साइको ही कर सकता है। प्रारंभिक पड़ताल में एक पीड़िता के बयान दर्ज किए गए थे। जब अन्य मासूम किशोरियों से पूछताछ हुई तो मौलवी द्वारा रेप किए जाने की पुष्टि हुई। इसके अलावा भी अन्य नाबालिग पीड़ितों की संख्या बढ़ भी सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम बेहद ही तथ्यात्मक तरीके से अपनी जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया जाएगा। -**मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

### पांच किलो गांजा के साथ दो आरोपी पकड़े

**बदायूं, अमृत विचार** : अलापुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर ककराला मार्ग स्थित नवादा तिराहे से दो युवकों को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 5 किलो 578 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने अपना नाम थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव बेहटा डंबर निवासी आरिफ पुत्र सद्दाम और सद्दाम पुत्र गफरुल्ली बताया। पूछताछ में बताया कि एक राह चलते अनजान व्यक्ति से उन्होंने गांजा खरीदा था। वह पुड़िया बनाकर बेचते हैं। बाइक का मालिक बरेली की कोतवाली आंवला क्षेत्र के शाहबाजपुर निवासी इकरार पुत्र लतीफ है। वाहन मालिक कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी राहुल पुत्र श्रीपाल निकले। सद्दाम पर एनडीपीएस एक्ट, चोरी, आबकारी अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, बलवा आदि 20 मुकदमे विचाराधीन हैं।

# भूस्खलन के बाद मलबे में दबे चार नेपाली मजदूर, मौत

ब्यूरो, देहरादून

● एसडीआरएफ व डीडीआरएफ टीम ने शवों को किया रेस्क्यू

**अमृत विचार** : पर्वतीय इलाकों में बारिश का कहर अभी भी जारी है। केदारनाथ हाईवे पर भारी बारिश के चलते फाटा के समीप भारी भूस्खलन हुआ। जिसमें मलबे में दब जाने से चार नेपाली मजदूरों की मौत हो गई। एसडीआरएफ व डीडीआरएफ टीम ने चारों शवों को रेस्क्यू कर लिया है।

केदारघाटी में मूसलाधार बारिश जारी है। जिससे भारी भूस्खलन हो रहा है। केदारनाथ हाईवे भूस्खलन के चलते अवरुद्ध हो गया था। वहीं फाटा हेलीपैड के सटे खाट गदेरे के पास भारी भूस्खलन हुआ। बारिश के साथ बड़ी मात्रा में आए मलबे में नेपाली मूल के चार मजदूर दब गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि बीती रात डेढ़ बजे से अत्यधिक बारिश के कारण फाटा हेलीपैड से सटे खाट गदेरे के पास 4 नेपाली मूल के लोगों की मलबे में दबे होने की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल राहत एवं बचाव कार्य को लेकर रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया।

टीम ने मलबे में दबे लोगों के शवों को रेस्क्यू कर लिया। इनमें तीन मृतक नेपाल के जिला चितोन ऑयल नारायणी के रहने वाले तुल बहादुर पुत्र हरक सिंह बहादुर, पुरना नेपाली व किशना परिहार और देहलेख आंचल करनाली निवासी चीकू बूरा पुत्र खड़क बहादुर थे। डीडीआरएफ की टीम चारों शवों को जिला चिकित्सालय लेकर आई। बताया जा रहा है कि नेपाली मजदूर डेरा बनाकर वहां रह रहे थे।

### दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा

**रुद्रपुर, अमृत विचार**: थाना गदरपुर इलाके में पांच साल की मासूम किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी को बीस साल कठोर कारावास और 40 हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा हुई। विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया है।

विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि 14 मार्च 2023 को गदरपुर थाने के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि 14 मार्च की सुबह चार बजे अचानक उसकी पांच साल की बेटी दर्द से कराहने लगी। पूछा तो बताया कि एक कंबल वाला व्यक्ति आया और मुंह दबाकर उसे उठाकर ले गया। थोड़ी दूर स्थित नाले के पास ले जाकर आरोपी व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

# स्कूल का छज्जा गिरने से 40 छात्र-छात्राएं घायल

## मजिस्ट्रेट जांच के आदेश, स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर रिपोर्ट दर्ज, मुख्यमंत्री ने लिया हादसे का संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र जहांगीराबाद स्थित एक निजी स्कूल का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में एक शिक्षिका और करीब 40 छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को क्षेत्र के निजी व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें से एक बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

हादसे का संज्ञान खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया और बच्चों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था दिए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चोटिल बच्चों का हाल जानने राज्यमंत्री सतीश शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे। घटना जहांगीराबाद कस्बे में सद्दीपुर



बाराबंकी में निजी स्कूल का टूटा छज्जा और मौके पर इकट्ठा लोग। ● अमृत विचार

● **एक शिक्षिका, 26 बच्चों का अस्पताल में चल रहा इलाज**

रोड पर स्थित अवध अकादमी स्कूल की है जहां शुक्रवार की सुबह छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचे थे। स्कूल में प्रार्थना शुरू होने वाली थी तभी कुछ बच्चे प्रार्थना के दौरान छज्जे से होकर जीने से नीचे आ रहे थे। उसी दौरान करीब 20 फीट लंबा छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। छज्जा गिरने से स्कूल की शिक्षिका प्राची वर्मा (25 वर्ष) और करीब 40 बच्चे घायल हो गए। घटना के बारे में जब गांव के लोगों को पता चला तो वह तुरंत दौड़े। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह कई अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू कराया।

> ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और डीआईओएस की कमेटी हादसे की जांच के लिए बनाई गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।
> **-सत्येंद्र कुमार**, जिलाधिकारी

**5वीं की मान्यता पर 12वीं तक स्कूल**

स्कूल के पास सिर्फ कक्षा 5वीं तक की ही मान्यता है, लेकिन बच्चे इंटर तक की पढ़ाई कर रहे हैं। समाजसेवी देवेंद्र पाण्डेय की शिकायत पर डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने जीआईसी के उप-प्रधानाचार्य और बीईओ बाराबंकी से संयुक्त जांच कराई थी। जांच में विद्यालय की केवल कक्षा 5 तक की मान्यता की बात सामने आई थी। जबकि कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं अवैध रूप से चलाई जा रही थीं। जिसे बंद करने को लेकर डीआईओएस ने आदेश दिया था। उस आदेश का अगर पालन हो जाता, तो शायद इस हादसे से बचा जा सकता था।

## नहीं पहुंचे राहुल गांधी, अब सुनवाई 5 सितंबर को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में सांसद राहुल गांधी नहीं पहुंचे। मजिस्ट्रेट के यहां परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने परिवादी की हाजिरी माफी व साक्ष्य दाखिल करने के लिए मौका दिए जाने की मांग की। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 5 सितम्बर की नियत की है।

बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान सांसद राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है।

## निदेशक, पंचायती राज के खिलाफ जमानती वारंट जारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

● **हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया**

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रविवार की सार्वजनिक छुट्टी के दिन एक कर्मचारी के स्थानांतरण का विवादित आदेश पारित करने के मामले में निदेशक, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश के विरुद्ध जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें 20 हजार रुपए के निजी मुचलके को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ के समक्ष जमा करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को उक्त अधिकारी को हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया गया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने सुरेंद्र कुमार भाटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। दरअसल कोर्ट ने अपने पिछले आदेश में उक्त अधिकारी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगते हुए यह पूछा था कि उन विशेष परिस्थितियों को इंगित करें, जिनके तहत स्थानांतरण का आक्षेपित आदेश रविवार की सार्वजनिक छुट्टी के दिन पारित किया। निदेशक को यह स्पष्ट रूप से बताना होगा कि रविवार को उनका कार्यालय कार्यरत था या नहीं और किन परिस्थितियों में यह आदेश पारित किया गया था। कोर्ट ने निदेशक पंचायती राज, लखनऊ द्वारा याची को बुलंदशहर से ललितपुर स्थानांतरित करने के आदेश 30 जून 2024 को निलंबित कर दिया था । शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उक्त अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल नहीं किया गया है और व्यक्तिगत रूप से वह उपस्थित भी नहीं हुए हैं। इस पर कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताते हुए उक्त अधिकारी के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर दिया।

## 2001 से लंबित दुष्कर्म मामले के आरोपी को कोर्ट ने किया बरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2001 से लंबित दुष्कर्म मामले के आरोपी को बरी करते हुए अपने आदेश में कहा कि 6 वर्ष से कम उम्र की बच्ची से दुष्कर्म करने पर उसके शरीर पर चोटों के निशान अवश्य आएंगे। इस तरह के साक्ष्य मेडिकल दस्तावेजों और डॉक्टर की गवाही से सुपुष्ट होने चाहिए।

ऐसा न होने की स्थिति में दुष्कर्म के अपराध को संदिग्ध दृष्टि से देखा जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने हीरा की आपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए की। आरोपी के विरुद्ध पुलिस स्टेशन जहांगीराबाद बुलंदशहर में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कोर्ट ने पाया कि पीड़िता की मेडिकल जांच घटना के समय से साढ़े छः घंटे बाद की गई थी। चिकित्सीय जांच करने वाले डॉक्टर का कहना है कि पीड़िता के अंदरूनी अंगों पर किसी तरह की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में दुष्कर्म की संभावना नहीं बनती है। महत्वपूर्ण तथ्य को नजरअंदाज करते हुए ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 2002 में याची को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। कोर्ट ने मेडिकल साक्ष्यों और किसी बाहरी चोट के अभाव में ट्रायल कोर्ट के आक्षेपित आदेश को रद करते हुए आरोपी को बरी कर दिया।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत 100 लोगों के खिलाफ एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **हजरतगंज व गौतमपल्ली थाने में दर्ज रिपोर्ट में अजय कुमार लल्लू व पुनिया भी आरोपी**

**अमृत विचार :** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में गुरुवार को ईडी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाना था। हजरतगंज के राजभवन गेट-2 के पास पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान उग्र कांग्रेस नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। राजधानी में निषेधाज्ञा लागू है। पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन कर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में हजरतगंज और गौतमपल्ली थाने में प्रदेश अध्यक्ष समेत करीब 100 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया। वीडियो फुटेज से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

चौकी प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने हजरतगंज और रमेश चंद्र पांडेय ने गौतमपल्ली थाने में तहरीर दी। दरोगाओं के मुताबिक प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, बाराबंकी के सांसद तनुज पूनिया, राष्ट्रीय महासचिव धीरज गुर्जर, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, एनएसयूआई के अनस रहमान, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी, सेवा दल मध्य के पूर्व अध्यक्ष राजेश काली, अध्यक्ष दक्षिणी डॉ. शहजाद आलम और अमित के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और 7 सीएल एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए वीडियो और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## कांग्रेस, सपा व इंडी गठबंधन एक ही थाली के चट्टे-बट्टे : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण और क्रीमीलेयर को लेकर केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया, साथ ही भारत बंद में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की चुप्पी का हलावा देते हुए, इंडी गठबंधन को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे करार दिया।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भाजपा का एससी-एसटी आरक्षण विरोधी रवैया बरकरार है। आरक्षण वर्गीकरण व क्रीमीलेयर का नया नियम लागू करने के निर्णय के विरुद्ध केन्द्र द्वारा अभी तक भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना, अति दुःखद व चिंताजनक है। कहा कि पहले तो केन्द्र ने न्यायालय में लचर पैरवी की और अब संविधान संशोधन बिल नहीं लाने से सिद्ध होता है कि आरक्षण को लेकर बीजेपी का रवैया नहीं बदला है। दूसरी पोस्ट में उन्होंने सपा, कांग्रेस व इनके इंडी गठबंधन की भी चुप्पी को घातक बताते हुए कहा कि साबित है कि एससी-एसटी वर्गों के सही हित, कल्याण व उत्थान के मामले में दोनों ही पार्टियाँ व इनके गठबंधन एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं साथ ही बताया कि इन वर्गों का हित अंबेडकरवादी बीएसपी में ही सुरक्षित है।

## कांग्रेस के पूर्व सचिव भोला पाण्डेय का निधन

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक भोला पाण्डेय का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने लखनऊ के गोमती नगर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे। भोला पांडेय साल 1978 में इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में उस वक्त अचानक दुनियाभर में चर्चा का विषय बने जबकि उन्होंने दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर क्रिकेट की गेंद और खिलौना पिस्तौल दिखाकर प्लेन हाईजैक कर लिया था।



## बच्चों के खिलाफ यौन अपराध जघन्यतम अपराधों में से एक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बच्चों के यौन शोषण से जुड़े एक मामले पर अपनी गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि बच्चों के खिलाफ यौन अपराध सबसे जघन्य अपराधों में से एक है, जो पीड़ितों पर गहरी और स्थायी छाप छोड़ जाता है।

ऐसे आघातों के मनोवैज्ञानिक प्रभाव बहुत गहरे और बहुआयामी होते हैं, जो बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक स्थिरता और सामाजिक संबंधों को प्रभावित करते हैं और इसके साथ ही उनके



जीवन के हर पहलू को भी प्रभावित करते हैं। ऐसे आघात भावनात्मक, व्यावहारिक और सामाजिक समस्याओं का एक ऐसा सिलसिला उत्पन्न कर सकते हैं जो बच्चे के वयस्क होने के बाद भी उसे परेशान करता रहता है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि ऐसे गंभीर अपराधों में समझौते के आधार पर आरोपी को राहत नहीं दी जा सकती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने राम बिहारी की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने पाया कि याची लगातार यौन शोषण करने वाला व्यक्ति है। यद्यपि उसे हाईकोर्ट की एक अलग पीठ ने इससे पहले पोक्सो के दो अन्य मामलों में समझौते के आधार पर राहत देते हुए मामलों को रद्द कर दिया था, लेकिन आरोपी लगातार बच्चे का यौन शोषण करता रहा। याची के खिलाफ थाना कोतवाली, जालौन में पोक्सो, आईपीसी और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। कोर्ट ने पीड़ित के बयान पर विचार करते हुए निष्कर्ष निकाला कि जब वह 13 वर्ष का था, तब उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाया गया था। आरोपी ने घटना को अपने फोन में रिकॉर्ड भी किया था। दूसरी ओर याची का दावा है कि दोनों पक्षों के बीच वित्तीय लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। अंत में कोर्ट ने अपराध की गंभीरता, अपराध के सामाजिक प्रभाव और बच्चे पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव को देखते हुए याचिका खारिज कर दी।

## नर्सिंग पेपर लीक करने का आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार:** एसटीएफ ने एसजीपीजीआई लखनऊ की नर्सिंग परीक्षा के पेपर को लीक करने वाले कानपुर निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया है। तालगांव में दर्ज अभियोग के आधार पर पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा है।

एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि फतेहपुर जनपद का पतारी निवासी रविकान्त पुत्र रामकुमार पिछले काफी समय से लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर 92 इन्क्लेव और कानपुर जनपद के नौबस्ता थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मंडी में रह रहा था। आरोपी बीते दिनों हुई एसजीपीजीआई लखनऊ नर्सिंग परीक्षा के प्रश्न पत्रों को लीक करने के मामले में शामिल था। इसको लेकर उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया।

लहरपुर सीओ सुशील कुमार यादव के निर्देशन में आरोपी रविकान्त को लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर स्थित न्यू गौरव ढाबा के पास जमैय्यतपुर टिकरिया मोड़ से गिरफ्तार किया गया। लखनऊ एसटीएफ की टीम में निरीक्षक हेमन्त भूषण सिंह के अलावा एसआई हरीश सिंह चौहान और फोर्स मौजूद रही।

## मुआवजा नहीं मिल रहा बिजली उपभोक्ताओं को

**लखनऊः** विद्युत उपभोक्ताओं को मुआवजा कानून बनने के बाद भी उपभोक्ताओं को मुआवजा नहीं मिल रहा है, जबकि राज्य में बिजली समस्या संबन्धी हेल्पलाइन 1912 पर पिछले पांच माह में मिलने वाली 28 लाख 84 हजार 346 शिकायतों में विभाग ने खुद माना है कि 12 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण तय समय के बाद किया गया है। उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बयान में कहा, उपभोक्ताओं को मुआवजा का लाभ 1912 के माध्यम से मिलना है।

## महिला सुरक्षा को लेकर तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **जिलों में अधिकारियों ने बैठक कर बनाई रणनीति**

**अमृत विचार:** महिलाओं की सुरक्षा को अपर मुख्य सचिव गृह के निर्देश के बाद जिला मुख्यालयों में हलचल शुरू हो गई। एसीएस द्वारा भेजी गई गाइडलाइन के मुताबिक कार्य करने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्तर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। प्रत्येक जिले में गाइडलाइन के मुताबिक योजनाएं बनाई जा रही हैं।

बतादें कि गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने प्रदेश के सभी डीएम और एसपी को निर्देश दिए थे कि सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में महिला कर्मचारियों से संस्थान में तय समय से ज्यादा काम न लिया जाए। दफ्तरों में उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। सभी संस्थान सीसी कैमरों से लैस हों। महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न होने पर सख्त कार्रवाई की जाए। दफ्तर से देर रात घर जाने वाली महिला कर्मचारियों को इमरजेंसी पड़ने पर पुलिस वाहन (पीआरवी) से घर पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए अभियान पहले से चल रहा है। इसी कड़ी में अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि रात में आने-जाने वाले रास्तों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। महिला हेल्पलाइन-112, 1090 का प्रसार हो। सुरक्षा के अन्य इंतजामों के साथ महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी की जाए।

### वर्ग पहेली-170

**बाएं से दाएं**

1. 1. गिरकर चक्कर खाते हुए आगे या नीचे की ओर जाना; ढुलकना 2. घिसटना, रपटना 3. किसी ओर झुकना या आकृष्ट होना 4. मर जाना।
4. 1. पूरे समय के थोड़े से ही भाग से संबंधित 2. ऐसी नौकरी जहां पूरे समय काम करने की बजाय थोड़े समय काम करने के लिए ही रखा जाता है 3. कुछ या थोड़े समय के लिए किया जानेवाला
6. 1. वकील का पेशा 2. किसी के पक्ष में किया जाने वाला मंडन, पैरवी
7. रामचंद्र, मर्यादा पुरुषोत्तम राम।

**ऊपर से नीचे**

2. कण से युक्त।
3. एक ही पुरुष के साथ संबंध रखने वाली स्त्री, एकनिष्ठा, पतिव्रता।
5. 1. (पुराण) इंद्र की नगरी, अमरावती 2. स्वर्ग।



### वर्ग पहेली -169 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ज | ■ | 2 उ | ■ | 3 क |
| ■ | 4 म | धु | प | ■ | च |
| ■ | ना | ■ | व | ■ | ह |
| ■ | ■ | 5 सि | स | का | री |
| 6 अ | धि | र | थ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | 7 को | र |
| 8 धा | तु | मा | न | ■ | ■ |

### सुडोकू -83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | 5 | |
| 7 | 2 | | 3 | | | 1 | | |
| 9 | 5 | | | | 2 | | 8 | |
| 4 | | 6 | | | 1 | | | |
| 2 | | 3 | | | | 4 | | 9 |
| | | | 4 | | 9 | | | 8 |
| | 4 | | 8 | | | | 2 | 6 |
| | | 1 | | | 6 | | 7 | 3 |
| | 6 | | 9 | | | 5 | | |

### सुडोकू -82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 8 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 07.51 तक तत्पश्चात षष्ठी 25 अगस्त 05.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 18.05 तक तत्पश्चात भरणी।


मेष
आज सिर्फ जरूरी कार्यों को ही प्राथमिकता दें। रिश्तों को लेकर कुछ असमंजस भरी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्यशैली को लेकर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। दिनचर्या का बड़ा समय पढ़ने और शोध आदि में दे सकते हैं।


वृष
आज घर के कार्यों में भी मन नहीं लगेगा। नशे का सेवन बिल्कुल भी न करें। शेयर मार्केट में बड़ा पैसा निवेश करने से बचें। संभावना है की आपका विचार ज्यादा सार्थक हो, लेकिन सही बात कहने पर भी आप निशाने पर लिए जा सकते हैं।


मिथुन
आज संतान के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। धीरे-धीरे अटके मामलों को सुलझा लेंगे। समाज में आपका रसूख बढ़ेगा। अचानक धन लाभ भी हो सकता है। अच्छे मित्रों के संयोग से मन प्रफुल्लित रहेगा।


कर्क
आज पूर्व निर्धारित कार्यों की योजना समय से पहले बना लेंगे। समय का सदुपयोग करेंगे। कमीशन और इंश्योरेंस जैसे कार्यों से लाभ प्राप्त होगा। आप लोगों के लिए प्रेरणास्तोत्र बनाकर उभरेंगे। आईटी फील्ड से जुड़े लोगों को जॉब में काफी आनंद आएगा।


सिंह
आज अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें। सामाजिक संबंधों का लाभ आपको मिलेगा। जीवनसाथी के प्रति अपनापन और प्रेम दोनों ही बढ़ेगा। लोग आपकी आदतों पर सवाल उठा सकते हैं। आपको अपनी प्रोडक्ट क्वालिटी पर ध्यान देना चाहिए।


कन्या
आज नया कुछ भी शुरू न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। मुंह में छाले पड़ सकते हैं। हेल्दी डाइट का कड़ाई से पालन करें। कहीं बाहर न जाएं। आपको अचानक कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। पैसों की तंगी रहेगी।


तुला
आज आर्थिक परेशानियों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ेगा। निजी रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। ऑफिस में लोग आपका काफी सहयोग करेंगे। व्यवसाय में आपको नए तरीके की योजना अपनानी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ अचानक परिवर्तन हो सकते हैं।


वृश्चिक
आज व्यापार के मामले में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। किसी रिश्तेदार की आपको मदद करनी पड़ सकती है। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। सहकर्मियों के सहयोग से आपके काम जल्दी में पूरे हो जायेंगे। जॉब के नए अवसर आपको मिल सकते हैं।


धनु
आज ऑफिस का महत्वपूर्ण काम आपके सामने आएगा। सोशल मीडिया पर संवेदनशील और भ्रामक पोस्टों को लाइक शेयर करने से बचें। घर के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा की तैयारी करेंगे। किसी पर भी आंख-मूंदकर भरोसा न करें।


मकर
आज आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सार्वजनिक क्षेत्रों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। निजी रिश्तों में मधुरता आयेगी। आपके बारे में लोगों की राय मिश्रित रहेगी। लोग मीठा बोलकर आपसे अपने काम करवाने का प्रयास करेंगे।


कुंभ
आज छोटे भाई बहनों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे। किसी बड़ी डील से आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। फाइनेंस संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा। आपकी प्रबल इच्छाशक्ति से सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लेंगे।


मीन
आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। गलत रास्तों का चुनाव न करें। आंखों में जलन जैसी समस्या हो सकती है। हार्डवेयर संबंधित कारोबार में लाभ की संभावना बन रही है। पारिवारिक समस्याओं के कारण मन विचलित हो सकता है।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
मफिया राज — सुबह : 10.44
भैया जी सुपरहिट — रात : 09.00

&pictures
द कराटे किड — सुबह : 11.13
खिलाड़ी 786 — रात : 07.30

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 11.02
डोंट ब्रीथ 2 — रात : 09.59

ZEE CINEMA
वलाटी — सुबह : 11.15
आरआरआर — रात : 08.00

colors CINEPLEX
एनाकोंडा 3 — दोपहर : 12.08
योद्धा — रात : 07.59

**आज की सुपरहिट फिल्म**



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला- पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी- आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

## एक नजर

### अरीबा में बहुलांश हिस्सेदारी बीकाजी फूड्स ने खरीदी

**नई दिल्ली।** बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल ने उज्जैन स्थित अरीबा फूड्स में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी है। अरीबा स्नैक्स व फ्रोज़न खाद्य पदार्थ में विशेषज्ञता रखती है। बीकाजी फूड्स ने कंपनी में 55% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है, जिसकी कीमत 60.49 करोड़ है। इससे बीकाजी को अपने फ्रोज़न फूड उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने और बाजार में विस्तार करने में मदद मिलेगी। बीकाजी के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल ने कहा, यह रणनीतिक कदम न केवल निर्यात वृद्धि के लिए हमारी क्षमता को मजबूत करता है। अरीबा फूड्स के प्रवर्तक गौरव बहेती ने कहा, हमारी उत्पादन सुविधाओं तथा निर्यात विशेषज्ञता के साथ, हम बीकाजी की उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

## मुरादाबाद मंडी

**दालें :** दाल चना : 75–78 रुपये मसूर : 60–68 रुपये मलका : 62–68 रुपये अरहर : 140–150 रुपये उड़द : 100–110 रुपये धोआ उड़द : 110– 130 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 95–105 रुपये मूंग साबुत : 90–105 रुपये चना देसी : 60–70 रुपये चना कावली : 90–130 रुपये राजमा लाल : 130–140 रुपये राजमा चित्ता : 125–130 रुपरुपये लोबिया लाल : 90–110रुपये लोबिया सफेद : 80–100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 980 फ्लैग– 1120 बोल्ड– 1160 डीएमओ– 880
**रामपुर :** शिवालिक– 995 फ्लैग– 1110 डीएमओ–870 बोल्ड–1190



## सर्राफा



मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,900 |
| चांदी आभूषण | 87,600 |

# डंपिंग से भारतीय इस्पात बाजार प्रभावित

## चीन में मांग घटने और अनुचित आयात से पड़ रहा असर, सरकार को कार्रवाई करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व इस्पात सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा है कि चीन में मांग में कमी के बीच भारतीय इस्पात बाजार 'अनुचित आयात और डंपिंग' से प्रभावित हुआ है और सरकार को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने की जरूरत है।

उन्होंने शुक्रवार को बिगमिंट के भारतीय लौह अयस्क और पेलेट शिखर सम्मेलन के सातवें संस्करण में कहा, अगर आप फ्लैट इस्पात उत्पादों की बात करें तो आयात निश्चित रूप से एक समस्या है। चीनी बाजार में मंदी ने वास्तव में (घरेलू) बाजार को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि बढ़ते आयात से मूल्य प्राप्ति प्रभावित हो रही है, जिससे इस्पात निर्माताओं की लाभ पर असर पड़ा है। अभी जो आयात हो रहा है वह अनुचित है और डंपिंग हो रही है और भारत सरकार को निश्चित



● बिगमिंट के भारतीय लौह अयस्क व पेलेट शिखर सम्मेलन में बोले पूर्व इस्पात सचिव

रूप से समयसीमा के भीतर इसका जवाब देना चाहिए। उनका यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि स्थानीय इस्पात कंपनियां कई महीनों से चीन सहित चुनिंदा देशों से आयात का मुद्दा उठा रही हैं। इस्पात विनिर्माताओं ने चिंता जताई है कि भारत इस्पात का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के विपरीत, इस्पात का शुद्ध आयातक बन रहा है। सिन्हा ने कहा, शुल्क लगाने के लिए किए गए आवेदनों पर लगभग डेढ़ वर्ष की लंबी समयावधि के लिए विचार किया जा रहा है, जिससे उद्योग को कम से कम निष्पक्ष सुनवाई में मदद नहीं मिलेगी।

सरकार ने 16 अगस्त को घरेलू उद्योग की शिकायत के बाद वियतनाम से हॉट रोल्ड स्टील उत्पादों के आयात में डंपिंग रोधी जांच शुरू की। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) मिश्र धातु या गैर-मिश्र धातु इस्पात के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पादों की कथित डंपिंग की जांच कर रही है। डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, भारतीय इस्पात संघ ने घरेलू उत्पादकों - जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड की ओर से एक आवेदन दायर किया है, जिसमें वियतनाम से आयात पर डंपिंग रोधी जांच शुरू करने की मांग की गई है।

### इंजीनियरिंग निर्यात में आगे सुधार की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में तीन माह की तेजी के बीच अमेरिका, यूएई, सऊदी अरब और सिंगापुर जैसे प्रमुख बाजारों में जुलाई 2024 में वृद्धि दर्ज की गयी, जबकि बांग्लादेश और रूस जैसे देशों को इन वस्तुओं का निर्यात वार्षिक आधार पर कम हुआ। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी–इंडिया) के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया का कहना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि की संभावनाओं के साथ ही इस बार के बजट में विनिर्माताओं को प्रोत्साहन के प्रावधानों से इंजीनियरिंग निर्यात में आगे सुधार की उम्मीद है। ईईपीसी –इंडिया की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात के 25 प्रमुख बाजारों में से 10 में निर्यात जुलाई में बढ़ा जबकि 15 के मामले में सकारात्मक था, जबकि 15 देशों के मामले में निर्यात घटा। ये 25 वे बाजार है जिनमें भारत का तीन चौथाई इंजीनियरिंग माल बिकता है।

# अमेरिका बड़ा कारोबारी साझेदार चीन के साथ ज्यादा व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू कैलेंडर साल के पहले छह महीनों (जनवरी-जून) में अमेरिका भारत का शीर्ष कारोबारी साझेदार बनकर उभरा है जबकि देश ने इस अवधि में चीन के साथ 41.6 अरब डॉलर का अधिकतम व्यापार घाटा दर्ज किया है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जनवरी-जून, 2024 के दौरान देश का व्यापारिक निर्यात 5.41% बढ़कर 230.51 अरब डॉलर हो गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन 41.6 अरब डॉलर के बड़े व्यापार घाटे के साथ सूची में सबसे ऊपर है, क्योंकि चीन को निर्यात 8.5 अरब डॉलर था, जबकि जनवरी-जून 2024 के दौरान आयात 50.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि भारत 239 देशों को उत्पादों का निर्यात करता है और इनमें से 126 देशों ने निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दिखाई है। इन देशों का भारत के कुल निर्यात में 75.3% हिस्सा है।



● देश का व्यापारिक निर्यात 5.41% बढ़कर 230.51 अरब डॉलर हुआ

### 98 देशों को निर्यात में गिरावट

निर्यात में वृद्धि वाले देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, सिंगापुर और चीन हैं। हालांकि, 98 देशों के निर्यात में गिरावट आई है जिनमें इटली, बेल्जियम, नेपाल और हांगकांग हैं। अमेरिका भारत का शीर्ष निर्यात भागीदार है। अमेरिकी निर्यात जनवरी–जून, 2023 में 37.7 अरब डॉलर था जो इस साल की समान अवधि में 10.5% बढ़कर 41.6 अरब डॉलर हो गया। साल की पहली छमाही में, चीन भारत का सबसे बड़ा आयात आपूर्तिकर्ता रहा। चीन से आयात 46.2 अरब डॉलर से बढ़कर 50.1 अरब डॉलर हो गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 2023–24 में चीन भारत का शीर्ष कारोबारी साझेदार रहा लेकिन जनवरी से जून में अमेरिका सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बन गया।

# एसएमई का ऑडिट करते समय ज्यादा सावधानी बरतें सीए : सेबी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने शुक्रवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) से लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) एक्सचेंज मंच पर सूचीबद्ध कंपनियों का ऑडिट करते समय अधिक सतर्कता बरतने को कहा। चार्टर्ड अकाउंटेंट के उद्योग समारोह में भाटिया ने कहा कि सूचीबद्ध एसएमई को लेकर अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि यही कंपनियां भविष्य में मुख्य एक्सचेंज का हिस्सा बनेंगी।

भाटिया ने कहा, हमने वहां (एसएमई मंच पर) कुछ चुनौतियां देखी हैं। हम अनुरोध करते हैं कि जहां तक एसएमई आईपीओ और कोष जुटाने का सवाल है, तो सावधानी बरतें क्योंकि ये छोटी कंपनियां आगे चलकर बड़ी होंगी। भाटिया ने कहा कि ऐसी इकाइयों द्वारा 14,000 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं, जिनमें से 6,000 करोड़ रुपये सिर्फ 2023-24 में जुटाए गए हैं। उन्होंने सीए की तुलना चिकित्सकों से करते हुए कहा कि वे कंपनियों के संचालन को सुनिश्चित करके प्रथम स्तर के नियामक के रूप में कार्य करते हैं।



● लघु एवं मझोले उद्यम वाली कंपनियां भविष्य में मुख्य एक्सचेंज का बनेंगी हिस्सा

# बिजली की मांग आगामी छह साल तक 15 गीगावाट की दर से बढ़ेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली की मांग आगामी छह वर्षों में 15 गीगावाट सालाना की दर से बढ़ेगी। वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक दशक में बिजली की मांग सालाना 11 गीगावाट की दर से बढ़ी है।

भारतीय बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता संघ (आईईईएमए) के कार्यक्रम में बिजली विभाग के अतिरिक्त सचिव श्रीकांत नागुलापल्ली ने कहा कि 2030 तक सौर ऊर्जा घंटों के दौरान 85 गीगावाट अतिरिक्त मांग बढ़ जाएगी और गैर सौर ऊर्जा घंटों के दौरान अधिकतम मांग में 90 गीगावाट से अधिक की वृद्धि होगी। सालाना बढ़ोतरी इन संख्याओं को सही रूप से प्रतिबिंबित नहीं कर सकती है, लेकिन यदि आप पूर्ण संख्या देखें तो यह बड़ी छलांग है और इस वृद्धि को पूरा करने के लिए हमारी कोयला क्षमता के साथ सौर, पवन, भंडारण और पारेषण का भी पर्याप्त विस्तार हो रहा है। 10 वर्षों में भारत की अधिकतम मांग औसतन 11 गीगावाट की दर से बढ़ी है और अगले छह साल में मांग औसतन 15 गीगावाट सालाना की दर से बढ़ेगी। लगभग 40 गीगावाट बिजली भंडारण के माध्यम से होगी।



● पिछले एक दशक में बिजली की मांग सालाना 11 गीगावाट की दर से बढ़ी

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.54 अरब डॉलर बढ़कर 674.66 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.54 अरब डॉलर बढ़कर 674.66 अरब डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.11 अरब डॉलर रहा था।

आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.60 अरब डॉलर बढ़कर 591.56 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 86.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 60.10 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) छह करोड़ डॉलर बढ़कर 18.34 अरब डॉलर हो गए।



## एक नजर

### इंदौर में कॉटेज की छत गिरी, पांच की मौत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में शुक्रवार को रिजॉर्ट के निर्माणाधीन कॉटेज की सीमेंट की छत का स्लैब गिरने से मलबे में दबने से पांच की मौत हो गई। एसपी हितिका वासल ने बताया कि जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर चोरल क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट की छत की स्लैब भरी गई थी और वहां काम कर रहे पांच लोग इसके नीचे सो गए थे।

### छह दुकानों पर फर्जी सीएम दस्ते का छापा, दो गिरफ्तार

**भिवानी।** हरियाणा में फर्जी मुख्यमंत्री उड़नदस्ता बनाकर पांच जिलों की छह दवा दुकानों पर छापे मारने के आरोपी में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरोह के सरगना और दो सदस्यों को दादरी की अपराध अन्वेषण एजेंसी ने पकड़ा है। दो गाडियां भी जब्त की गई है और अदालत ने उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। डीएसपी–मुख्यालय धीरज कुमार ने गिरफ्तारी की जानकारी दी हैं।

### लापता विमान की खोज में फिर जुटी नौसेना

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर से उड़ान भरने के बाद लापता हुए प्रशिक्षण विमान की तलाश के लिए नौसेना ने शुक्रवार को फिर से अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण गुरुवार शाम छह बजे खोज अभियान रोक दिया था। विमान सवार प्रशिक्षु पायलट और उसके प्रशिक्षक के शव चांडिल बांध में मिले थे।

### दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन बहाल की गई: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में बुजुर्गों को अब पेंशन मिलनी शुरू हो गई है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर पिछले पांच महीने से पेंशन में योगदान नहीं देना का आरोप भी लगाया। आतिशी ने कहा कि शहर के एक लाख लाभार्थियों में से 90 हजार को गुरुवार को उनका पिछला बकाया मिल गया। मंत्री ने दावा किया, पेंशन में से दिल्ली सरकार 2,200 और केंद्र 300 रुपये का भुगतान करती है।

### जेल तोड़ने का साजिशकर्ता न्यायिक हिरासत में

**चंडीगढ़।** पंजाब में 2016 में नाभा जेल तोड़ने के साजिशकर्ता रमनजीत सिंह को गुरुवार को हांगकांग से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद शुक्रवार सुबह पंजाब लाया गया और एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# दरवाजे की टूटी कुंडी भी जांच के घेरे में

## जांच अधिकारी अस्पताल में लगे सीसीटीवी के फुटेज का कर रहे हैं विश्लेषण

कोलकाता, एजेंसी

### डॉक्टर से दरिंदगी

● सीबीआई यह पता लगाने में जुटी कि अपराध के समय सभागार के बाहर कोई तैनात तो नहीं था

प. बंगाल की राजधानी कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले की जांच कर रहा सीबीआई इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहा है कि कैसे अपराध को बिना किसी बाधा के अस्पताल के उस सभागार में अंजाम दिया गया, जिसके दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी।

अधिकारी ने बताया कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या सभागार के बाहर कोई व्यक्ति यह तैनात था कि अपराध को अंजाम देने में कोई बाधा नहीं आए। जांच अधिकारी इसकी पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर रहे हैं। जांच अधिकारियों ने इस बात पर हैरानी जताई कि जब चिकित्सक को प्रताड़ित किया जा रहा था तो सभागार में से आ रही आवाज किसी को सुनाई क्यों नहीं दी। सीबीआई ने बताया, दरवाजे की कुंडी टूटी थी जिसकी वजह से दरवाजा बंद नहीं हो रहा था। हम इसकी जांच कर रहे हैं कि अपराध के दौरान क्या कोई व्यक्ति सभागार के बाहर मौजूद था। कुंडी टूटी होने से दरवाजा खराब था। पीड़िता आठ-नौ अगस्त की रात दो से तीन बजे के बीच सभागार में दाखिल हुई थी और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने सभागार में उसे सोते देखा था। सभी से पूछताछ में पता चला कि कुंडी खराब होने की जानकारी सभी को थी और इस कारण चिकित्सक उस रात दरवाजा बंद नहीं कर पाई थी।

### हाईकोर्ट ने वित्तीय अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपी

**कोलकाता।** हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी से सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। यह निर्णय चिकित्सा प्रतिष्ठान के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की याचिका के बाद आया, जिन्होंने कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान कथित वित्तीय कदाचार की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज ने सीबीआई को तीन सप्ताह के भीतर जांच संबंधी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मामले में अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी और तभी अदालत रिपोर्ट की समीक्षा करेगी।

## वक्फ बोर्ड को 40 पूर्व कर्मियों की पेंशन रोकने पर नोटिस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने याचिका पर जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन मंजूर नहीं करने के आरोप में केन्द्रशासित प्रदेश के बोर्ड आयुक्त सचिव राजस्व, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट में दाखिल याचिका में आरोप है कि भाजपा नेता दरक्षण अंद्राबी को जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से सेवानिवृत्त हुए 40 कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल रही है। न्यायमूर्ति संजय धर ने प्रतिवादियों को एक सप्ताह में आवश्यक कदम उठाने की शर्त पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने कहा, मामले में अगली सुनवाई अदालत ने सात अक्टूबर को मुकर्रर की है।

# दिल्ली पुलिस बोली- मालीवाल पर हमले के पीछे बड़ी साजिश

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखकर आरोपी बिभव की जमानत का किया विरोध

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दिल्ली पुलिस ने 13 मई को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर किए क्रूर हमले के पीछे बड़ी साजिश का दावा करते हुए आरोपी बिभव कुमार की जमानत का विरोध किया है। दिल्ली हाईकोर्ट के 12 जुलाई को जमानत याचिका रद करने के आदेश को चुनौती देने वाली बिभव की याचिका पर जवाब दाखिल करते हुए पुलिस ने शीर्ष अदालत के समक्ष विरोध दर्ज कराया।

पुलिस ने कहा, हमले के बाद के दिनों में जिम्मेदार लोक सेवकों द्वारा लिए विरोधाभासी सार्वजनिक रुख की भी सही परिप्रेक्ष्य में जांच होनी चाहिए ताकि यह पता लग सके कि याचिकाकर्ता के हाथों पीड़ित पर किए क्रूर हमले के पीछे बड़ी साजिश थी या नहीं। अपराध के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और याचिकाकर्ता काफी समय तक साथ थे। हलफनामे में पुलिस ने कहा कि अपराध के बाद के दिनों में घटना के संबंध में पार्टी के दो जिम्मेदार व्यक्तियों ने भी पूरी तरह से अपना रुख बदल लिया था। यह बहुत गंभीर मामला है, क्योंकि पीड़िता दिल्ली की सत्ताधारी आप की सांसद है।

### यह घटना महिलाओं की सुरक्षा पर पैदा करती है संदेह

पुलिस ने कोर्ट के समक्ष कहा, पीड़िता दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रहीं। उन पर हमला समाज में महिलाओं की सुरक्षा पर संदेह पैदा करता है। इस घटना का जनता के मन पर गहरा असर पड़ा है और उक्त मामले में किसी भी निर्णय का जनता के मन पर व्यापक असर पड़ेगा। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने सीएम आवास पर मालीवाल पर हमला किया था।

# बेसमेंट के चार सहमालिकों को जमानत देने से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

### कोचिंग सेंटर मामला

● 27 जुलाई को बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की हुई थी मौत

दिल्ली की अदालत ने ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर के उस बेसमेंट के चार सह-मालिकों को जमानत देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, जिसमें 27 जुलाई को पानी भरने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गई थी। अदालत ने कहा कि घटना के लिए केवल वे जिम्मेदार नहीं हैं।

अदालत ने कहा कि शिकायत के बाद भी बेसमेंट के अवैध उपयोग के मामले को लंबित रखने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों की भूमिका उनकी मिलीभगत पर बहुत कुछ कहती है। ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राऊज आईएएस स्टडी सर्किल में हुई घटना की जांच कर रही सीबीआई दोषियों को न्याय के दायरे में लाएगी। प्रधान जिला एवं सत्र जज अंजू बजाज चांदना ने बेसमेंट के चार सह मालिकों परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह को जमानत देने से मनाकर दिया है।

# हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से दलों को रोका

मुंबई, एजेंसी

### बदलापुर यौन शोषण



● राजनीतिक दलों ने आज राज्य में बंद का किया है आह्वान

बम्बई हाईकोर्ट ने राजनीतिक दलों को महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोक दिया। विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने ठाणे जिले के बदलापुर के स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण के विरोध में 24 अगस्त को पूरे राज्य में बंद का आह्वान किया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार बंद को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

पीठ ने कहा कि बंद के आह्वान को चुनौती देने वाली अधिवक्ता सुभाष झा और गुणरत्न सदावर्ते के माध्यम से शुक्रवार को दायर दो याचिकाओं पर जल्द ही आदेश पारित करेगी। हम किसी भी राजनीतिक दल को बंद का आह्वान करने से रोक रहे हैं। राज्य सरकार सभी निवारक कदम उठाएगी। राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने अदालत को बताया कि बंद का आह्वान अवैध है। सराफ ने कहा, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाएगी कि जनता या सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान न पहुंचे।

### कोर्ट का आदेश विपक्ष के गाल पर तमाचाः शिंदे

**नासिक।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बदलापुर घटना के सिलसिले में महाराष्ट्र बंद बुलाने का आह्वान करने पर रोक लगाने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को विपक्ष के गाल पर तमाचा करार दिया और कहा कि सरकार इस निर्देश को लागू करेगी। शिंदे ने मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना को शुरू करने के मौके पर एक जनसभा में यह बात कही।

### मुंह पर काली पट्टी बांध करेंगे प्रदर्शनः पटोले

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बंद को लेकर कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने कहा कि राज्य के स्कूल में यौन शोषण की घटना को लेकर विपक्ष सरकार के खिलाफ मुंह पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि महा विकास आघाडी के नेता राज्य में विभिन्न स्थानों पर काले झंडे लहरा कर और मुंह पर काली पट्टी बांधकर भाजपा–शिवसेना–राकांपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने अवरोधक तोड़े, पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने हेमंत सोरेन सरकार के कथित अन्याय और चुनावी वादों को पूरा न करने के खिलाफ रांची में शुक्रवार को आयोजित रैली के दौरान अवरोधक तोड़ दिए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारें छोड़ीं। प्रदर्शनकारियों ने विरोध कार्यक्रम स्थल मोरहाबादी मैदान के पास स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास की ओर कूच करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया।

# स्कूल सुरक्षा, संरक्षा पर निर्देश लागू करें

नई दिल्ली, एजेंसी

● केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिए आदेश

विद्यालयों और शैक्षणिक स्थानों में बढ़ते आपराध पर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर निर्देश को लागू करने का आदेश दिया है। साथ ही सभी से राज्य में स्कूल सुरक्षा और संरक्षा-2021 पर निर्देश की अधिसूचना के बारे में जानकारी देने का भी अनुरोध किया गया है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार विद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शिक्षा मंत्रालय ने प्रक्रियाओं, जवाबदेही को मजबूत करने और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में स्कूल सुरक्षा और संरक्षा के बारे में निर्देश-2021 विकसित किया हैं, जो पॉक्सो निर्देशों के अनुरूप हैं।

इन निर्देशों में अन्य बातों के साथ सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा और संरक्षा के मामले में स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने का प्रावधान हैं। ये निर्देश निवारक शिक्षा, विभिन्न हितधारकों की जवाबदेही, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, संबंधित कानूनी प्रावधानों, सहायता और परामर्श तथा सुरक्षित माहौल के बारे में उपाय प्रदान करते हैं।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में असम में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** असम के नागांव जिले में तीन व्यक्तियों द्वारा 14 वर्षीय किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने की घटना के विरोध में राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना धींग इलाके में उस समय हुई, जब लड़की गुरुवार शाम को ट्यूशन से घर लौट रही थी।

उन्होंने बताया कि लोगों को नाबालिग सड़क किनारे बेहोशी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस बीच, लोग गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार सुबह सड़कों पर उतर आए। पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह के धींग वहां पहुंचे। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा, धींग में नाबालिग से हुई घटना ने हम सबकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

# मनरेगा को कमजोर कर रहे प्रधानमंत्री : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की वर्षगांठ पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी तमाम आलोचनाओं के बावजूद इस योजना पर भरोसे के साथ इसे कमजोर कर रहे हैं। यह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार का ऐसा कदम था, जिसने लोगों को सशक्त बनाया।

राहुल गांधी ने फेसबुक पर किए पोस्ट में कहा, 2005 में आज के ही दिन जब संप्रग सरकार ने मनरेगा लागू किया, तो हमने देश के विकास के लिए समान और समावेशी दृष्टिकोण की कल्पना की। हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट, सरल और एकल था कि हमें गरीबों का उत्थान करना है। उनका कहना है कि मनरेगा लोगों को सम्मानजनक बुनियादी न्यूनतम आय की गारंटी देकर सशक्त बनाने का कदम था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मनरेगा के लिए बजटीय आवंटन को 10 साल के निचले स्तर पर ला दिया गया है। आधार कार्ड और प्रौद्योगिकी की आड़ में सात करोड़ श्रमिकों के जॉब कार्ड हटा दिए गए हैं, राज्यों को भुगतान में देरी की गई है, और मजदूरी बेहद निचले स्तर पर रखी गई है।



● मनरेगा की वर्षगांठ पर बोले नेता प्रतिपक्ष- प्रधानमंत्री आलोचनाओं के बावजूद इस योजना पर कर रहे भरोसा

# जय नहीं तो कौन होगा बीसीसीआई का मार्गदर्शक

नई दिल्ली, एजेंसी

आंकड़े जय शाह को अगले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद चेयरमैन के रूप में चुनने के पक्ष में होंगे लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह विश्व संचालन संस्था में शामिल होने का फैसला करेंगे या नहीं और इसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव के रूप में उनकी जगह कौन लेगा।

माना जा रहा है कि शाह को आईसीसी बोर्ड के 16 में से 15 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है लेकिन वह इस पद पर आना चाहते हैं या नहीं, इसे तय करने के लिए उनके पास 96 घंटे से भी कम समय है। वहीं उनके पास बीसीसीआई सचिव के रूप में लगातार दूसरे कार्यकाल में अभी एक साल बाकी है। नया आईसीसी चेयरमैन एक दिसंबर को कार्यभार संभालेगा और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त है। सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में वापसी के लिए अनिवार्य तीन साल का कूलिंग ऑफ पीरियड शाह के लिए अक्टूबर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा

- **अगर शाह आईसीसी चेयरमैन बने तो बीसीसीआई सचिव पद के लिए कोई स्पष्ट दावेदार नहीं**



होने के बाद शुरू होगा] लेकिन इस बात पर बड़ा सवालिया निशान है कि बीसीसीआई में शाह की जगह कौन लेगा क्योंकि उन्होंने और उनके करीबी लोगों ने अभी तक तत्काल योजनाओं का खुलासा नहीं किया है।

## संभावित उम्मीदवारों पर एक नजर

**राजीव शुक्ला :** ऐसी संभावना है कि बीसीसीआई पदों में फेरबदल करे और मौजूदा उपाध्यक्ष और राज्यसभा में कांग्रेस के सांसद शुक्ला को एक साल के लिए यह काम करने के लिए कहे। शुक्ला को निश्चित रूप से सचिव बनने में कोई आपत्ति नहीं होगी।

**आशीष शेलार :** महाराष्ट्र भाजपा के दिग्गज शेलार बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष हैं और मुंबई क्रिकेट संघ प्रशासन में बड़ा नाम हैं। शेलार हालांकि एक कुशल राजनीतिज्ञ हैं और बीसीसीआई सचिव पद के लिए उन्हें अपना समय देना होगा। पर वह भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं।

**अरुण धूमल:** इंडियन प्रीमियर लीग चेयरमैन के पास बोर्ड चलाने के लिए अनुभव है। वह कोषाध्यक्ष रह चुके हैं और लुभावनी क्रिकेट लीग के प्रमुख हैं।

**संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया :** वह हालांकि लोकप्रिय नाम नहीं हैं, लेकिन मौजूदा बीसीसीआई प्रशासन में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं जिन्हें भी पदोन्नत किया जा सकता है। युवा प्रशासकों में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष रोहन जेटली या बंगाल क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष अविषेक डालमिया के नाम पर चर्चा हो सकती है। अन्य युवा राज्य इकाई के अधिकारियों में पंजाब के दिलशेर खन्ना, गोवा के विपुल फड़के और छत्तीसगढ़ के प्रभतेज भाटिया शामिल हैं।

## मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां होने वाली मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर शुरू करेंगे जिसमें 6,000 महिलाओं सहित करीब 20,000 प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

तेंदुलकर यहां बांद्रा कुर्ला परिसर में सुबह पांच बजे मैराथन की मुख्य रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी 10के रेस में सबसे ज्यादा 8,000 से अधिक पंजीकरण हुए हैं जबकि 21के (21 किमी) हाफ मैराथन में 4,000 धावक उतरेंगे जिसमें महाराष्ट्र के अलावा अन्य एलीट एथलीट शिरकत करेंगे। वहीं 5के रेस में 5,000 धावक और 3के रेस में 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी होंगे।

## 89.49 के रिकॉर्ड थ्रो के साथ नीरज फाइनल में

लुसाने, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना सर्वश्रेष्ठ 89.49 थ्रो कर दूसरे के साथ फाइनल के लिये क्वालिफाई कर लिया है।

स्विट्जरलैंड में लुसाने में शुक्रवार को डायमंड लीग 2024 की स्पर्धा में नीरज ने अपने अंतिम प्रयास में इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ 89.49 मीटर का थ्रो किया। नीरज ने डायमंड लीग मीटिंग सीरीज टेबल में शीर्ष छह में स्थान बनाते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। नीरज ने इस थ्रो के साथ स्वयं के पेरिस ओलिंपिक में फेंके 89.45 मीटर के थ्रो के रिकार्ड को तोड़ा। भारतीय एथलीट का पहला थ्रो 82.10 मीटर, दूसरा 83.21 मीटर, तीसरा 83.31 मीटर, चौथा 82.34 मीटर, पांचवे थ्रो में 85.58 मीटर भाला फेंका। इसके बाद अपने आखिरी थ्रो में नीरज शानदार प्रदर्शन करते हुए 89.49 मीटर पहुंचे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.61 मीटर थ्रो कर पहले स्थान पर रहे। डायमंड लीग का फाइनल मुकाबला अगले महीने होगा।




## खेल डायरी

### अदिति-दीक्षा की एआईजी में निराशाजनक शुरुआत

**सेंट एंड्रयूज (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक ने एआईजी महिला ओपन के पहले दौर के आखिरी होल में बर्डी लगाकर कट में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा। तेज हवा से प्रभावित पहले दिन के खेल के बाद अदिति चार-ओवर 76 का कार्ड खेलकर संयुक्त 79वें जबकि दीक्षा पांच ओवर 77 का कार्ड खेलकर संयुक्त 100वें स्थान पर है। दोनों खिलाड़ियों को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। कट के तीन ओवर या चार ओवर रहने की संभावना है। अदिति ने पहले, दूसरे और 12वें होल में बोगी जबकि 13वें होल में डबल बोगी की। उन्होंने नौवें होल में बर्डी लगाकर चार ओवर का कार्ड बनाया। दीक्षा ने 10वें, 11वें, 13वें, 16वें और 17वें होल पर बोगी की।

### शुभंकर की डेनमार्क में अच्छी शुरूआत

**आरहस (डेनमार्क)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा पहले दो दौर में दो अंडर 69 के समान स्कोर से शुक्रवार को यहां दानिश गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त पांचवें स्थान पर बने हुए हैं, हालांकि अभी उनके स्थान में बदलाव हो सकता है क्योंक दूसरा दौर अभी जारी है। पेरिस ओलंपिक के बाद संक्षिप्त ब्रेक लेने वाले शुभंकर पहले दौर के समाप्त होने के बाद संयुक्त 14वें स्थान पर बने हुए थे। अन्य भारतीय गोल्फरों में ओम प्रकाश पांच ओवर 76 के कार्ड से संयुक्त 145वें स्थान पर हैं।

### डुओंग-डीहार्ट पिकलबॉल चैंपियनशिप फाइनल में

**मुंबई।** अमेरिका के क्वांग डुओंग ने भारत के अरमान भाटिया को 2-0 से हराकर दूसरी मॉनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना हमवतन रायलर डीहार्ट से होगा। डीहार्ट ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के जे डिविलियर्स को 2-0 से हराया। महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में ब्रिटेन की थाडिया लॉक और चीनी ताइपे की पेई चुआन काओ के बीच मुकाबला होगा। थैडिया ने सेमीफाइनल में करीबी मुकाबले में एमिलिया श्मिट को 2-1 से जबकि पेई चुआन काओ ने निकोला को 2-0 से हराया।

### गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप में ड्रॉ खेला

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश यहां सिंकफील्ड कप के चौथे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा के खिलाफ अच्छी स्थिति पर पहुंचने के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर सके और उन्हें अंक बांटकर संतोष करना पड़ा। चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ नवंबर में विश्व चैम्पियनशिप मैच खेलने के लिए तैयार गुकेश ने फिरौजा को कड़ी चुनौती दी। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भी होलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ बाजी ड्रा कराई। अमेरिका के वेस्ले सो ने एकमात्र निर्णायक बाजी जीती। उन्होंने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हराकर पूरे अंक जुटाये। इस तरह वेस्ले सो के फिरौजा की तरह 2.5 अंक हो गए हैं और दोनों चार दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हैं। उनके बाद अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, नेपोमनियाच्ची, प्रज्ञानानंदा और गुकेश शामिल हैं। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव और गिरी 1.5 लेकर संयुक्त नौवें स्थान पर हैं।

### ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 24 से लखनऊ में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के 400 खिलाड़ी लखनऊ में 24 व 25 अगस्त को होने वाली डब्लूएमएसकेएफ ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2024 में पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, इंडिया के तत्वावधान में वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के द्वारा दो दिवसीय चैंपियनशिप के मुकाबले चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में खेले जाएंगे। चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर आज खिलाड़ियों का वजन भी किया गया। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में 78 स्वर्ण, 78 रजत व 156 कांस्य पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी। चैंपियनशिप में बालक व बालिकाओ में कुमिते के 62 भार वर्ग व काता की 16 श्रेणियों सहित कुल 78 वर्गो के मुकाबले होंगे। इस चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश, पंजाब, झारखंड, गोवा, उत्तराखंड और राजस्थान की टीम भाग लेगी।

# वार्न के निधन से लगा परिवार का सदस्य खो दिया : कुलदीप

## भारतीय कलाई के स्पिनर पहुंचे मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड, साझा किए अनुभव

मेलबर्न, एजेंसी

भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने खुलासा किया है कि दो साल पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वार्न के निधन से उन्हें लगा कि जैसे उन्होंने अपने परिवार का कोई सदस्य खो दिया क्योंकि उनका हमेशा मानना था कि उनके बीच एक मजबूत रिश्ता था।

ऑस्ट्रेलिया की संक्षिप्त पारिवारिक यात्रा पर आए कुलदीप ने अपने आदर्श क्रिकेटर के घरेलू मैदान प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का दौरा किया, जहां उन्होंने स्टेडियम के बाहर वार्न की प्रतिमा के साथ फोटो खिंचवाई। कुलदीप ने कहा शेन वार्न मेरे आदर्श थे और मेरा उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता था। जब भी मैं वार्न के बारे में सोचता हूं तो मैं भावुक हो जाता हूं। ऐसा लगता है जैसे मैंने अपने परिवार से किसी को खो दिया है। उन्होंने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज लेग स्पिनर के साथ अपने संबंधों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। वार्न का 2022 में थाईलैंड में छुट्टियां बिताने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। टी-20



- **बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा**

विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे कुलदीप की यह यात्रा 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से कुछ महीने पहले हो रही है। मैं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का इंतजार कर रहा हूं और हम इस साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता की उम्मीद कर रहे हैं।

कुलदीप ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) मुख्यालय का भी दौरा किया और सीईओ निक हॉकले से ऑनलाइन बातचीत की। उन्होंने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों का भी हमेशा टीम का समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया। कुलदीप ने कहा, दुनिया भर के भारतीय क्रिकेट प्रशंसक हमेशा टीम का समर्थन करते हैं और मुझे विश्वास है कि वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी विशेष कर बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए बड़ी संख्या में यहां आएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा।

### गेंदबाजी से विशेष योगदान देने को तैयार हूं : कैमरन ग्रीन

**सिडनी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया के ऑल राउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ 22 नवंबर से उनके घरेलू मैदान पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की शृंखला में बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। भारत ने पिछली चार शृंखलाएं जीती हैं। यह दोनों देश पिछले तीन दशक में पहली बार पांच टेस्ट मैच की शृंखला खेलेंगे। ग्रीन ने क्रिकेट .कॉम .एयू से कहा निश्चित रूप से इस समय मैं जितना संभव हो उतना अधिक योगदान देकर खुश हूं।

# टेस्ट को बचाने के लिए अलग से कोष तैयार करेगा आईसीसी

सिडनी, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है जिससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और उन्हें केवल आकर्षक टी-20 फ्रेंचाइजी लीग पर ध्यान केंद्रित करने से रोका जा सकेगा।

सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस तरह का प्रस्ताव रखा है जिसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का समर्थन हासिल है। शाह अभी आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। इस कोष से टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी और यह विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत को कवर करेगा। इससे वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को मदद मिलेगी जिसके खिलाड़ी के टेस्ट क्रिकेट के बजाय वैश्विक टी-20 प्रतियोगिताओं में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है इस कोष के

International Cricket Council

- **150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष बनेगा**

बनने के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम भुगतान सुनिश्चित होगा जो लगभग 10000 डॉलर होगा। इसके अलावा यह उन देश के विदेशी दौरों की लागत का भी भुगतान करेगा जो टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कोष गठित करने की अवधारणा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने जनवरी में रखी थी और उन्हें खुशी है कि इस पर प्रगति हो रही है। हमें हर बाधा को दूर करने और टेस्ट क्रिकेट को सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उस इतिहास और उस विरासत को बनाए रखने की जरूरत है, जो सीमित ओवरों की क्रिकेट के नए स्वरूपों के साथ आगे बढ़ रही है। इस कोष से तीन सबसे धनी क्रिकेट बोर्ड भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को किसी तरह का लाभ होने की संभावना नहीं है क्योंकि वे पहले से ही अपने खिलाड़ियों को पर्याप्त वेतन प्रदान करते हैं।

## पीसीबी को प्रसारण अधिकार के लिए नहीं मिली अच्छी रकम

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अगस्त 2024 से दिसंबर 2026 की अवधि के बीच अंतर्राष्ट्रीय घरेलू मैचों के प्रसारण अधिकार बेचने के लिए रखे गए अपने आरक्षित मूल्य से लगभग आधी रकम ही मिली है। पाकिस्तान क्षेत्र के प्रसारण अधिकार 1.72 अरब पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) में बेचे गए हैं जो बोर्ड द्वारा अधिकार बेचने के लिए रखे गए शुरुआती आरक्षित मूल्य 3.2 अरब पीकेआर से लगभग 1.48 अरब पीकेआर कम है।

पीसीबी अधिकारियों ने हालांकि बिना कोई आंकड़ा साझा किए दावा किया है कि यह प्रसारण अधिकार पिछले चक्र (2021 से 2024) की तुलना में दोगुनी से अधिक कीमत पर बेचे गए हैं। उपलब्ध विवरण के अनुसार पीसीबी ने हाल ही में अपने पाकिस्तान क्षेत्र के प्रसारण अधिकार 28 महीने की अवधि के लिए एआरवाई और टॉवर स्पोर्ट्स के गठजोड़ को बेचा और दावा किया कि पिछले अनुबंध की तुलना में इसे अधिक राशि में बेचा गया है।

## छह दिनों का होगा श्रीलंका न्यूजीलैंड का शुरूआती टेस्ट

**दुबई।** अगले महीने गॉल में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका का शुरुआती टेस्ट मैच छह दिन का होगा, जिसमें इस द्वीपीय देश में राष्ट्रपति चुनाव के कारण एक दिन विश्राम का प्रावधान है।

आईसीसी ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि 18 सितंबर को शुरू होने वाले टेस्ट में डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव के कारण 21 सितंबर को विश्राम का दिन होगा। दो दशकों से अधिक समय में यह पहली बार होगा कि श्रीलंका छह दिनों के टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। दो मैचों की यह श्रृंखला मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है जिसका दूसरा टेस्ट 26-30 सितंबर तक उसी स्थान पर खेला जाएगा। पिछली शताब्दी में टेस्ट क्रिकेट के बीच में एक दिन का विश्राम आम बात थी लेकिन अब यह प्रचलन लगभग खत्म हो गया है।

## शतक से चूके शादमन, बांग्लादेश ने बनाए 316 रन

रावलपिंडी (पाकिस्तान), एजेंसी

सलामी बल्लेबाज शादमन इस्लाम (93 रन) के वापसी में शतक से चूकने के बावजूद बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक पहली पारी में पांच विकेट पर 316 रन बना लिए। बांग्लादेश अब भी पाकिस्तान से 132 रन से पिछड़ रहा है।

घरेलू टीम ने मोहम्मद रिजवान और सउद शकील के शतकों की बदौलत पहली पारी छह विकेट पर 448 रन बनाकर घोषित की थी। स्टंप तक मुश्फिकुर रहीम 55 रन और लिटन दास 52 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। इन दोनों ने मिलकर 98 रन की साझेदारी निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने शाहीन शाह अफरीदी (55 रन देकर कोई विकेट नहीं) और नसीम शाह (77 रन देकर एक विकेट) के खिलाफ डटकर बल्लेबाजी की। दास ने 52 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। मुश्फिकुर ने 10 महीनों बाद अपने पहले टेस्ट में शानदार अर्धशतक जड़ा। मोमिनुल हक ने 50 और शादमन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 94 रन की भागीदारी निभाई।



- **पहले टेस्ट के तीसरे दिन शादमन इस्लाम ने खेली शानदार पारी**
- **मुश्फिकुर और लिटन दास ने जड़े अर्धशतक, 132 रन अभी पीछे है बांग्लादेश**

<< पारी के दौरान शॉट खेलते लिटन दास। ● एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

### बार्डर 2 में सनी देओल के साथ नजर आएंगे वरूण धवन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन आने वाली फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल के साथ काम करते नजर आयेंगे। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। करीब 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनने जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल की मुख्य भूमिका होगी। बॉर्डर 2 में वरुण धवन की भी एंट्री हो गयी है। वरुण धवन ने एक अनाउंसमेंट वीडियो के साथ बॉर्डर 2 में अपनी एंट्री कन्फर्म कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है और फिल्म से जुड़ने की खुशी जाहिर की है। वरुण धवन ने बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मैं चौथी क्लास में था, जब मैं चंदन सिनेमा गया और बॉर्डर देखी और इसने मुझ पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला। मुझे अभी भी याद है कि हॉल में हम सभी ने राष्ट्रीय गौरव की भावना महसूस की थी। मैंने अपने सशस्त्र बलों को आदर्श मानना शुरू कर दिया और आज भी मैं उन्हें सलाम करता हूं कि कैसे वे हमारी रक्षा करते हैं और हमें हमारी सीमाओं पर या प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सुरक्षित रखते हैं। जे पी दत्ता सर की वॉर फिल्म आज भी मेरी सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है। जे पी सर और भूषण कुमार द्वारा निर्मित बॉर्डर 2 में एक भूमिका निभाना मेरे करियर का एक बहुत ही खास पल है। मुझे अपने हीरो सनी पाजी (सनी देओल) के साथ काम करने का मौका मिला, जिससे यह और भी खास हो गया। मैं एक बहादुर जवान की कहानी को स्क्रीन पर लाने के लिए उत्साहित हूं जो भारत की सबसे बड़ी वॉर फिल्म होने का वादा करती है।

### लुथरिया के साथ फिर काम करेंगे अक्षय



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार, मिलन लुथरिया निर्देशित एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद अपनी पत्नी ममता आनंद के साथ अपनी प्रोडक्शन कंपनी मार्फ्लिक्स के तहत एक्शन फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशक मिलन लुथरिया और लेखक रजत अरोड़ा को एक्शन फिल्म पर आधारित स्क्रिप्ट लिखने को कहा है। कहा जा रहा कि जब फिल्म स्क्रिप्ट लॉक की गई तो अक्षय कुमार, सिद्धार्थ आनंद, मिलन लुथरिया और रजत अरोड़ा की सर्वसम्मत पसंद थे और अक्षय को भी लगा कि इस समय उनके लिए यह सही फिल्म है। इस फिल्म में अक्षय कुमार को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया जाएगा। अक्षय कुमार ने इससे पूर्व मिलन लुथरिया के साथ वर्ष 2013 में प्रदर्शित गैंगस्टर फिल्म, वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा में काम किया है।

## जाबेउर चोट के कारण अमेरिकी ओपन से हटीं

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी ओपन में 2022 की उपविजेता ओन्स जाबेउर कंधे की चोट के कारण इस साल के टूर्नामेंट से हट गईं। सोमवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में जाबेउर को 17वीं वरीयता मिलनी थी।

अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने कहा कि जाबेउर के हट जाने के बाद वरीयता प्राप्त करने के लिए पात्र अगली सर्वोच्च खिलाड़ी एलिस मर्टेंस को 33वीं वरीयता दी जाएगी। जाबेउर हाल में चोटों से जूझती रही है। उन्होंने मॉन्ट्रियल में अपने एकमात्र मैच में नाओमी ओसाका से हारने के बाद वाशिंगटन में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। जाबेउर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उनका कंधा अभी ठीक नहीं हुआ है और इस कारण वह अमेरिकी ओपन में नहीं खेल पाएंगी। ट्यूनीशिया कि यह खिलाड़ी 2022 और 2023 में विंबलडन के फाइनल में भी पहुंची थीं।



<< कंधे की चोट से जूझ रही हैं ओन्स जाबेउर। ● एजेंसी

### माइया टेनिस इन द लैंड के सेमीफाइनल में

**क्लीवलैंड (अमेरिका)।** ब्राजील की शीर्ष वरीयता प्राप्त बीट्रिज हद्दाद माइया ने गुरुवार को फ्रांस की क्लारा बुरेल को 6-2, 6-2 से हराकर टेनिस इन द लैंड टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में विश्व में 23वें नंबर की खिलाड़ी हद्दाद मैया का सामना चेक गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त कतेरीना सिनियाकोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की छठी वरीयता प्राप्त पेटन स्टर्न्स को 1-6, 6-3, 6-4 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका की मेकार्टनी केसलर रूस की पांचवीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से भिड़ेंगी। केसलर ने नीदरलैंड की अरांटेक्सा रस को 6-4, 6-2 से और पोटापोवा ने रोमानिया की एना बोगदान को 6-2, 6-1 से हराया।

### मॉन्टेरी के सेमीफाइनल में एम्मा

**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पोलैंड की नौवीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच को 6-7(3), 6-0, 6-2 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नवारो इस डब्ल्यूटीए 500 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से भिड़ेंगी। नोस्कोवा ने यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-4, 6-4 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में रूस की तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा का सामना न्यूजीलैंड की लुलु सुन से होगा। अलेक्जेंड्रोवा ने चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त यू युआन को 7-5, 7-6(3) से और सुन ने रूस की एरिका एंड्रीवा को 6-4, 6-3 से हराया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### शेख हसीना का राजनयिक पासपोर्ट रद किया

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ-साथ पूर्व मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों का राजनयिक पासपोर्ट रद कर दिया है। अंतरिम सरकार ने यह कदम विद्यार्थियों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा इस्तीफा देने और भारत चले जाने के लगभग दो सप्ताह बाद उठाया है।

### अमेरिका ने नए कोविड-19 टीकों को मंजूरी दी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने वर्तमान में प्रसारित वेरिएंट के खिलाफ बेहतर सुरक्षा के लिए नए एमआरएनए कोविड-19 टीकों के आपातकालीन उपयोग को मंजूरी दे दी है। एफडीए ने गुरुवार को कहा कि नए टीके ओमिक्रॉन वेरिएंट केपी.2 स्ट्रेन को निशाना बनाएंगे।

### पाकिस्तानी सीमा में पहुंचा सेना का यूएवी

**नई दिल्ली।** सेना का एक मानवरहित यान (यू ए वी) शुक्रवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण से बाहर होकर पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गया। पता चलने पर सेना ने पाकिस्तानी सेना को हॉटलाइन से संदेश भेजकर यूएवी लौटाने को कहा। यूएवी प्रशिक्षण उड़ान पर था और सुबह 9:25 बजे तकनीकी खराबी के कारण नियंत्रण से बाहर होकर भारत के भीम्बर गली सेक्टर के सामने पाकिस्तान के निकियाल सेक्टर में चला गया।

### नेपाल ने टिकटॉक से प्रतिबंध हटाया

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने लोकप्रिय सोशल मीडिया मंच टिकटॉक पर गुरुवार को प्रतिबंध कुछ शर्तों के साथ हटा लिया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ शर्तों के साथ टिकटॉक से प्रतिबंध हटाने का फैसला हुआ।

### उत्तरी सर्बिया में आग लगने से छह लोगों की मौत

**बेलग्राद।** उत्तरी सर्बिया के एक शहर में शुक्रवार को सुबह आग लगने से चार बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्री इविका डेसिक ने बताया कि आग लगने की यह घटना राजधानी बेलग्राद से करीब 90 किलोमीटर (54 मील) उत्तर में नोवी साद में तड़के करीब तीन बजे की है।

### क्रिकेटर शाकिब के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के स्टार क्रिकेटर शाकिब अल हसन को हाल में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शन और हिंसा के दौरान कथित हत्या के मामले में एक आरोपी के तौर पर दर्ज किया गया है। इस हिंसा के दौरान सैकड़ो लोग मारे गये थे।

### आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट शुरू

**रेक्जाविक।** आइसलैंड में ग्रिंडाविक शहर के पास ज्वालामुखी विस्फोट शुरू हो गया है और आस-पास के इलाके को खाली करने की घोषणा की गई है। आरयूवी ब्रॉडकास्टर ने शुक्रवार को ग्रिंडाविक फायर चीफ ईनार स्वेन जोंसन का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

# ब्रिटेन में भारतीयों छात्रों संगठनों का विरोध मार्च

- कोलकाता में हुए बलात्कार और हत्या मामले में किया प्रदर्शन

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों, धर्मार्थ संस्थाओं और प्रवासी संगठनों ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कार्यरत एक महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया और न्याय की मांग की। महिला संगठनों ने लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर और ब्रिटेन के कई अन्य शहरों में गुरुवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट शांति मार्च आयोजित किया तो वहीं 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया -यूनाइटेड किंगडम' (एसएफआई-यूके) ने बुधवार को लिवरपूल शहर में एक मार्च निकालकर इस घटना पर विरोध जताया।

लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर एकत्र हुए सैकड़ों लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर चिकित्सक के लिए न्याय की मांग की। लोग हाथों में तख्तियां लिये हुए थे और उन्होंने महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण का आह्वान किया। 'मेडिकोज वूमेन चैरिटी' की डॉ. दीप्ति जैन ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम जागरूक हों और अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठें तथा सभी लोग इस मुद्दे को लेकर एकजुट हों।

ब्रिटेन स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की चिकित्सक ने कहा कि ये शांतिपूर्ण प्रदर्शन हमारी इकाइयों द्वारा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के कई शहरों में एक ही समय में आयोजित किए जा रहे हैं।

**राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस : पिछले साल 23 अगस्त को भारत ने पाई थी उपलब्धि**

# मिशन चंद्रयान-3 : चांद पर मिले जीवन योग्य जरूरी तत्व



देश गुरुवार को पहला अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। पिछले साल 23 अगस्त के दिन ही भारत ने इतिहास रचा था। भारत, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना था। इसरो ने सुरक्षित रूप से चंद्रयान-3 को चंद्रमा की सतह पर उतारा था। भारत की इस उपलब्धि की दुनियाभर में चर्चा रही। आइए जानते हैं चंद्रयान मिशन-3 से जुड़ी कुछ अहम बातें...

### इन उद्देश्यों को लेकर गया था चंद्रयान

मिशन के उद्देश्यों में चंद्र सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग करना, रोवर को चंद्रमा पर भ्रमण कराना और चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और चांद की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग शामिल था। मिशन ने सतह पर कई परीक्षण किए जो हमारी वैज्ञानिक क्षमता के विकास में सहायक होंगे तथा भविष्य में होने वाले चंद्र मिशनों को भी काफी मदद मिलेगी।

### मिशन से क्या-क्या हासिल कर पाए हम

- प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह का स्थलीय रासायनिक विश्लेषण किया, जिससे चंद्रमा की उत्पत्ति एवं विकास की बेहतर समझ हासिल हुई है।
- शोध से पता चला कि चंद्रमा मैग्मा के विशाल महासागर से विकसित हुआ जो बाद में ठंडा हो गया था।
- 23 स्थानों पर रासायनिक तत्व मिले, सतह पर एल्युमिनियम, सल्फर, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम और टाइटेनियम पाया गया।
- मैगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन की मौजूदगी का भी पता चला। सतह पर ऑक्सीजन, जल वाष्प और कॉर्बन डाइऑक्साइड मिली जो इसे जीवन के योग्य बनाती हैं।

### इसरो ने सार्वजनिक किया वैज्ञानिक डेटा

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की पहली वर्षगांठ पर शुक्रवार को मिशन से संबंधित वैज्ञानिक डेटा विश्लेषण के वास्ते सार्वजनिक कर दिया। एजेंसी ने विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर पर लगे पांच पेलोड से हासिल 55 गीगाबाइट से अधिक डेटा सार्वजनिक किया है। इसरो प्रमुख एसएस सोमनाथ ने कहा कि मिशन का डेटा सभी शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

### राष्ट्रपति ने अंतरिक्ष में बढ़ते मलबे पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उपग्रहों के स्थापित होने से अंतरिक्ष में बढ़ते मलबे पर चिंता व्यक्त की और 2030 तक अंतरिक्ष अभियानों को मलबा मुक्त बनाने के इसरो के लक्ष्य की सराहना की। मुर्मू चंद्रयान-3 के चांद पर उतरने की पहली वर्षगांठ पर समारोह को संबोधित कर रही थीं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। भारत पिछले वर्ष 23 अगस्त को चांद पर उतरने वाला चौथा देश और इसके दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने वाला पहला देश बना था। इस उपलब्धि की याद में प्रधानमंत्री ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

# भारत-अमेरिका मिलकर ला सकते हैं वैश्विक शांति-समृद्धि

## भारतीय समुदाय से बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, अमेरिका हमारा स्वाभाविक सहयोगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका संयुक्त रूप से दुर्जेय शक्ति हैं और ये दोनों मिलकर वैश्विक शांति और समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। अमेरिका की यात्रा पर गए सिंह ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मोदी सरकार मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाना चाहती है।

रक्षा मंत्री ने भारत और अमेरिका को स्वाभाविक सहयोगी बताते हुए कहा कि इनके बीच मजबूत भागीदारी नियति है और इस दिशा में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में वैश्विक मंच पर भारत का कद बढ़ा है। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता था। लेकिन आज पूरी दुनिया ध्यान से सुन रही है। सिंह ने कहा कि 2014 से पहले, भारत 'कमजोर पांच' देशों में से एक था, जैसा कि निवेश फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है लेकिन आज यह दुनिया की 'शानदार पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कंपनी की हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रति सरकार की नीतियों ने यह सुनिश्चित किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में ज्यादा प्रभावित नहीं हुई।




भारत-अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने समझौते पर किए हस्ताक्षर।

### हमारे बीच सैन्य संबंध मजबूत : अमेरिका

**शिकागो।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन की बैठक की पूर्व संध्या पर कहा कि अमेरिका और भारत के सैन्य संबंध बहुत मजबूत हैं। राजनाथ सिंह भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं।

### भारत-अमेरिका के बीच हुए दो अहम समझौते

**वाशिंगटन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौते सुरक्षा व्यवस्था आपूर्ति (एसओएसए) और संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में समझौता ज्ञापन से संबंधित हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में इसकी कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा के दौरान वाशिंगटन में दो महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए।

# समाज निर्माण के लिए महात्मा गांधी के संदेश आज भी प्रासंगिक : मोदी

- प्रधानमंत्री ने कीव में बापू की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

**कीव, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में महात्मा गांधी के शांति के शाश्वत संदेश की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए युद्ध प्रभावित यूक्रेन में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मोदी रूसी क्षेत्र में यूक्रेन के ताजा सैन्य हमले के बीच राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ वार्ता करने के लिए पोलैंड से लगभग सात घंटे की यात्रा के बाद आज यहां पहुंचे। उन्होंने कीव के 'ओएसिस ऑफ पीस' पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि कीव में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बापू के आदर्श सार्वभौमिक हैं और लाखों लोगों को उम्मीद देते हैं। हम सभी मानवता के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चलें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री ने कीव में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण और वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने में महात्मा गांधी के शांति के शाश्वत संदेश की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। मोदी ने रूस के साथ युद्ध में मारे गए बच्चों की स्मृति में आयोजित प्रदर्शनी भी देखी। इस दौरान जेलेंस्की भी उनके साथ थे।



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री मोदी।

### सात घंटे के बाद यूक्रेन से रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी

**कीव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को यूक्रेन की सात घंटे की यात्रा के बाद यहां से रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ सार्थक वार्ता की और रूस के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने में योगदान देने का आश्वासन दिया।

### यूक्रेन को उपहार में दिए चार भीष्म क्यूब

**कीव/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की से मुलाकात की और सरकार को चार भीष्म क्यूब्स भेंट किए। जेलेंस्की ने क्यूब्स के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया, जिससे घायलों के उपचार में तेजी आएगी और बहुमूल्य जीवन बचाने में मदद मिलेगी। प्रत्येक भीष्म क्यूब में सभी प्रकार की चोटों और चिकित्सा स्थितियों के लिए प्राथमिक देखभाल से जुड़ी दवाइयां और उपकरण शामिल हैं।

## श्रीलंका में मिले मंकी पॉक्स के कई मामले

**कोलंबो।** श्रीलंका ने देश में मंकीपॉक्स के कई मामलों की पुष्टि की है जिससे सरकार के 35 देशों के व्यक्तियों को वीजा-मुक्त प्रवेश की अनुमति देने के हाल के निर्णय ने बड़ी चिंताएं पैदा कर दी हैं। अब तक दुनिया भर में रिपोर्ट किए गए अधिकांश मामले ऐसे लोगों से संबंधित हैं जो बहुत अधिक मामलों वाले देशों में गए हैं। रिपोर्टों के अनुसार वीजा-मुक्त सुविधा प्रदान करने वाले देशों में से एक थाईलैंड ने पिछले सप्ताह अफ्रीका से यात्रा करने वाले एक यूरोपीय व्यक्ति में मंकीपॉक्स के मामले की पहचान की है और इस स्ट्रेन की पुष्टि के लिए परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है।

# अदालतों का विश्वासघात-धोखाधड़ी में अंतर न समझना दुखद : सुप्रीम कोर्ट

- शीर्ष कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि यह 'बहुत दुखद' है कि अदालतें आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी में महीन अंतर को समझने में सक्षम नहीं हैं जबकि यह दंड कानून 162 सालों से अधिक समय से प्रभावी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि दुर्भाग्य से पुलिस के लिए यह एक आम चलन है कि किसी तरह की बेईमानी या धोखाधड़ी के केवल आरोप पर दोनों अपराधों के लिए बिना किसी उचित समझ-बूझ के नियमित और यंत्रवत प्राथमिकी दर्ज की जाती है।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि अब समय आ गया है कि देशभर के पुलिस अधिकारियों को कानून का उचित प्रशिक्षण दिया जाए ताकि धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के अपराधों के बीच के बारीक अंतर को समझा जा सके। पीठ ने कहा कि दोनों अपराध स्वतंत्र और अलग हैं। दोनों एक तरह के तथ्यों की स्थिति में साथ-साथ नहीं हो सकते। वे एक-दूसरे के विपरीत हैं।

शीर्ष अदालत की टिप्पणी एक फैसले में आईं जिसमें इस साल अप्रैल में पारित इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद कर दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने दिल्ली रेस क्लब (1940) लिमिटेड और अन्य के खिलाफ एक शिकायत के मामले में उत्तर प्रदेश की एक निचली अदालत द्वारा दिए गए समन के आदेश को रद करने से इनकार कर दिया था।

## सरकार गठन को प्रमुख नेताओं से बात करेंगे मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों नई सरकार के गठन के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। पिछले महीने संपन्न हुए संसदीय चुनावों में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि फ्रांस के मुख्य राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ शुक्रवार और सोमवार को एलिसी राष्ट्रपति भवन में बैठकें होंगी ताकि 'व्यापक और सबसे स्थिर बहुमत' की सरकार बनाने की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। प्रधानमंत्री की नियुक्ति इन विचार-विमर्शों और उनके निष्कर्षों के बाद की जाएगी।

# ब्रिटेन में भारतीय महिलाओं को उच्चायुक्त बनने का मौका

**कोच्चि, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की पृष्ठभूमि में ब्रिटिश उच्चायोग ने 18 से 23 वर्ष की आयु वाली भारतीय महिलाओं को एक दिन के लिए ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिकों में से एक बनने का मौका प्रदान किया है। ब्रिटिश उच्चायोग ने शुक्रवार को कहा कि हाई कमिश्नर फॉर ए डे (एक दिन के लिए उच्चायुक्त) प्रतियोगिता भारत की प्रतिभाशाली युवा महिलाओं को वैश्विक मंच पर अपनी ताकत और नेतृत्व क्षमता दिखाने का एक जरिया है। इसमें भाग लेने के लिए आवेदकों को एक मिनट का वीडियो प्रस्तुत करना होगा, जिसमें इस प्रश्न का उत्तर दिया गया होः ब्रिटेन और भारत भविष्य की पीढ़ियों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रौद्योगिकी पर किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं। प्रतिभागियों को अपना वीडियो ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम या लिंक्डइन पर यूके इन इंडिया टैग करते हुए और हैशटैग डे ऑफ द गर्ल का उपयोग करते हुए साझा करना होगा। प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि चार सितंबर 2024 है।आवेदकों को अपनी प्रविष्टि को अंतिम रूप देने के लिए एक ऑनलाइन फॉर्म भी भरना होगा।

# कमला हैरिस ने की ट्रंप को वोट न देने की अपील

**शिकागो, एजेंसी**

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी औपचारिक रूप से स्वीकार करते हुए सभी अमेरिकियों की राष्ट्रपति बनने का संकल्प लिया और दावा किया कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की शीर्ष पद पर वापसी के अत्यंत गंभीर परिणाम हो सकते हैं। चुनाव में हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर है। भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस ने शिकागो में गुरुवार रात डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान उम्मीदवारी स्वीकार की और इसी के साथ वह राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने वाली डेमोक्रेटिक पार्टी की दूसरी महिला नेता बन गईं।



- कहा-ट्रंप दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति बने तो गंभीर परिणाम

### हिंदू फॉर कमला हैरिस समूह बनाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन करने के लिए देश के कुछ हिंदुओं ने मिलकर 'हिंदू फॉर कमला हैरिस समूह बनाया है।

हैरिस (59) अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए किसी प्रमुख दल की उम्मीदवार बनने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी और पहली अश्वेत महिला हैं।

## अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी पर नासा आज लेगा फैसला

**केप केनवरल।** अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) इस सप्ताहांत में यह फैसला करेगी कि बोइंग का नया कैप्सूल अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सुनीता विलियम्स समेत उन दो अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए सुरक्षित है या नहीं, जो जून से पृथ्वी पर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। नासा प्रशासक बिल नेल्सन और अन्य शीर्ष अधिकारी शनिवार को बैठक करेंगे जिसके बाद इस संबंध में घोषणा होने की संभावना है। अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पांच जून को बोइंग के स्टारलाइनर से अंतरिक्ष में उड़ान भरी थी। इस परीक्षण उड़ान के दौरान 'थ्रस्टर' में खराबी आ गई और 'हीलियम' रिसाव के कारण नासा ने कैप्सूल को स्टेशन पर ही खड़ा रखा और इंजीनियर इस बात पर विचार कर रहे हैं कि आगे क्या किया जाना चाहिए।

**व्यवस्था** जमीन के लिए भी करनी पड़ती है चिरौरी, हर काम पर अनुमति, मेघालय में गांव वालों की मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिलता

# मेघालय में सरकार से ज्यादा शक्तिशाली हैं दरबार

- राज्य के बाहर का कोई नहीं खरीद सकता है भूमि

**शैलेश अवस्थी, शिलांग (मेघालय)**

**अमृत विचार :** मेघालय में गांव के दरबार बेहद शक्तिशाली हैं। हर गांव में एक संगठन होता है, जिसमें एक मुखिया, एक सचिव और 9 सदस्य होते हैं। इसे दरबार कहते हैं, जो पूरे गांव का कामकाज देखने के साथ सरकार से भी समन्वय रखता है।

दरबार का विधिवत चुनाव होता है, इसके लिए मतदान होता है। चुनाव प्रक्रिया भी गांव में ही गांव वालों के जरिए होती है। जमीन की खरीद -फरोख्त, सरकारी योजनाओं के लिए जमीन का इंतजाम, गांव के विवाद निपटान, विकास, अनापत्ति प्रमाणपत्र आदि का अधिकार इन दरबारों के पास ही होता है। दरबारों के पास अपना लैंडबैंक भी होता है। सरकार को जरूरत होती है तो ये दरबार ही उन्हें जमीन उपलब्ध करवाते हैं। इसके लिए वे सरकार के सामने शर्तें रखते हैं। इन शर्तो पर जब सरकार राजी होती है, तभी उसे जमीन देते हैं।

उद्योग-व्यापार के लिए जमीन भी बिना दरबार की ओर से जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र के नहीं खरीदी जा सकती। सरकार को यदि गांव में कोई विकास करवाना हो या प्रोजेक्ट स्थापित करना हो, दरबार की अनुमति जरूरी है। सफाई, सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी दरबार सरकार के जरिए करवाता है। वैसे ज्यादातर दरबार किसी न किसी राजनीतिक दल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े होते हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान इस दरबारों की खूब आवभगत होती है। मुखिया वोट प्रभावित करने की क्षमता रखता है। ज्यादातर जिलों में ये दरबार ही नगरपालिका की हैसियत रखते हैं।



### ब्रिटिशकाल से ही चल रहा दरबार

मेघालय आदिवासी बहुल राज्य है, अंग्रेजों के जमाने में ही ये दरबार गठित थे। उन्हीं परंपराओं और संस्कृति के मुताबिक यह आज भी चल रहे हैं। इनके अपने नियम हैं। इसमें केंद्र या राज्य सरकार का दखल नहीं होता। हां, कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। शादी का कानून भी यहां दरबार का ही चलाता है। अपने नियम-कानून में दरबार किसी का दखल बर्दाश्त नहीं करता।

### बाहरियों को मुश्किल से मिलता है काम

मेघालय में सरकारी और गैर सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों का वर्चस्व है। कुछ दिन से बाहरी भगाओ आंदोलन चल रहा है। कई बाहरी पीट दिए गए। बिहार, बंगाल, असम और आसपास के लोग यहां रह जरूर रहे हैं लेकिन वे तीन-चार पीढ़ी पहले आए थे। अब यहां की संस्कृति में घुलमिल गए हैं। 90 फीसदी आबादी ईसाई है। इसमें खासी, गारो और जयंतीया ट्राइबल्स का ही बोलबाला है।

### राजा का अपना अलग ही होता है महत्त्व

कई गावों के बीच राजा भी हैं। ये आज भी उसी ठाठबाट से रहते हैं, जिसे चाहा उसे जमीन-जायदाद दे दी। इनका लोग बेहद सम्मान करते हैं, राजनेता भी इनसे संपर्क रखते हैं। दरबार और राजाओं ने बड़े पैमाने पर जनहित के लिए सरकार को जमीन दान भी दी है। बड़े रईस भी जनहित में हर तरह से सरकार की मदद करते हैं।